www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 19 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -164 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



संवाद संस्कृति का जीवंत प्रतीक संदन : ओम बिरला 02

■ डीयू की नीतियों का करें पालन
■ नए कमिश्नर संजय अरोडा चाहते हैं छोटा व आईपीएस... 03

■ नवाज के कार्यक्रम की मेजबानी करने में पीएमएल-एन...
■ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री यूएनजीए से करेंगे इतर बैठक 07

दिल्ली के सुल्तान के लिए मैंने 200 से ज्यादा... 10

# महिला आरक्षण बिल को मंत्रिमंडल की मंजूरी

## 20 सितम्बर को संसद में पेश किया जा सकता है महिला आरक्षण विधेयक

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। संसद के विशेष सत्र के बीच सोमवार को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। सूत्रों का दावा है कि मोदी कैबिनेट की बैठक में महिला आरक्षण

- **सोमवार को संसद भवन एनेक्सी में मोदी मंत्रिमंडल की हुई बैठक**
- **महिलाओं के लिए 33 फीसदी महिला आरक्षण को मंजूरी दी गई**

बिल को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही जानकारी सामने आई है कि महिला आरक्षण विधेयक 20 सितंबर यानी आगामी बुधवार को संसद में पेश किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट ने महिलाओं के लिए 33 फीसदी महिला आरक्षण को मंजूरी दी है।



बीजेपी 20 सितंबर या फिर उसके एक दिन बाद महिलाओं की एक बड़ी सभा दिल्ली या राजस्थान के किसी शहर में कर सकती है। सभा को खुद पीएम मोदी संबोधित कर सकते हैं। इस पूरे कार्यक्रम को फिलहाल गुप्त रखा गया है.

### मौजूदा लोकसभा में 78 महिला सांसद

मौजूदा लोकसभा में 78 महिला सांसद हैं, जो कुल संख्या 543 का 15 प्रतिशत से भी कम हैं। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा और पुडुचेरी सहित कई राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से कम है।

## संसद का विशेष सत्र

# प्रधानमंत्री मोदी ने की नेहरू की तारीफ

- **कांग्रेसियों के तालियां नहीं बजाने पर किया कटाक्ष**
- **यहां 370 को हटते भी देखा, कैश फॉर वोट हुआ**

**जवाहर लाल नेहरू से लेकर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक बड़ी श्रृंखला रही है जिन्होंने देश का नेतृत्व किया है। आज का दिन इन सबके गुणगान करने का अवसर है: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने 50 मिनट का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद करते हुए कहा- ये वो सदन है जहां पंडित नेहरू का स्ट्रोक ऑफ मिडनाइट की गूंज हम सबको प्रेरित करती है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का आंदोलन भी इसी सदन ने देखा था। उन्होंने कहा, 'सदन ने कैश फॉर वोट और 370 को भी हटते देखा है। वन नेशन वन टैक्स, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, गरीबों के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी इसी सदन ने दिया। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। स्पेशल सत्र में पांच बैठकें होंगी।

# कांग्रेस ने भी की थी महिला आरक्षण की मांग



**■ अधीर रंजन चौधरी के भाषण पर सोनिया बोलीं 'वेरी गुड'**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष की तरफ से बोलते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को मॉडर्न इंडिया का आर्किटेक्ट बताते हुए कहा कि उन्होंने एक कठिन समय में देश की बागडोर संभाली थी। चौधरी ने 14-15 अगस्त, 1947 को आधी रात में संविधान सभा में जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' को याद करते हुए कहा कि जवाहर लाल नेहरू के साथ ही उस समय संविधान सभा के हर सदस्य ने यह शपथ ली थी कि सब मिलकर देश को आगे बढ़ाएंगे। नेहरू की दूरदर्शिता और विक्रम साराभाई की अगुवाई में इसरो बना, 1975 में देश ने आर्यभट्ट सैटेलाइट लॉन्च किया। लेकिन, आज इंडिया और भारत की बात करने वाले बताएं कि चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद अब इसरो को क्या कहेंगे, उसमें भी इंडिया लगा है। अधीर रंजन चौधरी के भाषण के दौरान सोनिया गांधी लगातार उन्हें गाइड करती रहीं और महत्वपूर्ण पॉइंट्स बताती रहीं। भाषण के दौरान ही सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी को महिला आरक्षण पर बोलने की याद दिलाई, जिसके बाद चौधरी ने मोदी सरकार से महिला आरक्षण बिल पारित करने की भी मांग की। बाद में सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी के भाषण की तारीफ करते हुए उन्हें 'वेरी गुड' भी कहा।

# विपक्ष को डराने की हो रही कोशिश : खड़गे



**राज्यसभा में खड़गे ने सरकार पर साधा निशाना**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को विशेष सत्र के पहले दिन अपने भाषण की शुरुआत एक कविता से की और सरकार को सलाह दी कि 'अगर वह कुछ नहीं कर सकती तो कुर्सी छोड़ दे।' साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र मजबूत विपक्ष को कमजोर करने के लिए ईडी के जरिए उसे डराने की कोशिश कर रही है। खड़गे ने कहा, 'अगर आप बदलना चाहते हैं तो अभी स्थिति बदलें। इस तरह नाम बदलने से क्या होता है? युवाओं को रोजगार देना है तो सबको बेरोजगार करने से क्या होगा? अपने दिल को थोड़ा बड़ा करने की कोशिश करें, जब आप लोगों को मारते हैं तो क्या होता है? अगर आप कुछ नहीं कर सकते तो अपनी कुर्सी छोड़ दीजिए। यदि आप एक-दूसरे को डराते हैं तो क्या होगा? तुम्हें अपने शासन पर घमंड है, लोगों को धमकाने से क्या होता है।

## सार संक्षेप

### बिरला ने दी गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई




**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा गणेश चतुर्थी का पावन पर्व पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान गणेश वीरता, शक्ति, नेतृत्व, ज्ञान और बुद्धिमत्ता के प्रतीक हैं। वह मानव चेतना के भी प्रतीक हैं। गणेशजी की दिव्य उपस्थिति सफलता, समृद्धि और प्रतिकूल परिस्थितियों से सुरक्षा प्रदान करती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत की याचिका की खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को चुनौती देने वाली झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने श्री सोरेन के वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि वो राहत के लिए पहले उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करें।

### 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण 21 को



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण कार्यक्रम 21 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले देश के सभी प्रमुख साधु-संतों का परंपरागत स्वागत-सत्कार किया जाएगा। वहीं, मानसून को देखते हुए आयोजन स्थल और यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन सतर्क रहेगा।

### तमिलनाडु के लिए पानी छोड़े कर्नाटक : सीडब्ल्यूएमए



**नई दिल्ली।** कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने सोमवार को कर्नाटक की उस दलील को खारिज कर दिया कि वह तमिलनाडु को कावेरी का पानी देने में असमर्थ है। सीडब्ल्यूएमए ने कर्नाटक सरकार को अगले 15 दिनों तक तमिलनाडु को प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के उसके आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है।

### चेतक हेलीकॉप्टर को एहतियातन हरियाणा में उतारा

**चंडीगढ़।** भारतीय सेना के चेतक हेलीकॉप्टर को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को हरियाणा के यमुनानगर के पास एहतियातन लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद हेलीकॉप्टर की फिटनेस की जांच की गई और उसके बाद उसे सुरक्षित रूप से बेस पर ले जाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की अयोग्यता मामले में की सुनवाई

# शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला टालना गलत

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिवसेना शिंदे गुट के 16 विधायकों की अयोग्यता पर सुनवाई की। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप इस मामले पर फैसला लंबे समय तक टाल नहीं सकते। आपको इसकी समय सीमा तय करनी होगी। इसके बाद मामले की सुनवाई दो हफ्ते के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, कोर्ट ने शिवसेना के नाम और सिंबल से जुड़े मामले की सुनवाई 3 हफ्ते के लिए स्थगित कर दी है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने दोनों मामले पर सुनवाई की।

सीजेआई ने कहा कि स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का पालन करना होगा और उनके फैसले को चार महीने बीत चुके हैं। अदालत ने पूछा कि उसके 11 मई के फैसले के बाद क्या कार्रवाई की गई, जिसमें उसे



**महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश, समय सीमा तय करें**

'उचित समय' के भीतर याचिकाओं पर फैसला देने के लिए कहा गया था। अदालत ने टिप्पणी की कि अध्यक्ष अपने पैर खींचना जारी नहीं रख सकते और निर्देश दिया कि वह संबंधित मामले की सुनवाई एक सप्ताह से पहले नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई को नोटिस जारी किया था और नार्वेकर और शिंदे से दो सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब मांगा था। शिवसेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि स्पीकर 'एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में अवैध रूप से जारी रखने की अनुमति देने के लिए अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी कर रहे हैं, जिनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं।'

### ठाकरे गुट ने शीर्ष अदालत का रुख किया था

शिंदे और उनके खेमे के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अध्यक्ष द्वारा की गई देरी के खिलाफ ठाकरे गुट ने 4 जुलाई को शीर्ष अदालत का रुख किया था। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र स्पीकर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपी शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ 'उचित समय में अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करना चाहिए।' शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने जून 2022 में पार्टी से बगावत की थी।

# कश्मीर में गले की फांस बनी कोकरनाग की जंग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछले छह दिनों से जो हजारों सैनिक अनंतनाग के

- **छठे दिन मिला जला हुआ शव, डीएनए परीक्षण बाकी**

कोकरनाग के पहाड़ों में आतंकियों से जूझ रहे हैं वह जंग अब गले की फांस बन गई है। डेढ़ सौ घंटों के बाद भी सेना और अन्य सुरक्षाबल इस स्थिति में नहीं हैं कि वे आतंकियों के मारे जाने की उन खबरों की पुष्टि कर सकें जिनके प्रति कुछ अति उत्साही पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर बाढ़ ला दी है। हालांकि कल देर रात सुरक्षाबलों ने उस इलाके से एक बुरी तरह से जला हुआ शव बरामद किया है, जिसके प्रति कोई भी दावा करने से पहले उसका डीएनए परीक्षण किया जा रहा है।



### अत्याधुनिक ड्रोन का हो रहा इस्तेमाल

वैसे एक खबर यह भी आ रही है कि आतंकी उस ठिकाने पर हैं ही नहीं हैं जहां सेना व अन्य सुरक्षाबल छह दिनों से हजारों गोलियां, सैंकड़ों, ग्रेनेड और मोर्टार के गोले दाग चुके हैं। इसमें हेरोन मार्क 2 अत्याधुनिक ड्रोन द्वारा गिराए जाने वाले बम भी शामिल हैं। अपुष्ट खबरें कहती हैं कि आतंकी फरार होने में कामयाब हुए हैं। जबकि कुछ अधिकारी ड्रोन द्वारा ली गई फोटो के आधार पर कहते थे कि तीन आतंकियों के शव उस गुफा के बाहर दिख रहे हैं जहां तक 6 दिनों के बाद भी सुरक्षाबल पहुंचने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। वैसे कश्मीर में यह कोई पहली ऐसी मुठभेड़ नहीं है जो इतनी लंबी चली हो या फिर ऐसी कोई पहली मुठभेड़ भी नहीं है जिसमें कोई कामयाबी हाथ न लगी हो। कश्मीर में फैले आतंकवाद के इतिहास में ऐसी दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि यह पहला ऐसा हमला था जिसमें एक साथ तीन वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे।

### आतंकी उजैर का हो सकता है शव

माना जा रहा है कि ये शव आतंकी उजैर खान का हो सकता है। ऐसे में अब आतंकी उजैर खान के परिवार के सदस्यों का डीएनए सैंपल इसकी पड़ताल की जाएगी। यह बात अलग है कि सुरक्षाबल जले हुए शव के कपड़ों से यह दावा करने की कोशिश कर रहे हैं कि यह आतंकी या उस मुखबिर का शव हो सकता है जिसने सुरक्षाबलों के साथ डबल क्रास किया था। याद रहे कोकरनाग में हुई मुठभेड़ में 13 सितंबर को तीन सुरक्षा अधिकारी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा टीआरएफ ने ली थी। बताया जा रहा है कि इस हमले में 10 लाख के इनामी आतंकी उजैर का हाथ है।

## अडानी-हिंडनबर्ग जांच का मामला

# नई समिति बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**पिछली समिति के सदस्यों के हितों के टकराव का दिया हवाला**

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है। अनामिका जायसवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित पिछली विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के हितों के स्पष्ट टकराव के मद्देनजर नई समिति गठित करने का निर्देश शीर्ष अदालत को देना चाहिए। याचिका में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व अध्यक्ष ओपी भट्ट, आईसीआईसीआई के पूर्व अध्यक्ष एमवी कामथ और वकील सोमशेखर सुंदरेसन और अडानी समूह के बीच हितों के टकराव को दर्शाने वाले कथित उदाहरणों का हवाला दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता वाली समिति में सभी सदस्यों को शीर्ष अदालत द्वारा नामित किया गया था। शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता विशाल तिवारी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद 02 मार्च 2023 को हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिसे यह भी जांच करने को कहा गया था कि क्या यह कोई नियामक विफलता थी।

# पूर्वी भारत में फिर से बारिश के असार

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है और बुधवार से पूर्वी भारत में बारिश/आंधी तूफान का ताजा दौर शुरू हो सकता है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिम भारत में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम, व्यापक रूप से व्यापक वर्षा का पूर्वानुमान

- **आंधी तूफान का ताजा दौर भी हो सकता है शुरू**

है। इसके अलावा मंगलवार को गुजरात और दक्षिण राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम एजेंसी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में हल्की से मध्यम, छिटपुट से लेकर बहुत भारी और कहीं-कहीं गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा, जम्मू संभाग और हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, पूर्वी भारत में हल्की से मध्यम बारिश, बाद में भारी बारिश, तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। बुधवार और शुक्रवार को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के साथ-साथ झारखंड में भी भारी बारिश होने की संभावना है।

# भाजपा से गठबंधन पर चुनाव बाद होगा फैसला : डी जयकुमार



- **भाजपा व एआईएडीएमके के रिश्तों में पैदा हुआ तनाव**
- **भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को उनके बयानों पर लिया आड़े हाथों**

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है। एआईएडीएमके नेता डी जयकुमार ने कहा कि भाजपा से हमारा कोई गठबंधन नहीं है। इस पर फैसला चुनाव के बाद लिया जाएगा। जयकुमार ने तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को उनके बयानों पर आड़े हाथों लिया। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके के पूर्व मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुरई और जयललिता पर निशाना साधा था।

जयकुमार ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता इस बात को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि कोई हमारे पूर्व मुख्यमंत्रियों के बारे में कुछ भी गलत कहे। अन्नामलाई और भाजपा कार्यकर्ता, एआईएडीएमके से गठबंधन नहीं चाहते। हम भी आपको साथ लेकर क्यों चलें? आपको (भाजपा को) लोग हमारे कारण जानते हैं। भाजपा को लेकर लिए गए फैसले पर पत्रकारों ने जयकुमार से पूछा कि क्या ये आपका व्यक्तिगत निर्णय है, उन्होंने कहा- मैं जो भी बात कहता हूं, उसका फैसला पार्टी ही करती है।

## सफलता — इसरो ने सौर वेधशाला के बारे में दी जानकारी

# आदित्य-एल1 ने वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना किया शुरू

**चेन्नई, 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने सूर्य का निरीक्षण करने के लिए वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) उपकरण के सेंसर, जो कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसईएक्स) पेलोड का एक हिस्सा है, ने वैज्ञानिक डेटा का संग्रह शुरू कर दिया है।**

अहमदाबाद में अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के सहयोग से भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) द्वारा विकसित, एसटीईपीएस उपकरण ने पृथ्वी से 50 हजार किमी से अधिक दूरी पर सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों और इलेक्ट्रॉनों को मापना शुरू कर दिया है। यह डेटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है। एसटीईपीएस में छह सेंसर हैं जो अलग-अलग दिशाओं में निरीक्षण करता है और एक मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट अधिक इलेक्ट्रॉनों के अलावा



- **पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मिलेगी मदद**

20 किलो इलेक्ट्रॉन वोल्ट/न्यूक्लियॉन से 5 मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट/न्यूक्लियॉन तक के सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों को मापता है। ये माप निम्न और उच्च-ऊर्जा कण स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके किए जाते हैं। पृथ्वी की कक्षाओं के दौरान एकत्र किए गए डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद मिलती है, खासकर पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में।

### प्रत्येक इकाई मापदंडों के भीतर काम कर रही

एसटीईपीएस को 10 सितंबर को पृथ्वी से 50 हजार किमी से अधिक दूरी पर सक्रिय किया गया था। यह दूरी पृथ्वी की त्रिज्या के आठ गुना से भी अधिक के बराबर है, जो इसे पृथ्वी के विकिरण बेल्ट क्षेत्र से काफी आगे रखती है। एसटीईपीएस की प्रत्येक इकाई सामान्य मापदंडों के भीतर काम कर रही है। इसरो ने कहा कि एक आंकड़ा पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के भीतर ऊर्जावान कण वातावरण में भिन्नता को दर्शाता माप प्रदर्शित करता है, जिसे एक इकाई द्वारा एकत्र किया गया है। ये चरण माप आदित्य-एल1 मिशन के क्रूज चरण के दौरान जारी रहेंगे जब यह सूर्य और पृथ्वी के बीच स्थित एल1 बिंदु की ओर आगे बढ़ेगा।

# देश

**उवाच**

"कैबिनेट फेरबदल की चर्चा अब व्यर्थ है। मुझे नहीं लगता कि एलडीएफ अपनी अगली बैठक में भी इस मामले पर विचार करेगा। एलडीएफ दो महीने बाद कैबिनेट फेरबदल पर चर्चा कर सकता है। कैबिनेट फेरबदल पर मीडिया ने मनगढ़ंत खबरें बनाईं।

**-एंटनी राजू,केरल के मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# संविधान के दायरे में लगा था आपातकाल : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस सदस्य प्रमोदी तिवारी ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यालय में संविधान के दायरे में आपातकाल लगाया गया था। तिवारी ने संसद के विशेष सत्र में चर्चा के दौरान कहा कि आपातकाल संविधान के दायरे में लगाया गया था लेकिन अभी जो अधोषित आपातकाल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अभी गोवा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में सरकारों को गिरा दिया जा रहा है जो अधोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि जब तक बांग्लादेश रहेगा तब तक इंदिरा गांधी का नाम रहेगा। उनका नाम कोई मिटा नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया डिजिटल इंडिया कहा जा रहा है लेकिन इस डिजिटल इंडिया का जनक राजीव गांधी थे। वहीं कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि संसद का सत्र 120 से 130 दिन तक चलाने के लिए नए संसद भवन में कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि दलबदल कानून पर भी दोबारा से संज्ञान लेना चाहिए। हाल के दिनों में जिस प्रकार की घटनाएं सामने आई है उसमें दलबदल कानून पर विचार करने करने की आवश्यकता है। तिवारी ने कहा कि आजादी के बाद संविधान बनने के बाद सभी को समानता का अधिकार दिया गया। भारत के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 17 का निर्माण कर देश से छुआछूत को खत्म करने का काम किया। इसी प्रकार अनुच्छेद 18 में राजा महाराजा की परंपरा को खत्म किया। बेगार प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म कर सभी को समानता का अधिकार दिया गया।

- **संसद के विशेष सत्र में विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला**
- **जब तक बांग्लादेश रहेगा तब तक इंदिरा गांधी का नाम रहेगा**



**अभी गोवा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में सरकारों को गिरा दिया जा रहा है जो अधोषित आपातकाल है : प्रमोदी तिवारी**

## देश में धर्म व पंथ के नाम पर बढ़ रहा विभाजन : जॉन ब्रिटास



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने संसद की 75 साल की यात्रा की चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि देश में धर्म और पंथ के नाम पर विभाजन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साम्यवादी शासन ने देश की प्रगति में योगदान दिया है और केरल में नाममात्र की गरीबी है। उन्होंने कांग्रेस शासन की प्रशंसा की करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों को कम कर रही है। जनता दल युनाईटेड के रामनाथ ठाकुर ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। असम गण परिषद के वीरेंद्र प्रसाद वैश्य ने कहा कि सभी राजनीतिक दल और सदस्यों को राष्ट्र हित का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने नए भारत की ओर बढ़ने के लिए एकता को महत्वपूर्ण बताया। केसीएम के जोस के मणि ने कहा कि नए संसद भवन के साथ ही भारतीय लोकतंत्र भी नयी दिशा में बढ़ रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल ने नए संसद भवन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि देश को अपनी लोकतांत्रिक यात्रा पर गर्व है। पूरा विश्व भारतीय लोकतंत्र का उल्लेख करता है। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन युवा भारत की आकांक्षायें पूरा करने में सफल होगा। नेशनल कांफ्रेंस के हसनैन मसूदी ने कहा कि इसी सभा में जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा सर्वसम्मति से दिया गया थे, लेकिन पांच अगस्त 2019 को राज्य को दो हिस्सों में बांट दिया गया जो संविधान की भावना के विरुद्ध है।

### दलित आज भी अपने अधिकारों से वंचित

बहुजन समाज पार्टी के गिरीश चंद्र ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल हो गए, लेकिन दलित आज भी अपने अधिकारों से वंचित है। राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत पूरे देश में दलितों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि नए संसद भवन में सरकार सोच में बदलाव का संकल्प लेगी ताकि दलितों का शोषण खत्म किया जा सके। समाजवादी पार्टी के एस टी हसन ने कहा कि पहली बार आज प्रधानमंत्री से सकारात्मक बातें सुनने को मिली है जो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि वह पहली बार जब सदन में आये तो उन्हें यहां बापू का गुलदस्ता दिखे। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए जहां एक थाली में लोगों ने खाना खाया आज उसे खत्म किया जा रहा है। यह देश प्यार, मोहब्बत और भाईचारे से आगे बढ़ेगा। हमें प्यार भाईचारे सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम की राह पह चलने की जरूरत है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने कहा कि भारत की पहचान विविधता में एकता है।उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर राकेश सिंह के कटाक्ष का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री, पहली महिला राष्ट्रपति, पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष दी थी। उन्होंने लोकसभा के सत्रों एवं कार्यदिवसों की संख्या बढ़ाने की भी पैरवी की। उन्होंने नई संसद में मीडिया को प्रतिबंधित करने का भी मुद्दा उठाया और कहा कि प्राइवेट मेंबर बिल को भी सशक्त बनाया जाना चाहिए।

## समाज में खत्म हो रहा सौहार्द : मनोज कुमार

राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार ने कहा कि समाज में सौहार्द खत्म हो रहा है और आक्रामकता बढ़ रही है जबकि इससे कुछ हासिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि समाज में घृणा, पीड़ा और विभाजन तेजी से बढ़ रहा है जिसके खतरनाक परिणाम हो सकता है। उन्होंने संविधान सभा की कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीतिक आजादी का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक आजादी में परिलक्षित होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो राजनीतिक आजादी विफल होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में जातिगत गणना का विरोध इसी विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि रोजगार का अधिकार दिया जाना चाहिए। बेरोजगारी सारी राजनीतिक व्यवस्था ध्वस्त कर देगी। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में संगोल के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान सभा के सदस्यों के चित्र लगाएं जाने चाहिए। इस चर्चा में टीएमसी एम के जी के वासन और भारत राष्ट्र समिति के के.केशव राव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## संसद से

### लोकतंत्र में व्यवधान की रणनीति को समर्थन नहीं मिलता : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में स्वस्थ बहस को फलते-फूलते लोकतंत्र की पहचान करार देते हुए कहा कि सदस्यों को टकराव से बचना चाहिए क्योंकि व्यवधान की रणनीति को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का लोग कभी समर्थन नहीं करेंगे। धनखड़ ने सोमवार को यहां संसद के विशेष सत्र के पहले दिन संविधान सभा से लेकर 75 वर्षों की संसदीय यात्रा-उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख विषय पर चर्चा से पहले अपनी आरंभिक टिप्पणी में कहा कि यह सदस्यों को चिंतन और आत्मनिरीक्षण करने का उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बहस एक फलते-फूलते लोकतंत्र की पहचान है। हमें टकराव से बचना चाहिए।

### मोदी ने नेहरू के बारे कुछ अच्छे शब्द बोले, सुनकर अच्छा लगा : दानिश

बहुजन समाज पार्टी के सांसद कुंवर दानिश अली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सोमवार को पहली बार प्रधानमंत्री ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे कुछ अच्छे शब्द बोले जो सुनकर अच्छा लगा। अमरोहा से लोकसभा सांसद अली ने संसद भवन परिसर में कहा कि आज अच्छा लगा नौ साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंडित नेहरू के बारे में कुछ अच्छे शब्द बोले जो देश पिछले नौ साल से सुनना चाहता था। देश के लोकतंत्र की बुनियाद देश के पहले प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रखा गया इसीलिए हमारा लोकतंत्र सफल हुआ। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन में आखिरी संबोधन में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मिडनाइट स्पीच को याद किया और कहा कि इसी सदन में उनके भाषण की गूंज हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।

### लोकतंत्र की विरासत को संजोकर अमृतकाल में विकसित राष्ट्र बनाएं सदस्य : गोयल

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि देश में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी तथा पुरानी हैं और हमें इस विरासत को संजोते हुए मतभेदों को भुलाकर अमृतकाल में भारत को भ्रष्टाचार मुक्त विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। गोयल ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के पहले दिन संसद की 75 वर्ष की यात्रा पर सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि 1952 में अस्तित्व में आये इस सदन ने 71 वर्ष के अपने सफर के दौरान अच्छे और बुरे पड़ाव से होकर अपनी गरिमा को बनाए रखा है और देश के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उच्च सदन ने अपने क्रियाकलापों के बल पर अपनी प्रासंगिकता सिद्ध की है और सदस्यों के माध्यम से अपने दायित्व को निभाया है।

### कावेरी जल बंटबारे पर बने समिति : देवेगौड़ा

पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा ने सोमवार को राज्यसभा में कावेरी नदी के जल को तमिलनाडु को दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसके कारण कर्नाटक के लोग परेशान है और इस विवाद के समाधान के लिए दोनों सदनों से ऐसे सदस्यों की समिति बनाई जानी चाहिए जो इन दोनों राज्यों से नहीं हैं। देवेगौड़ा ने संसद के विशेष सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग बहुत परेशान है। कावेरी नदी के जल पर कर्नाटक के लोगों को अधिकार है और वह इस मुद्दे को लेकर 60 वर्षों से लड़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों से पांच पांच सदस्यों को लेकर एक समिति बनाई जानी चाहिए जो मौके पर जाकर वस्तु स्थिति का अवलोकन करे और अपनी रिपोर्ट दे और उस पर अमल किया जाये। इस समिति में कर्नाटक और तमिलनाडु के सदस्य नहीं होने चाहिए।

### नए संसद भवन में व्यवधान हो कम : साहनी

आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि देश अभी अमृतकाल के दौर से गुजर रहा है लेकिन यह भी जरूरी है कि इस दौरान लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और मौलिक अधिकारों का अमृत भी मिले। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सदस्य नए संसद भवन में स्वस्थ चर्चा करेंगे और व्यवधान कम होगा जिससे कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा सके। देश के विभाजन के समय को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय शरणार्थी के तौर पर देश में आये लोगों ने मेहनत के बल पर उसे आगे बढ़ाने में योगदान दिया। यह उनकी देशभक्ति की मिसाल है।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्षेत्रीय दलों का है अपना महत्व : द्रमुक

द्रमुक के तिरूचि शिवा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्षेत्रीय दलों का अपना महत्व है और इनका मजबूत बने रहना सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व के लिए जरूरी है। द्रमुक नेता तिरूचि शिवा ने कहा कि पिछले कुछ समय से सरकार का अध्यादेश लाने पर जोर रहा है जो सही नहीं है। वहीं वाई एस आर कांग्रेस के एस निरंजन रेड्डी ने कहा कि हमारा संविधान समय समय पर विभिन्न चुनौतियों की कसौटी पर खरा उतरा है।

# संवाद संस्कृति का जीवंत प्रतीक संदन : ओम बिरला

**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि संदन संवाद संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों के बीच सहमति-असहमति के बीच पिछले 75 वर्षों में देशहित में सामूहिकता से निर्णय लिए गए तथा संसदीय विचार-विमर्श की पद्धति से देश की जनता के जीवन में सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए कानून बनाए गए। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा और संकट के समय में भी सदन ने एकजुटता और प्रतिबद्धता से उनका सामना किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य नए संसद भवन में नई आशाओं, नई उम्मीदों के साथ प्रवेश करेंगे। संसद के विशेष सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सूचित किया कि मंगलवार को सदन की कार्यवाही नए भवन में संचालित होगी। बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि नए भवन में भारत का लोकतंत्र नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। सदन को सम्बोधित करते हुए बिरला ने कहा कि संसद भवन स्वतंत्रता प्राप्ति की ऐतिहासिक घड़ी से लेकर भारत के संविधान निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया और इसके साथ आधुनिक राष्ट्र की गौरवशाली लोकतान्त्रिक यात्रा का साक्षी रहा है।

संसद भवन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार से सदन की कार्यवाही नई संसद भवन में शुरू हो जाएगी। लेकिन पुराने संसद भवन में अभी भी सचिवालय का स्टाफ काम करता रहेगा। कुछ दिनों बाद संबंधित स्टाफ नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया जाएगा। बाकी अन्य विभाग पुरानी बिल्डिंग से ही चलेगे। पुराने संसद भवन को संरक्षित कर रखा जाएगा। क्योंकि यह देश की पुरातात्विक संपत्ति है। आने वाले दिनों में भवन की मरम्मत काम पूरा इसे संग्रहालय में तब्दील कर दिया जाएगा।

- **सांसदों के नए संसद भवन में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश करने की जताई उम्मीद**



**नए संसद भवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा देश का लोकतंत्र : ओम बिरला**

### पूर्व लोकसभा अध्यक्षों के उल्लेखनीय योगदान को किया याद

स्वतंत्र भारत की प्रथम लोकसभा के अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर को याद करते हुए ओम बिरला ने कहा कि देश की सर्वोच्च लोकतान्त्रिक संस्था के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने नियम समिति, विशेषाधिकार समिति, कार्य मंत्रणा समिति सहित कई अन्य संसदीय समितियों की स्थापना की और सदन के अंदर उच्चतम परंपराओं की नींव रखी। पूर्व लोकसभा अध्यक्षों के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए बिरला ने कहा कि उनके पूर्व के 16 अध्यक्षों ने संसद की श्रेष्ठ परम्पराएं स्थापित की।



## केसीआर ने की गणपति की पूजा-अर्चना

**हैदराबाद,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रगति भवन में सोमवार को विनायक चतुर्थी समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव शोभम्मा दंपत्ति ने भगवान गणपति की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर ने भगवान विघ्नेश्वर से राज्य के लोगों को सुख और शांति प्रदान करने, सभी लोगों की देखभाल करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रार्थना की कि राज्य की प्रगति में कोई बाधा न आए। मंत्री केटीआर-स्टाइलिमा दंपत्ति और बेटी अलेख्या ने गणपति पूजा कार्यक्रम में भाग लिया। विशेष पूजा कार्यक्रम में मंत्री श्रीनिवास गौड़, एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी, मधुसूदनचारी, विधायक बाल्का सुमन, जीवन रेड्डी, प्रगति भवन के कर्मचारी शामिल हुए।

## सार संक्षेप

### हमलोग हर समय चुनाव के लिए तैयार : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बिहार में जल्द चुनाव होने के वक्तव्य पर पलटवार करते हुए आज कहा कि वह हर समय चुनाव के लिए तैयार हैं। कुमार ने सोमवार को यहां मॉरीशस के राष्ट्रपिता स्व. सर शिवसागर रामगुलाम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह के वक्तव्य कि बिहार में चुनाव जल्द होगा से संबंधित सवाल के जवाब में कहा वे लोग तो पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं। जितना जल्दी चुनाव करा दें उतना अच्छा है, हमलोग तो इंतजार कर रहे हैं।

### राकांपा ने सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अनुबंध के आधार पर कई विभागों में पदों को भरने के लिए कथित रूप से महाराष्ट्र सरकार की ओर से जारी सरकारी आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष महबूब शेख ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकारी आदेश युवाओं के रोजगार के लिए खतरा है। उन्होंने राज्य सरकार पर युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

### ओडिशा के कटक में सड़क दुर्घटना, चार की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक जिले में सोमवार को सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना कटक के टिगिरिया पुलिस सीमा के अंतर्गत नुआसादक चक के पास हुई जब एक वाहन को एक ट्रक ने आमने-सामने टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय वाहन अथागढ़ जा रहा था। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही टिगिरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सौंदर्यराजन ने राजभवन में की गणेश पूजा

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल डॉ.तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को यहां राजभवन में विशेष गणेश पूजा की। राज्यपाल ने गणेश चतुर्थी समारोह के हिस्से के रूप में हैदराबाद में राजभवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल में स्थित खूबसूरती से सजाए गए पंडाल में पूजा-अर्चना की। डॉ. सौंदर्यराजन ने इस शुभ अवसर पर तेलंगाना के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## जम्मू-कश्मीर अन्य राज्यों से कर रहा बेहतर प्रगति : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि प्रदेश हर क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रगति कर रहा है। उपराज्यपाल ने श्रीनगर के रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा आयोजित 44वें पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) इंटर-यूनिट गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन पर कहा कि केंद्रशासित प्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में हर क्षेत्र में बेहतर तरक्की कर रहा है। सिन्हा ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में सभी गोल्फ खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर कई वर्षों की उथल-पुथल के बाद इससे बाहर निकल आया है और प्रदेश कई क्षेत्रों में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि टूर्नामेंट निश्चित रूप से बेहतर ढंग से चलेगा और खिलाड़ी खेल भावना से खेलेंगे। खिलाड़ियों को यहां के लोग और उनका आतिथ्य भी पसंद आएगा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आगे कहा कि यहां रहने के दौरान कश्मीर के बारे में जो भी भ्रांतियां फैलाई गई थीं, वह दूर हो जाएंगी। उपराज्यपाल ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप यहां जो समय बिताएंगे वह आपके लिए यादगार होगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल 1.28 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए थे और इस वर्ष अगस्त तक 1.52 करोड़ यहां पहुंचे हैं। उम्मीद की जा रही है कि साल के अंत तक यह आंकड़ा 2.25 करोड़ तक पहुंच जाएगा।



## मध्य प्रदेश में कांग्रेस की खेमेबाजी नहीं होने दे रही उसे एकमत

**भोपाल,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल के दिनों में कुछ सर्वे में जब से भाजपा सरकार के प्रति प्रदेश के लोगों ने अपना भरोसा एक बार और दिखाया है, उसके बाद से कांग्रेस नेताओं का विश्वास कमजोर हो गया है। तभी तो मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की खबरें आ रही है।

विधानसभा चुनाव में जाने से पहले ही मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी को हार का डर बुरी तरह से सता रहा है। तभी प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की ओर से कहा गया कि कमलनाथ इस बार चुनाव नहीं भी लड़ सकते हैं। हांलाकि, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कोशिश के तहत उनकी ओर से यह भी कहा गया कि जब कांग्रेस को सत्ता में आने लायक सीट मिल जाएगी तो मुख्यमंत्री कमलनाथ ही होंगे। भोपाल में यह बात जब से कही गई, उसके बाद कई प्रकार के कयासों का दौर जारी है। कहा तो यह भी जा रहा है कि कांग्रेस के प्रभारी ने कहीं पहले ही तो हार नहीं मान ली है। दूसरी ओर कमलनाथ के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर संशय के बीच नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह पटेल ने प्रभारी के उलट बयान दिया है। उनकी ओर से कहा गया है कि कमलनाथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। गोविंद सिंह पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी ने उदयपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन में तय किया था कि 50 प्रतिशत टिकट अनुसूचित जनजाति, युवाओं और महिलाओं के साथ अल्पसंख्यकों को दिए जाएंगे। उस पर पार्टी कायम है शतप्रतिशत उसका पालन होगा।

यह सब बातें अफवाह है कि कमलनाथ ने चुनाव न लड़ने का मन बनाया है। कमलनाथ विधानसभा चुनाव जरूर लड़ेंगे और अगले मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के कमलनाथ ही होंगे। कार्यकर्ताओं में अब उहापोह की स्थिति बनी है कि कांग्रेस में आखिर कौन सच बोल रहा है। जनता भी मान रही है कि कांग्रेस नेताओं में जब इस प्रकार सिर-फुटौव्वल है, तो आगे का राम ही जानें। इसलिए जनता डबल इंजन सरकार के साथ जाने का मन बना रही है।

**सतर्क** *एलओसी से सटे इलाकों में सेना ने संभाला मोर्चा*

# घुसपैठ रोकने की कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती सेना

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,18 सितम्बर (देशबन्धु)। एलओसी से सटे इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए अगले कुछ दिन परेशानी और दहशत से भरे हो सकते हैं। ऐसा पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने जहां रुके पड़े प्रशिक्षित आतंकियों को सीमा की ओर धकेलने की कोशिशों में तेजी लाने तथा भारतीय सेना उन्हें रोकने की कवायद में जुटी हैं।**

दरअसल पाक सेना बर्फबारी से पहले ही आतंकियों को धकेलने को उतावली है क्योंकि बर्फबारी के बाद घुसपैठ के रास्ते बंद हो जाते हैं। इस दहशत के पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि पाक सेना एक बार फिर घुसपैठ के लिए कवर फायर की नीति अपनाने लगी है। यह उड़ी में दो दिन पहले साफ हो चुका है। हालांकि इसके प्रति सिर्फ अनुमान ही हैं कि एलओसी के पार पाक कब्जे वाले कश्मीर में चल रहे आतंकवाद का प्रशिक्षण देने वाले कैम्पों में कितने आतंकी प्रशिक्षण ले रहे हैं और कितने इस ओर आने को तैयार बैठे हैं, पर यह जरूर कहा जा रहा है कि जो भी घुसपैठ में कामयाब होगा वह कश्मीर के हालात को फिर से पीछे मोढ़ने में कामयाब हो जाएगा।



■ **एलओसी पर सभी लूप होलों को बंद करने की कोशिश की जा रही है**

नतीजतन सेना घुसपैठ रोकने की खातिर कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती। सेना की नार्दन कमान के प्रवक्ता दावा करते हैं कि एलओसी पर सभी लूप होलों को बंद करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल एलओसी की स्थिति ऐसी है कि चप्पे-चप्पे पर जवानों को तैनात करने के बावजूद घुसपैठियों को रोक पाना संभव नहीं हो सकता। जबकि सेना आप इसे मानती है कि एलओसी पर तारबंदी उतनी कामयाब नहीं हो पाई है जितनी प्रभावी वह इंटरनेशनल बार्डर पर है।

एलओसी पर तारबंदी की हालत यह है कि हर साल बर्फबारी के बाद वह क्षतिग्रस्त हो जाती है और उसकी मुरम्मत का कार्य कठिन होने के कारण कई स्थानों पर कई कई महीनों तक वह क्षतिग्रस्त ही रहती है। इन्हीं परिस्थितियों का लाभ पाकिस्तान सेना उठाने की कोशिश में है।

वह घुसपैठ के परंपरागत रास्तों को छोड़ कर अब दुर्गम और नए रास्तों का इस्तेमाल कर भारतीय सेना की परेशानियां बढ़ा रही है। इसी प्रकार की परेशानी एलओसी से सटे इलाकों में रहने वाले सीमावासियों की इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पाक सेना घुसपैठ की खातिर कवरिंग फायर की नीति का इस्तेमाल करने से नहीं चुकती है और इस ओर से भी जब जवाबी कार्रवाई होती है तो गोलों और गोलियों का शिकार सीमावासी ही बनते हैं चाहे वे इस ओर के इलाके में रहते हों या फिर एलओसी के पार। यही कारण था कि एलओसी के बनते-बिगड़ते हालात के चलते सीमावासी परेशान हैं क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां यह कह कर उन्हें हमेशा दहशतजदा करती रही हैं कि एलओसी पर घुसपैठ के प्रयास घमासान हो सकते हैं।

उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने को प्रतिबद्ध : शैली

**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में साफ-सफाई, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए केजरीवाल सरकार की ओर से लगातार फंड दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से अब स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए 117 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस राशि से एमसीडी के बड़े अस्पतालों और डिस्पेंसरी में 1720 कार्य किए जाएंगे। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार से मिले फंड से स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार संबंधी कार्य मार्च 2024 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

■ **दिल्ली सरकार ने एमसीडी की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए दिए 117 करोड़**

एमसीडी के 7 बड़े अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, प्रसूति केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाओं में सुधार किया जाएगा। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की तर्ज पर दिल्ली नगर निगम में भी स्वास्थ्य मॉडल लागू किया जा रहा है, जिससे हाशिये पर बैठे व्यक्ति को भी बेहतर इलाज मिल सके। दिल्ली के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की प्रतिबद्धता को पूरी करने के लिए दिल्ली नगर निगम भरसक प्रयास कर रही है। दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम को केपिटल और रेवेन्यू हेड के तहत फंड मिला है, जिसे दिल्ली नगर निगम में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। केजरीवाल सरकार द्वारा केपिटल फंड में 54 करोड़ रुपये और रेवेन्यू हेड में 63 करोड़ रुपए दिए गए हैं जिन्हें दिल्ली नगर निगम के सात बड़े अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, प्रसूति केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के विकास एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर खर्च किया जाएगा। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि केपिटल हेड में मिले 54 करोड़ रुपए के फंड को 451 प्रोजेक्ट में लगाया जाएगा। वहीं रेवेन्यू हेड में मिले 63 करोड़ रुपए को 1269 प्रोजेक्ट पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू हेड में मिले फंड के बारे में बताया कि इसके तहत मिला 80



दिल्ली नगर निगम में भी केजरीवाल सरकार की तर्ज पर स्वास्थ्य मॉडल लागू किया जा रहा है : शैली ओबरॉय

प्रतिशत फंड बुक हो चुका है। इस फंड से स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधारीकरण संबंधी कार्य मार्च 2024 तक पूरे कर लिए जाएंगे। पूर्वी दिल्ली स्थित दिल्ली नगर निगम के बड़े अस्पताल स्वामी दयानंद अस्पताल में सिविल और इलेक्ट्रिक कार्य के अलावा जर्जर पड़े ब्लॉक की मरम्मत करवायी जायेगी, सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य तथा आईसीयू और

## एमसीडी के बड़े अस्पतालों में कराए जाएंगे कार्य

मेयर ने बताया कि दिल्ली नगर निगम का सबसे बड़ा अस्पताल हिन्दूराव अस्पताल है, जहां गरीब तबके के लोग इलाज के लिए आते हैं। केपिटल हेड के तहत मिले फंड से यहां मेजर और माइनर रिपेयर का कार्य करवाया जाएगा। अस्पताल में विभिन्न ब्लॉक्स में रिपेयरिंग का कार्य, शौचालय ब्लॉक की मरम्मत और रख-रखाव का कार्य, वाटर लाइन की मरम्मत और साथ ही यहां पर बिजली के काम पर व्यय किया जायेगा। इसके अलावा एसी प्लांट और लिफ्ट की मरम्मत और रख-रखाव करने का कार्य किया जाएगा। हिन्दूराव अस्पताल में एनीस्थीसिया वर्क स्टेशन की शुरुआत की जाएगी। कार्डियोलॉजी विभाग के लिए वेन्टीलेटर लगाया जायेगा। इसके साथ ही त्वचा रोबत्रग विभाग मे लेजर सिस्टम की शुरूआत की जायेगी और प्लास्टिक सर्जरी में उपयोग आने वाले उपकरणों की खरीद की जाएगी। इसके अतिरिक्त उत्तरी दिल्ली मेडिकल कॉलेज में सिविल और इलेक्ट्रिक कार्य करवाए जाएंगे।

आपातकालीन वार्ड के सुधारीकरण और रख-रखाव का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजन बाबू टीबी अस्पताल दिल्ली नगर निगम का टीबी का इलाज करने वाला सबसे बड़ा अस्पताल है। जहां देश भर से लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। यहां एक नये प्रशासनिक ब्लॉक का निर्माण करवाया जा रहा है। विभिन्न ब्लॉक और शौचालयों में मरम्मत का कार्य करवाया जाएगा। माता गुजरी अस्पताल में सर्जिकल और आई ओटी के लिए उपकरणों की खरीद की जायेगी और इसके साथ ही ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। कस्तूरबा अस्पताल के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवायी जायेगी। साथ पीडीयाट्रिक्स विभाग के लिए ओ 2 मोनिटर लगाया जाएगा साथ ही ओटोमेटिक ओ टी टेबल और रिमोट ऑपरेटेड बेड्स की भी व्यवस्था की जाएगी। मेयर ने बताया कि कस्तूरबा अस्पताल में एम्बुलेंस की आवश्यकता थी जिसे जल्द ही उपलब्ध करवाया जाएगा। एमसीडी द्वारा मादीपुर में नए प्रसूति केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

# ईआरसीपी नहीं दी तो रामलीला मैदान जैसा होगा दूसरा बड़ा आंदोलन : अन्ना हजारे

**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा है कि पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी बहुत ही जरूरी है। इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने में सरकार को देर नहीं करनी चाहिए। अन्ना हजारे ने कहा कि सरकार ने ईआरसीपी नहीं दी तो नई दिल्ली के रामलीला मैदान के बाद दूसरा बडा आंदोलन पूर्वी राजस्थान की धरती पर होगा। इसके लिए सरकार को तैयार हो जाना चाहिए। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना और प्रदेश मुख्य संयोजक रविन्द्र मीना के आमंत्रण पर अन्ना हजारे पहली बार पूर्वी राजस्थान पहुंचे और ईआरसीपी के लिए टोडाभीम के कुठीला वाले हनुमान मंदिर के पास जनसभा को संबोधित किया। अन्ना हजारे ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के आमजन की पहली जरूरत ईआरसीपी है। इसे सरकार को बहुत पहले समझ लेना चाहिए था, लेकिन आश्चर्य है कि सरकार ने अभी तक पूर्वी राजस्थान की इस अहम जरूरत के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई है। जनसभा को अन्ना हजारे के साथ लोक आंदोलन की कार्याध्यक्ष कल्पना ताई ईनामदार, रिटायर्ड आईएएस डॉ. कमलनाथ टावरी, दत्ताभाई आवारी, राजस्थान राज्य पंचायत परिषद के अध्यक्ष सुभाष पाराशर, कोटा के किसान नेता दशरथ सिंह, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना और मुख्य संयोजक रविन्द्र मीना ने भी संबोधित किया। संचालन समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने किया।



## सार संक्षेप

### एमसीडी की ओर से बांटी जाएंगी इको फ्रेंडली गणेशा की मूर्तियां

**नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए दिल्ली नगर निगम और 'बिग ग्रीन गणेशा' ने 'इको फ्रेंडली गणेशा' की शुरूआत की है। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय और नेता सदन मुकेश गोयल ने इको फ्रेंडली गणेशा रथ को झंडी दिखाकर आज सिविक सेंटर से रवाना किया। अब दिल्ली के सभी क्षेत्रों में इको फ्रेंडली गणेशा की मूर्तियां दी जाएंगी। इस अवसर पर मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि ऐसी 'इको फ्रेंडली गणेशा' की 3 हजार मूर्तियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के सभी जोन के ज़ोनल कार्यालयों के जरिए लोगों तक मूर्तियों को पहुंचाया जाएगा। इस पहल के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जोनल कार्यालयों व अधिकारियों द्वारा 'इको फ्रेंडली गणेश' के उपयोग हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि इको फ्रेंडली गणेशा के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है।

### अवैध संबंध के शक में पति ने की पत्नी की हत्या

**नई दिल्ली।** खजूरी खास थाना क्षेत्र के गली नंबर 17बी, मकान नं.201 में बिस्तर पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान द्रौपदी पत्नी सुनील के रूप में हुई। जिस कमरे में महिला की लाश मिली है, उसमें चारों तरफ खून के धब्बे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतका की बेटी ने बताया कि उसका सौतेला पिता सुनील शनिवार से अपने कमरे का दरवाजा बंद कर गायब है। सुनील और द्रौपदी लगभग हर दिन एक-दूसरे से लड़ते थे। उन्हें आखिरी बार उनकी बेटी ने शनिवार दोपहर लगभग 12:30 बजे जीवित देखा था।

### युवकों ने हथियार लहराकर धमकाया

**नई दिल्ली।** उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में दो युवकों ने मोटरसाइकिल में से एक कार से टक्कर मारने के बाद एक व्यक्ति को हथियार से धमकाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों ने अपने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और अपनी बाइक खड़ी कार से टकरा दी। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना से यह भी पता चलता है कि जब कार का मालिक अपने घर से बाहर आया, तो मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आपस में उलझ गए।

# गांवों के मुद्दों को लेकर उपराज्यपाल से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल



**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात कर दिल्ली में किसानों की कृषि दर्जा दिए जाने, गांवों में हाउस टैक्स समाप्त करने और जमीन पंजीकरण से जुड़ी धाराओं में परिवर्तन आदि मांगों को उपराज्यपाल के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद रमेश बिधूड़ी एवं प्रवेश साहिब सिंह, प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत के अतिरिक्त खाप 360 पंचायत के प्रमुख सुरेन्द्र सोलंकी एवं प्रतिनिधी भी सम्मिलित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की हमने आज उपराज्यपाल के समक्ष दिल्ली के किसानों कहा कि 1961 से किसानों की जमीन के अधिग्रहण के बदले वैकल्पिक प्लॉट व दुकान देने की पॉलिसी है लेकिन 2016 में केजरीवाल सरकार ने किसानों के वैकल्पिक प्लॉट के आवंटन के आदेश निरस्त कर दिए, इससे दिल्ली के लगभग 16500 किसान वैकल्पिक प्लॉट मिलने से वंचित हो गये। भाजपा मांग करती है सभी 16500 किसानों को वैकल्पिक प्लॉट दिए जाएं। दिल्ली भाजपा नेताओं ने उपराज्यपाल से कहा कि दिल्ली में का किसानी दर्जा कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने छीन लिया था जिससे वे केंद्र सरकार द्वारा देश भर के किसानों को दिए जा रहे लाभ से वंचित हैं। किसान दर्जा बहाल होने से दिल्ली के किसानों को केंद्र सरकार द्वारा मिल रहे सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा और साथ ही दिल्ली के किसानों की जमीन कानूनों में संशोधन, बिजली कनेक्शन, महंगे कृषि उर्वरक, ट्रैक्टर की अनउपलब्धता जैसी समस्याएं भी हल हो जाएंगी।




■ नई दिल्ली में डूसू चुनाव से पहले घोषणापत्र जारी करने के दौरान उपस्थित एनएसयूआई दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव सचिव पद की उम्मीदवार यक्ष्ना शर्मा (मध्य), एआईसीसी सचिव अमृता धवन (बाएं) के साथ पूर्व डूसू अध्यक्ष नीतू वर्मा (दाएं)। फोटो इम्तियाज खान

# श्रीकृष्ण ने दिखाया धर्म अमृत के समान है : मोरारी बापू

**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। आजादी का अमृत महोत्सव के भव्य उत्सव के दौरान नई दिल्ली में मोरारी बापू ने मानस भारत राम कथा का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, गुरु शरणानंद, आचार्य लोकेश मुनि और योग गुरु स्वामी राम देव उपस्थित रहे। राम कथा मानस भारत एक गहरा संदेश देती है जो सनातन धर्म के महत्व को समझने में मदद करती है।

■ **मानस भारत राम कथा का मोरारी बापू ने किया शुभारंभ**

मोरारी बापू ने स्पष्ट रूप से बताया कि श्री कृष्ण ने दिखाया कि धर्म अमृत के समान है, और सनातन धर्म इस दिव्य सार का अभिन्न अंग है। क्योंकि सनातन धर्म आध्यात्मिकता की शुद्धतम अभिव्यक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान मोरारी बापू ने जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की उपलब्धियों के लिए अपनी सराहना व्यक्त की और प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और प्रचार-प्रसार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने संतान धर्म के बारे में जो लोग उट पटांग बातें आज कल कर रहे हैं, उसका बड़ा कड़ा निवेदन दिया है, मैं साधुवाद देता हूं उनको।

# शास्त्रीय नृत्यांगना रितु गुप्ता ने कत्थक नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति



**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। ऋतु गुप्ता द्वारा प्रस्तुत कत्थक नृत्य प्रस्तुति का आयोजन दिल्ली में किया गया। ये कार्यक्रम दिल्ली के त्रिवेणी कला संगम में आयोजित हुआ और इस प्रदर्शन का निर्देशन कत्थक गुरु प्रदीप्तो चक्रवर्ती के द्वारा हुआ। विष्णु वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, दर्शकों को सरगम, ताल धममार और कृष्णा राधा ठुमरी प्रस्तुति देखने को मिली। दर्शको ने इस नृत्य का खूब आनंद लिया। इस नृत्य में मुख्य कत्थक कलाकार रितु गुप्ता और उनके साथी कलाकारों ज़ोहैब हसन गायन और हारमोनियम, शाहबाज खान और नावेद तबला और आमिर खान सारंगी ने सुर्खियां बटोरीं। प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना रितु गुप्ता ने अपने मनमोहक प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह शानदार कत्थक प्रदर्शन सुरुचिपूर्ण और लखनऊ घराने की शैली का उत्सव था, जो कलात्मकता, लय और सांस्कृतिक विसर्जन से भरी शाम का वादा करता था। ऋतु गुप्ता ने कहा कि कत्थक एक प्रमुख प्राचीन भारतीय शास्त्रीय नृत्य है और इसकी शुरुआत उत्तर भारत से हुई थी। मुझे गर्व है की मैं भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली का हिस्सा हूं।

# दिल्ली में रामलीला की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली**,18 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी में रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को दो रामलीला कमेटियों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ भूमि पूजन किया। इस दौरान मंचन में भाग लेने वाले कलाकारों ने अपने अभिनय की छटा बिखेरकर कार्यक्रम में आए अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेज-दो ने भूमि पूजन वैदिक रीति रिवाज के बीच मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने मंचन से जुड़े कलाकारों को कलावा बांधकर अनुबंधित किया। उन्होंने अपने अभिनय से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ **कमेटियों ने भूमि पूजन कर मंच पर उतरे कलाकार**

लक्ष्मण-परशुराम के रोचक संवाद देखकर सभी चकित रह गए। दिल्ली छावनी के सदर बाजार में रघुनंदन लीला कमेटी ने भी मंचन के लिए वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और मंगलध्वनि व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच भूमि पूजन किया। प्रधान दीपक सिंघल ने बताया कि इस बार विशाल मंच पर पुरुषोत्तम भगवान राम की लीला का मंचन 15 अक्तूबर से शुरू होगा।

इस बार चंद्रयान-तीन की सफलता और अयोध्या के श्रीराम मंदिर की भव्यता का नजारा भी मंच पर दिखाई देगा। लवकुश रामलीला कमेटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर लालकिला मैदान में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि हेल्थ मेले में सैकड़ों दिव्यांग, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे लाभान्वित हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो और अर्जुन कुमार ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, बैसाखी, वॉकर, व्हीलचेयर आदि सामान वितरित किया।

# बीआईएस ने स्थापित किए देशभर में छात्रों के लिए 6427 मानक

**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में 6467 मानक क्लब स्थापित किए गए हैं। बीआईएस के अनुसार जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए मानकों के महत्व के बारे में समाज के युवा सदस्यों को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से मानक क्लबों की स्थापना की जा रही है। ब्यूरो की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बच्चे मजबूत, जीवंत और गतिशील भारत के निर्माता हैं। बीआईएस एक दूरदर्शी पहल के साथ देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में मानक क्लबों का निर्माण कर, भारत के भविष्य को रोशन कर रहा है। इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य युवाओं के मन में गुणता, मानकों और वैज्ञानिक स्वभाव को सर्वोपरि महत्व पैदा करना है। मानकीकरण के सिद्धांतों से ओत-प्रोत गुणता चेतना, त्वरित आर्थिक प्रगति का प्रमुख स्तंभ है। हमारे छात्रों में गुणता , मानकों और मानकीकरण के प्रति सम्मान विकसित करके, हम एक ऐसी चेतना प्रज्वलित कर रहें हैं जो हमारे समाज को बदलने की शक्ति रखती है। विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि बीआईएस द्वारा वर्ष 2021 में शुरू की गई स्टैंडर्ड क्लब की पहल ने एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा है, इन क्लबों को देश भर के 6,467 स्कूलों और कॉलेजों में स्थापित किया जा चुका है। विज्ञान की पृष्ठभूमि वाले 1.7 लाख से अधिक छात्र इन क्लबों के सदस्य है, जो उनके संबंधित स्कूलों के समर्पित विज्ञान शिक्षकों द्वारा मेंटर के रूप में मार्गदर्शित होते हैं जिन्हें बीआईएस द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इनमें 5,562 स्टैंडर्ड क्लब स्कूलों में बनाए गए हैं, जबकि 905 क्लब विभिन्न कॉलेजों में बनाए गए हैं, जिनमें इंजीनियरिंग कॉलेजों में 384 क्लब शामिल हैं।

■ **समाज के युवा सदस्यों को संवेदनशील बनाना उद्देश्य**

# दो सर्विस बॉय के झगड़े में कैफे मालिक ने एक को मारा चाकू

**नई दिल्ली,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में सोमवार को मामूली बात पर एक कैफे मालिक ने 19 वर्षीय एक सर्विस बॉय की पिटाई कर दी और उसे चाकू मार दिया। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को साउथ कैंपस थाने में पुलिस कंट्रोल रूम से एक कॉल आई, जिसमें चाकूबाजी की घटना की सूचना दी गई। कॉल करने वाले संदीप ने बताया कि एक राहगीर ने उसका मोबाइल फोन ले लिया था और घटना की रिपोर्ट करने के लिए आपातकालीन नंबर-112 पर कॉल किया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, स्थानीय जांच के दौरान पता चला कि सत्य निकेतन के एक कैफे में दो युवकों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस को सफदरजंग अस्पताल से एक मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) के बारे में जानकारी मिली, और उन्होंने सागरपुर निवासी घायल आशीष का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने कहा आशीष ने कहा कि वह सत्य निकेतन में मित्रो कैफे में एक सर्विस बॉय के रूप में काम करता था। गुड्डु नाम का एक अन्य लड़का भी वहां काम करता था। सोमवार को, आशीष और गुड्डु के बीच ग्राहकों को सर्विस देने को लेकर असहमति हुई। अधिकारी ने कहा कि कैफे के मालिक कुणाल ने गुड्डु का पक्ष लिया और आशीष के साथ मारपीट की। उसने आशीष की दाहिनी जांघ पर चाकू से वार किया।


द्वारा- प्रधानध्यापक/इन्चार्ज प्रधानध्यापक निम्नंकित प्रा0वि0/उ0प्र0वि0/कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड- जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पत्रांक/बेसिक शिक्षा/जर्जर/6777-82/2023-24 दिनांक 26 जूलाई 2023 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के निम्नांकित जर्जर भवनों की पुनः नीलामी समिति द्वारा निम्नविवरणानुसार की जानी है-

| क0 स0 | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन के विद्यालय का नाम तथा नीलामी स्थल | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | निलामी हेतु द्वितीय तिथी | द्वितीय तिथि को निलामी न होने की दशा में नीलामी हेतु तृतीय तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्पोजिट वि0 नगला कंचन | कम्पोजिट वि0 नगला कंचन | 69438.00 | 7000 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 8 बजे |
| 2 | कम्पोजिट वि0 तिरथली | कम्पोजिट वि0 तिरथली | 243630.00 | 24400 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 9 बजे |
| 3 | उ0 प्रा0 वि0 अनवरगढ़ | उ0 प्रा0 वि0 अनवरगढ़ | 288964.00 | 29000 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 10 बजे |
| 4 | प्राथमिक वि0 तकीपुर | प्राथमिक वि0 तकीपुर | 42903.00 | 4300 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 11 बजे |
| 5 | प्राथमिक वि0 रन्हेरा | प्राथमिक वि0 रन्हेरा | 19712.00 | 2000 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 12 बजे |
| 6 | प्राथमिक वि0 मारहरा | प्राथमिक वि0 मारहरा | 106000.00 | 10600 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 1 बजे |
| 7 | प्राथमिक वि0 चक जहागीरपुर | प्राथमिक वि0 चक जहॉगीरपुर | 19908.00 | 2000 | 20-09-2023 | 26-09-2023 | 2 बजे |
| 8 | कम्पोजिट वि0 जेवर-2 | कम्पोजिट वि0 जेवर-2 | 451560.00 | 45000 | 21-09-2023 | 27-09-2023 | 9 बजे |
| 9 | कम्पोजिट वि0 जेवर खादर | कम्पोजिट वि0 जेवर खादर | 74351.00 | 7500 | 21-09-2023 | 27-09-2023 | 10 बजे |
| 10 | कम्पोजिट वि0 रामपुर बागंर | कम्पोजिट वि0 रामपुर बागर | 102268.00 | 10200 | 21-09-2023 | 27-09-2023 | 11 बजे |
| 11 | प्राथमिक वि0 बल्लभनगर उर्फ करोल | प्राथमिक वि0 बल्लभनगर उर्फ करोल | 56658.00 | 5700 | 21-09-2023 | 27-09-2023 | 12 बजे |
| 12 | प्राथमिक वि0 हिमॉयूपुर | प्राथमिक वि0 हिमॉयूपुर | 181944.00 | 18200 | 21-09-2023 | 27-09-2023 | 1 बजे |
| 13 | प्राथमिक वि0 भवोकरा | प्राथमिक वि0 भवोकरा | 181100.00 | 18100 | 21-09-2023 | 27-09-2023 | 2 बजे |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें -**
1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति/ फर्म नीलामी के दिनांक को कॉलम नंबर 5 में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है
2. कोई भी व्यक्ति/ फर्म एक या अधिक या समस्त जर्जर विद्यालयों की नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।
3. अधिकतम बोली दाता को उसी समय अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय के प्रबंध समिति खाते में जमा करनी होगी धनराशि जमा करने की पुष्टि के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जाएगा।
4. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न करने पर धरोहर धनराशि जप्त कर ली जाएगी तथा पुनः नीलामी की जाएगी।
5. नीलामी से पूर्व बोली दाता जर्जर विद्यालय भवन को किसी भी कार्य दिवस में भौतिक रूप से देख भी सकता है।
6. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के साथ दिवस के अंदर जर्जर भवन को ध्वस्त कर अवशेष मलबे को हटाना होगा तथा जर्जर भवन के स्थान वाली भूमि को समतल करके देना होगा। 7. असफल बोली दाता की धरोहर राशि नीलामी उपरांत वापस कर दी जाएगी।
8. द्वितीय तिथि में नीलामी न होने की स्थिति में तृतीय तिथि में नीलामी की जायेगी । 9. किसी विवाद की स्थिति में समिति का अंतिम निर्णय ही मान्य होगा।
10. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद गौतम बुद्ध नगर होगा ।

प्रधानध्यापक/इन्चार्ज प्रधानध्यापक
उपरोक्त प्रा0वि0/उ0प्रा0वि0/कम्पोजिट विद्यालय, विकास खण्ड जेवर, जनपद-गौतमबुद्धनगर

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

करहैड़ा गांव निवासी सुभाषचन्द के द्वारा सूचना दी गई कि उनके गांव के रहने वाले दिनेश द्वारा ईसाई समुदाय के कुछ व्यक्तियों को बुलाकर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निवासियों को पैसों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन की बात कही गई। सुभाषचन्द से प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। **भास्कर वर्मा, एसीपी साहिबाबाद**

## नोएडा में चलेंगी 100 इलेक्ट्रिक बस सिटी बस टर्मिनल में होगी चार्ज

**नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए यहां 100 एसी ई बसें चलाई जाएंगी। इन बसों का संचालन परिवहन विभाग करेगा। इनको

- पीएम ई बस योजना के तहत होगा संचालन
- सिटी बस टर्मिनल और सेक्टर-90 होंगा मुख्य डीपो

इंफ्रास्ट्रक्चर नोएडा प्राधिकरण देगा। ये बस सेक्टर-80 सिटी बस सर्टिमल और सेक्टर-90 से चलेंगी। यहीं इनको चार्ज करने के लिए यहां स्टेशन बनाए जाएंगे। पहले फेज में नोएडा से ग्रेटरनोएडा बस चलेंगी। इस रूट पर शेल्टर बने हुए है। वहीं इंटरनल मार्ग के लिए शेल्टर बनाने का काम भी प्राधिकरण करेगा।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बैठक के दौरान स्पष्ट कहा था कि यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहद कमी है। यही वजह है कि लोग अपने प्राइवेट वाहनों का प्रयोग ज्यादा करते है। मेट्रो और टैंपों के अलावा सिटी बस सेवा भी काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रधानमंत्री ई




बस योजना के तहत यहां बसों कार संचालन किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने शासन को पत्र लिखा। इसके बाद एक बैठक हुई। बैठक डिमांड के अनुसार पहले फेज में 100 ई बसों पर सहमति बनी। साथ ही तय किया गया कि इन बसों का संचालन परिवहन निगम करेगा। और इंफ्रास्ट्रक्चर नोएडा प्राधिकरण देगा।

**मार्च 2020 तक चलती थी एसी बस**

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अभी तक कोई सिटी बस सेवा का संचालन नहीं किया जा रहा है। यहां केवल रोडवेज की और डीटीसी की बसें कुछ रूट पर चलती हैं। मार्च 2020 तक नोएडा-ग्रेनो के बीच नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की तरफ से 50 एसी बसें चलाई जा रही थीं, जो अब बंद हो चुकी हैं। बताया गया कि कंपनी को लगातार घाटा होने के चलते उससे कांट्रेक्ट को खत्म किया गया।

**रूट को किया जाएगा फाइनल**

इन बसों के रूट को दोबारा से फाइनल किया जाएगा। इस बाद ये देखा जाएगा कि सबसे ज्यादा मुसाफिर किस रूट पर है। साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी को देखा जाएगा। सभी ट्रांसपोर्ट सिस्टम एक दूसरे से जुड़े हो इस पर ध्यान दिया जाएगा। ताकि लोग आसानी से इन ट्रांसपोर्ट के जरिए आवाजाही कर सके।

**ई-बसों के लिए डिपो बनाने की सहमति**

बैठक में एनएमआरसी की तरफ से सेक्टर-90 में ई-बसों के लिए डिपो बनाने को सहमति दी गई। पहले यहां पर एनएमआरसी का डिपो था। इसके अलावा सेक्टर-82 स्थित सिटी बस टर्मिनल से बसें चलाने को लेकर सहमति दी गई। डिपो और बस टर्मिनलए दोनों जगह चार्जिंग की भी सुविधा दी जाएगी।

## संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए युद्ध स्तर पर हो कार्य : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**गाजियाबाद,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए संयुक्त रूप से प्रभावशाली अभियान चलाया जाए ताकि शहर की जनता कम से कम बीमार पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को फॉगिंग वी एंटी लारवा का छिड़काव करने के निर्देश भी दिए हैं साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि इस मामले में कोई कोताही ही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए न केवल विभागीय अधिकारी ही कार्रवाई कर रहे हैं बल्कि जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग स्वास्थ्य विभाग को मिल



रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा वार्डों में संक्रामक बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाकर बैठक की जा रही हैं, जिसके क्रम में अहिंसा खंड इंदिरापुरम वार्ड संख्या 99 वार्ड संख्या 98 में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी के साथ बैठक की गई जिसमें जनप्रतिनिधि गण के रूप में अभिनव जैन, पार्षद डॉ. अनिल तोमर भी उपस्थित रहे।

### जीडीए के समाधान दिवस में नामांतरण के 1594 मामलों का निस्तारण

जनहित पोर्टल के अंतर्गत ऑनलाइन दर्ज कराए गए नामांतरण के मामले सोमवार को जीडीए के सभागार में आयोजित समाधान दिवस में निस्तारित किए गए। अब तक कुल 1594 मामलों का निस्तारण किया गया है। आज कोई नया प्रमाण नहीं आया। इस संबंध में जीडीए प्रवक्ता ने बताया कि जनहित पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त संपत्ति नाम पर नामांतरणए रिफंड एडुप्लीकेट आर्डरए फ्रीहोल्ड से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सभागार में सोमवार को समाधान दिवस लगाया गया।

### अवैध निर्माण को जीडीए ने किया ध्वस्त



**गाजियाबाद,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) बुलडोजर सोमवार को जोन 8 के शहीद नगर व शालीमार गार्डन में में चला। यहां पर जीडीए के प्रवर्तन दल में अवैध रूप से बनाए गए भवन में अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। सहायक अभियंता पीके सिंह के नेतृत्व में जोन 8 का दल बुलडोजर लेकर पहले शहीद नगर पहुंचा और वहां पर समीर जैन, रियाजुद्दीन और योगेश चौधरी द्वारा किए अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया। इसके बाद यह दस्ता शालीमार गार्डन में में पहुंचा और वहां पर बिना नक्शे के किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। इस मौके पर अवर अभियंता रमाकांत तिवारी, राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### हिंडन नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे, तलाश जारी



**गाजियाबाद।** हिंडन नदी में नहाने आये दो बच्चे सोमवार को डूब गए। पुलिस व गोताखोरों की टीमें हिंडन नदी में दोनों को तलाश रही हैं। नंदग्राम थाना प्रभारी ने बताया कि नंदग्राम नई बस्ती के रहने वाले दो बच्चे हिंडन नदी में डूब गए। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिवम (13) पुत्र श्रीकृष्ण, कल्लू (5) पुत्र मलखान निवासी नई बस्ती नंदग्राम हिंडन नदी में नहाने गए थे। इस दौरान उनके परिजन घर से बाहर गए हुए थे और दोनों बच्चों ने हिंडन में नहाने लगे, इस दौरान हिंडन नदी में उनका संतुलन बिगड़ गया और वह हिंडन में डूब गए। सूचना पर आसपास लोगों की भीड़ जुट गई और किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अभी तक बच्चों का कोई पता नहीं लग पाया है। पूरे मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ एनडीआरएफकी टीम भी मौके पर बलाई गई है। वहीं जानकारी मिलने पर बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनमें हाहाकार मच गया।

### श्रमिकों के उत्पीड़न को लेकर किया प्रदर्शन

**नोएडा।** सेक्टर-3 स्थित श्रम कार्यालय पर सोमवार को उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए निजी कंपनी के कर्मियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कई मांग रखी गईं। सीटू संगठन के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि न्यूनतम विधिक सुविधा की मांग करने पर एक कंपनी के प्रबंधकों ने कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया। इसको लेकर प्रबंधकों और कर्मचारियों के बीच कई दिनों से विवाद है। श्रमायुक्त के हस्ताक्षेप के बाद दो श्रमिकों को छोड़कर बारी सभी को बुलाने पर सहमति बन गई। समस्याओं के समाधान के आश्वासन पर पिछले कई दिनों से चला आ रहा श्रम विवाद समाप्त हो गया।

### आईएमएस में गणेश उत्सव का आयोजन



**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट स्टडीज नोएडा में छात्रों ने गणेश उत्सव मनाया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए गणेश आर्ट प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन हुआ। वहीं कार्यक्रम के दौरान नृत्यए गीत-संगीत, काव्य मंचन एवं रॉक बैंड की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत आईएमएस की निदेशिका डॉण् कुलनीत सूरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान के सभी शिक्षक एवं छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उत्सव शिक्षक एवं छात्रों के सामाजिक जीवन को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## अब लाभार्थी खुद बना सकेंगे अपना आयुष्मान कार्ड

**नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का कार्ड बनवाने के लिए अब कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। अब घर बैठे ही आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। योजना के लाभार्थी ऐप के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड स्वयं बना सकते हैं। यह जानकारी आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को स्वयं मोबाइल नम्बर पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आयेगा, जिसे बाक्स में दिए गए ओथ मोड विकल्प पर अंकित करें। साथ ही दिए गए कैपचा (जो शब्द वेरिफिकेशन के लिए अंकित करने होते हैं) को डालकर लॉगिन करें। लॉगिन होने के बाद इस स्क्रीन में राज्य का नाम योजना का नामए अपने जनपद के नाम को चुने। सर्च बाई के विकल्प में प्रदर्शित फैमिली आईडी को चुनें। इसके बाद फैमिली आईडी (सर्च बाई) के विकल्प में

- शासन ने जारी किया ऐप, लॉगिन करें और कार्ड बनाएं

राशन कार्ड संख्या डालें और बॉक्स में दाहिनी तरफ दिये आइकन को क्लिक करें। अगर परिवार योजनान्तर्गत पात्रता रखता है तो परिवार के समस्त सदस्यों की सूची खुल जाएगी। यदि परिवार योजनान्तर्गत पात्रता नहीं रखता है तो स्क्रीन पर नो वेरिफिकेशन फाउंड संदेश आएगा। जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना है, उस सदस्य के सामने दिये गये आईकन पर क्लिक करें, उसके बाद एक बॉक्स खुलेगा, जिसमें आधार संख्या के सामने वेरीफाई पर क्लिक करें। लाभार्थी के आधार कार्ड से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को डालें। इसके बाद कंटेंट फार्म का बॉक्स खुलेगा। बॉक्स में सबसे नीचे दिये गये विकल्प पर टिक करें और बॉक्स के दाहिनी ओर एलाऊ बटन पर क्लिक करें। एक बॉक्स खुलेगा, जिसमें ऑथेंटिकेट बटन पर क्लिक करें। उसके बाद अगली स्क्रीन पर लाभार्थी का नाम नीले बॉक्स में प्रदर्शित होगा। बॉक्स के नीचे ई-केवाईसी आधार ओटीपी चुने और वेरिफाई पर क्लिक करें। ओटीपी डालने के बाद फिर से कंटेंट फॉर्म का बॉक्स खुलेगा, बॉक्स में सबसे नीचे दिये गये विकल्प पर टिक करें और बॉक्स के दाहिनी ओर अलाउ बटन पर क्लिक करें।

## 21 सितम्बर को नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी करेंगे किसान

**नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद के बैनर तले सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर के सामने करीब ढाई महीने से किसान धरने पर बैठे हैं।

21 सितम्बर को प्राधिकरण पर तालाबंदी को लेकर सोमवार को किसानों ने रणनीति तैयार की। कई मांगें पूरी नहीं होने पर किसान धरने पर बैठे हैं। पिछले महीने किसानों ने सेक्टर-26 कार्यालय पर विधायक पंकज सिंह का घेराव किया था। विधायक ने प्राधिकरण अधिकारियों को 15 दिन में समस्याएं सुलझाने का निर्देश दिया थाए इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ। ऐसे में किसानों ने प्राधिकरण कार्यालय पर तालाबंदी की घोषणा की थी। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर पहलवान का कहना है कि तालाबंदी को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की जा रही। उस दिन अधिकारियों को दफ्तर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। वहीं, प्राधिकरण पुलिस अधिकारी कार्यक्रम को स्थगित कराने के प्रयास में जुटे हैं।

इसकी वजह है कि 21 को ही ग्रेनो के एक्सपो मार्ट में होने वाले ट्रेड शो का शुभारंभ करने शाम के समय राष्ट्रपति आएंगी। ऐसे में सारी पुलिस फोर्स कार्यक्रम में ड्यूटी पर रहेगी।

## लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में 15 गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन करने के मामले में साहिबाबाद पुलिस ने एक विशेष समुदाय के 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

- आठ पुरुष व सात महिलाएं शामिल

जिनमें सात महिलाएं भी शामिल है। पुलिस का कहना है कि ये लोग प्रार्थना सभा कर दूसरे धर्म के लोगों को धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश कर रहे थे। इसके लिए ये लोग धन व अन्य लालच भी दे रहे थे। एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा ने बताया कि करहैड़ा गांव निवासी सुभाषचन्द के द्वारा सूचना दी गई कि उनके गांव के रहने वाले दिनेश द्वारा ईसाई समुदाय के कुछ व्यक्तियों को बुलाकर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निवासियों को पैसों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन की बात कही गई। सुभाषचन्द से प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद साहिबाबाद पुलिस टीम ने गश्त व जांच मुखबिर की सूचना पर नागद्वार से मोहन नगर पाली के होटल के पास एक ईको ग्रे कलर में 8 पुरुषों 7 महिलाओं को गिरफ्तार किया।



पूछताछ में इन्होंने पुलिस को बताया कि हम तीनों बचपन से ही ईसाई धर्म अपनाये हुए है तथा हम व हमारे अन्य सभी लोग एक दूसरे से परिचित है। कल 17 सितम्बर को दिनेश निवासी नूर नगर करहैडा ने अपने घर जो ईसाई धर्म की प्रार्थना से जुड़े हुए है ने हम सबको प्रार्थना के लिए बुलाया था। प्रार्थना में आसपास के लोगों को भी सूचना देकर हम सभी लोग सभी को ईसाई धर्म की विशेषतायें आदि बताते है तथा ईसाई धर्म में आने पर अन्य लाभ/आर्थिक लाभ मिलते है उनकी जानकारी देते है। उनके कब्जे से एक गिटार, 5 बाइबल की पवित्र पुस्तकें 2 गीत की पवित्र पुस्तकें एक वचन की पवित्र किताबें एक बैग में गिटार के टूटे तार व खाली कवर तथा एक कार बरामद की है।

## वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने किया बाल गोपाल का छठी पूजन

**बुलंदशहर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री कृष्ण के जन्म की जिन लीलाओं को हम टीवी सीरियल में देखते थे उसको जीवंत किया वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने। समिति की सदस्याओं ने मिलकर नगर की वार्ष्णेय धर्मशाला में कान्हा का छठी पूजन आयोजित किया और कुआं पूजन भी किया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कान्हा की लीलाओं का प्रदर्शन मनोहारी रहा।



जन्माष्टमी के बाद जहांगीराबाद में अलग-अलग स्थानों पर कान्हा का छठी पूजन किया जाता है। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की सदस्याओं की अध्यक्षा मोनिका वार्ष्णेय के नेतृत्व में छठी पूजन किया। इस अवसर पर कान्हा के मथुरा में जन्म से लेकर यमुना पार कर उनके वृंदावन पहुंचने तक का चित्रण किया गया। इस अवसर पर किसी ने माता देवकी का तो किसी ने वासुदेव का किरदार निभाया। वहीं किसी ने माता यशोदा और किसी ने नंदबाबा का रूप धारण कर इस उत्सव में भाग लिया। छठी पूजन के बाद आंचल वार्ष्णेय ने कान्हा का कुआं पूजन किया। बैंड बाजे के साथ धूमधाम से सभी महिलाओं ने नाचते गाते कुआं पूजन में हिस्सा लिया। इसके बाद धर्मशाला में ही प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर 21 व 22 को सभी विद्यालय रहेंगे बंद

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और मोटो जीपी भारत रेस का आयोजन हो रहा है जिसको लेकर जिला प्रशासन ने दो दिन समस्त शिक्षण संस्थानों को बंद करने का आदेश जारी किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि आगामी 21 से 25 सितम्बर-2023 तक ग्रेटर नोएडा एक्सपो सेन्टर में यू.पी. इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2023 तथा 22 से 24 सितम्बर 2023 तक बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट, ग्रेटर नोएडा में मोटो-जीपी भारत रेस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगुंतकों-दर्शकों की भारी भीड़ होने की संभावना तथा कानून, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात की व्यवस्था के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं, अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि 21 एवं 22 सितम्बर 2023 को सभी विश्वविद्यालय, कॉलेज संस्थानों में अवकाश रहेगा। उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ सभी राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/ वित्तविहीन/ सीबीएसई/ आईसीएसई/ आईबी बोर्ड विद्यालय 21 सितम्बर को अपरान्ह् 2 बजे के उपरान्त तथा 22 सितम्बर को कक्षा नर्सरी से कक्षा-12 तक के समस्त बोर्ड के समस्त विद्यालयों में अवकाश रहेगा। उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## मोटो जीपी और ट्रेड फेयर के ट्रैफिक प्लान जारी

**नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर 21 से 25 सितम्बर तक वाहनों का सबसे अधिक दबाव रहेगा। यहां पर प्रतिदिन 80 हजार अतिरिक्त वाहनों के आवागमन की संभावना है। ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तीन सुपर जोन, 12 जोन और 24 सेक्टरों में ट्रैफिक व्यवस्था को बांटकर 14 सौ ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इस

- 21 से 25 सितम्बर तक रहेगा लागू
- एक्सप्रेस वे पर व्यवसायिक वाहनों का रहेगा प्रतिबंध
- गैर व्यवसायिक वाहनों के लिए अलग चार्ट किया गया तैयार

दौरान नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से होकर निकलने वाली दूसरे राज्यों की बसों को भी एनएच-24 से होकर जाना होगा।

गौतमबुद्धनगर में 21 से 25 सितम्बर के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो बड़े आयोजन हो रहे हैं। 21 से 25 सितम्बर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और 22 से 24 सितम्बर तक मोटो जीपी रेस आयोजित होगी। इस दौरान जिले में बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान और राजनीतिक, फिल्मी तथा धर्म से जुड़ी हस्तियां भी रहेंगी। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव का मानना है कि इन आयोजनों के चलते नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर करीब 80 हजार से अधिक गाड़ियों का बोझ बढ़ेगा।

दोनों ही आयोजनों में ढ़ाई से तीन लाख लोग शामिल होने के लिए आएंगे। इसके मद्देनजर यातायात व्यवस्था के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। डायवर्जन का पूरा प्लान तैयार हो चुका है। इस दौरान अन्य राज्यों की जो बसें नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे से होकर निकलती हैं, उन्हें एनएच-24 से होकर निकाला जाएगा।

**मोटो जीपी में आने वाले लोगों के लिए प्लान**

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ से आने वाले दर्शक एग्जिट-2ए, 2सी से उतरकर बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के विभिन्न गेटों से प्रवेश करेंगे। निर्धारित स्थल पर वाहन पार्क कर टिकट में अंकित सीटिंग स्टैंड में जा सकेंगे।

आगरा, मथुरा, अलीगढ़ की ओर से आने वाले दर्शक चपरगढ़ कट से उतरकर सर्किट के साउथ, ईस्ट जोन गेट से प्रवेश कर सीटिंग स्टैंड में जा सकेंगे। मोटो जीपी तक ले जाने के लिए शटल सेवा की व्यवस्था होगी।

**भारी और मध्यम व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश वर्जित**

दिल्ली बार्डर से जिले में भारी और मध्यम वाहनों का प्रवेश 21 सितम्बर को सुबह छह बजे से 25 सितम्बर की रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज, न्यू अशोक नगर, कोंडली, झुंडपुरा बॉर्डर, परी चौक, नालेज पार्क, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे और यमुना एक्सप्रेस वे पर आवागमन पर रोक रहेगी। एंबुलेंस, दूध, फल, सब्जी आदि के वाहन आ जा सकेंगे। आपात स्थिति में लोग यातायात हेल्पलाइन नंबर 9971009001ए 9355057381 पर कॉल कर सकते है।

**चिकित्सीय सेवा के लिए मार्शल कराएंगे एक्सप्रेस वे पार**

चिकित्सीय सेवा के लिए आपको 9355057380 पर कॉल करनी होगी। इस स्थिति में नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे पर मार्शन मोटर साइकिल से सहायता से यातायात लेन दी जाएगी।

**बस, डीटीसी (अंतरराज्जीय व अंतर जनपदीय)**

दिल्ली आश्रम की ओर से डीएनडी चिल्ला होकर सेक्टर-16 और 37 जाने वाली डीटीसी बस मयूर विहार कोंडली, झुंडपुरा होकर जाएंगी। सिटी सेंटर और सेक्टर-37 से परीचौक जाने वाली यात्री बस सेक्टर-44 गोलचक्कर से एल्डिको चौक डीपो गोलचक्कर के पास रामलीला पार्क में जा सकेंगी। आगरा की ओर जाने वाली बस यमुना एक्सप्रेस वे से जेवर कस्बा की ओर उतरकर सबौता अंडरपास से खुर्जा बाइपास से होकर जाएंगी।

परी चौक से यमुना एक्सप्रेस से होकर मथुरा, आगरा, लखनऊ जाने वाली बस दनकौर बाइपास से रबूपुरा से सर्विस रोड होकर आगरा की चढ़ने वाले लूप से जाएंगी।

**मोटो जीपी बीआईसी तक जाने के लिए शटल सेवा**

बीआईसी तक जाने के लिए शटल सेवा का संचालन किया जा रहा है। ये सेवा मेट्रो स्टेशन से मिलेंगी। शटल नोएडा के बोटेनिकल गार्डन, सेक्टर-148, डेल्टा-01 और डिपो ग्रेटरनोएडा से मिलेंगी। ये सेवा यहां लेकर नॉर्थ वेस्ट अथवा साउथ ईस्ट जोन से प्रवेश कराएगी।

### गैर व्यवसायिक वाहन के लिए रूट डायवर्जन

दिल्ली से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर रोक रहेगी। ग्रेनो, मथुरा, आगरा, लखनऊ की ओर जाने के लिए गैर व्यवसायिक वाहन एनएच-9, 24, 91 से जा सकेंगे।

नोएडा क्षेत्र से दिल्ली-गाजियाबाद की ओर जाने वाले गैर व्यवसायिक वाहन एमपी-1, 2 व 3 और डीएससी मार्ग से न्यू अशोक नगर, झुंडपुरा, एनआईबी, छिजारसी से जा सकेंगे।

दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ से मथुरा, आगरा, लखनऊ की ओर सभी वाहन एनएच 9, 24 व एनएच-91 से जा सकेंगे।

आगरा, मथुरा, लखनऊ से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे होकर जाने वाले वाहन अलीगढ़ टप्पल से बुलंदशहर व मथुरा से दिल्ली होकर जाएंगे।

ग्रेनो वेस्ट से दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ जाने वाले वाहन किसान चौक से तिगरी, पर्थला से छिजारसी होकर जाएंगे।

एक्सप्रेस वे से दिल्ली, गाजियाबाद जाने वाले गैर व्यवसायिक वाहन ग्रेनो वेस्ट मार्गों से किसान चौक होकर जा सकेंगे।

फेस-2 से दिल्ली जाने वाले गैर व्यवसायिक वाहन डीएससी रोड से न्यू अशोक नगर, झुंडपुरा, सोरखा और पर्थला ओर जा सकेंगे।

21 से 25 तक किसी भी सार्वजनिक स्थान पर ऑटो और ई रिक्शा पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

उवाच "

सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर-22 डी में ओरिस डेवलपर का 2015 से चले रहे स्टे को खत्म कराने के लिए पैरवी नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्रवाई जाएगी। इस बिल्डर को 2011 में 200 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। 2012 में रजिस्ट्री हो गई। इसके बाद किसान अधिग्रहण रद्द कराने के लिए कोर्ट चले गए और मामला अटक गया। काम अटकने के चलते बिल्डर को तीन बार जीरो पीरियड दिया गया। **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ**

# यमुना प्राधिकरण प्रदेश का सबसे बड़ा विवि एजूकेशन हब बनेगा

- **यमुना प्राधिकरण जल्द ला रहा चार विश्वविद्यालय भूखंड़ों का आवंटन**
- **साथ ही प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग, डॉटा सेंटर, औद्योगिक भूखंड की योजना कर रहा लांच**

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क के बाद यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र एजूकेशन का सबसे बड़ा हब बनने जा रहा है। खासतौर से यमुना प्राधिकरण विश्वविद्यालय का एक बड़ा हब बनने की ओर अग्रसर है, इसके लिए प्राधिकरण जल्द ही चार विवि के लिए भूखंड की योजना ला रहा है। इसके साथ यमुना प्राधिकरण संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग, डाटा सेंटर और औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच करने जा रहा है। इसकी सारी तैयारी पूरी हो गई हैं। मंगलवार को संस्थागत की योजना निकाली जाएगी। इस योजना में विवि के लिए भूखंड रखे गए हैं।

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-22 ई में चार और सेक्टर-17 में एक भूखंड विवि के लिए आरक्षित किया है। इसकी योजना मंगलवार को निकाली जाएगी। प्राधिकरण ने सेक्टर-22 ई में 50-50 एकड़ के दो और 26-26 एकड़ के दो भूखंड विवि के आरक्षित किए गए हैं। इसी तरह सेक्टर-17 में एक भूखंड 30 एकड़ का है। इनका आवंटन उद्योगों के लिए तय किए गए नियमों के तहत आवंटन किया जाएगा। यह आवंटन साक्षात्कार के जरिये होगा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में दो विवि पहले से चल रहे हैं। इसमें गलगोटिया और नोएडा इंटरनेशनल विवि शामिल है। जबकि दो का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें नरसी मोंजी और जीबीएम संस्था शामिल है। फरवरी महीने में लखनऊ में हुई ग्लोबल इनवेस्टर समिट में यमुना प्राधिकरण के साथ 29 संस्थाओं ने विवि के लिए एमओयू किया था। इसको ध्यान में रखकर योजना निकाली गई है।

यमुना प्राधिकरण मिश्रित भू उपयोग के साथ सामान्य भूखंडों की योजना निकालेगा। मिश्रित भू उपयोग में पांच भूखंड और सामान्य श्रेणी के उद्योगों के 296 भूखंडों की योजना आएगी। मिश्रित भू उपयोग की योजना सेक्टर-24 में आएगी और इसमें पांच भूखंड हैं। ये भूखंड 10-10 एकड़ के होंगे। साक्षात्कार के जरिये भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसमें 75 प्रतिशत उद्योग, 12 प्रतिशत आवासीय, आठ प्रतिशत व्यवसायिक और पांच प्रतिशत संस्थागत भू उपयोग होगा। इसके अलावा सामान्य श्रेणी के उद्योगों के लिए 296 भूखंडों की योजना आएगी। ये भूखंड चार हजार वर्ग मीटर से छोटे हैं। इसलिए इनका आवंटन ड्रा के जरिये किया जाएगा। इस श्रेणी में चार हजार वर्ग मीटर से बड़े भूखंडों की योजना भी आएगी। एक-दो दिन में भूखंड संख्या तय हो जाएगी। यह आवंटन साक्षात्कार के जरिये होगी। यमुना प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग योजना भी लांच करेगा। इस योजना में छह प्लाट होंगे। इसमें 10 एकड़ के दो और पांच एकड़ के चार भूखंड होंगे। इसमें आवंटियों को पांच साल में भुगतान करना होगा। इस योजना के जरिये लोगों को एयरपोर्ट के पास फ्लैट लेने का मौका मिलेगा। इसका रेट 30750 रुपए प्रति वर्ग मीटर है। नीलामी के जरिये आवंटन होगा।

प्राधिकरण डाटा सेंटर की योजना भी लाएगा। इस योजना में पांच भूखंड हैं। इसमें तीन प्लाट 10-10 एकड़ के और दो प्लाट 5-5 एकड़ के हैं। इस योजना में 35 हजार करोड़ का निवेश हो सकेगा। यह योजना भी इसी हफ्ते लांच हो जाएगी। इसके अलावा सेक्टर-28 में होटल और संस्थागत श्रेणी में मिल्क व वेजीटेबल बूथ और धार्मिक स्थल की योजना आएगी।

### संस्थागत भूखंड का आवंटन पत्र देर से जारी करने पर जांच के आदेश

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने संस्थागत भूखंडों की योजना निकाली थी। योजना में 25 अगस्त को आवंटन कर दिया गया। बावजूद इसके 18 अगस्त तक आवंटन पत्र जारी नहीं हो सके। इतने दिनों बाद आवंटन पत्र जारी होने का मामला सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह तक पहुंचा तो विभाग हरकत में आ गया। सीईओ ने मामले की जांच एसीईओ कपिल सिंह को सौंपी है। कहा है कि किन कारणों से आवंटन पत्र जारी नहीं हुए हैं। इसकी जांच करके दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

# यमुना प्राधिकरण में कई परियोजना के लिए जमीन का रास्ता साफ

- **चार गांव के करीब 2000 किसानों को 64.4 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा जल्द मिलेगा**

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। किसानों को अतिरिक्त मुआवजा न मिलने के कारण यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण को कई परियोजनाओं के लिए जमीन नहीं मिल पा रहा है। अतिरिक्त मुआवजा को किसानों को कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट से चार गांवों के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा मिलने का रास्ता साफ हो गया। इससे करीब दो हजार किसानों को फायदा मिलेगा और यमुना प्राधिकरण को जमीन न मिलने के कारण रूकी पड़ी कई परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। यमुना प्राधिकरण में अब तक 13 गांवों के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अब सिर्फ आठ गांव का और मामला रह गया है।

ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के किसानों ने अतिरिक्त मुआवजा की मांग कर रखी थी। किसानों ने इसके खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। बाद में प्राधिकरण ने किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने को तैयार हो गया। इसके लिए किसानों को कोर्ट से याचिका वापस लेना होगा। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह ने गुनपुरा के तीन, मथुरापुर के एक, मुस्तफाबाद के एक, कादलपुर के एक याचिका पिछले दिनों ने कोर्ट से वापस ले लिया है। इन चार गांवों में करीब 800 खाते और दो हजार के करीब किसान है। जिनको अतिरिक्त मुआवजा मिलना है। इन चार गांवों में जेपी, सेक्टर-24, मिश्रित भूखंड, पंतजलि, वीवो समेत कई औद्योगिक इकाईयों की परियोजना फंसी हुई थी। कोर्ट से याचिका वापस लेने के बाद अगले सप्ताह से इन चार गांवों के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा बांट कर जमीन पर लेगा। प्राधिकरण गांवों में शिविर लगाकर किसानों को मुआवजा बांटेगा। इससे पहले 13 गांव के किसान भी अतिरिक्त मुआवजा को कोर्ट से याचिका वापस ले चुके है। प्राधिकरण इन गांवों में मुआवजा बांटने की प्रक्रिया शुरू कर जमीन पर कब्जा ले रहा है। सीईओ ने बताया कि अब आठ गांवों का और मामला कोर्ट में है, जिस पर सुनवाई चल रहा है, जल्द ही फैसला आने की उम्मीद है। किसानों को अतिरिक्त मुआवजा मिलने के बाद प्राधिकरण जमीन पर कब्जा लेकर अधूरी पड़ी परियोजनाओं को जल्द पूरा करने का कार्य शुरू कर देगा।

# यीडा में तीन साल से एक विभाग में डटे अधिकारी व कर्मचारी हटेंगे

- **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ ने समीक्षा के दौरान लिया फैसला**

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में तीन साल से एक ही विभाग में डटे अधिकारियों व कर्मचारियों की शामत आने वाली है। जल्द ही प्राधिकरण ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार कर दूसरे विभाग में तबादले करने जा रहा है। प्राधिकरण के इस फैसले से पिछले कई सालों से मलाईदार पद पर बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में ज्यादातर कर्मचारी और अधिकारी एजेंसी के माध्यम से तैनात है। तैनात होने के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक पहुंच कर इस्तेमाल कर संपत्ति, औद्योगिक, भूलेख समेत कई महत्वपूर्ण विभागों में पिछले कई सालों से कुर्सी पर आसीन है। प्राधिकरण की तरफ से जब भी इन अधिकारियों व कर्मचारियों के विभाग बदलने का प्रयास किया गया उन्होंने अपने आका की पहुंच का इस्तेमाल कर विभाग बदलने से रूकवा लिया। इन अधिकारियों व कर्मचारियों के कारण प्राधिकरण रिश्वतखौरी पर लगाम नहीं लग पाया। इस लगाम लगाने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ डाक्टर अरूणवीर सिंह ने सोमवार को विभागीय समीक्षा की और सभी विभागाध्यक्षों से ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची मांगी है जो पिछले तीन साल से एक ही विभाग में जमे हुए। सीईओ ने बताया कि सूची आने के बाद इन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरे विभाग में भेजा जाएगा।

# गलत सीसी जारी करने व कोर्ट में स्टे का पैरवी न करने पर यीडा सीईओ ने दिया मामला दर्ज करने का आदेश

- **यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने एक बिल्डर को जारी किया गलत पूर्णता प्रमाण पत्र जारी**
- **दूसरे मामले में सुप्रीम कोर्ट में स्टे खत्म कराने के लिए पैरवी न करने का मामला आया सामाने**

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए गलत रिपोर्ट बनाने और सुप्रीम कोर्ट में स्टे खत्म कराने के लिए पैरवी नहीं करने वालों पर कार्रवाई होगी। दोनों मामलों की विभागीय जांच होगी। साथ ही यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

यमुना प्राधिकरण सेक्टर-25 में रायल होम्स परियोजना है। इसमें 2019 और 2022 में आशंकि पूर्णता प्रमाण पत्र (सीसी) जारी किए गए। इस परियोजना में तीन परिवार रह रहे हैं। इसके खरीदारों ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह से शिकायत की। शिकायत में बताया कि परियोजना में क्लब, स्वीमिंग पूल, पहुंच मार्ग, सीवर और ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं है। इसके बावजूद सीसी जारी कर दिया गया। प्राधिकरण ने इसकी जांच करवाई। जांच में ये कमियां पाई गईं। इसके बाद सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने इस मामले में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। अगर जांच में प्लेसमेंट पर रखे गए लोगों की भूमिका आती है तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सेक्टर-22 डी में ओरिस डेवलपर का 2015 से चले रहे स्टे को खत्म कराने के लिए पैरवी नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्रवाई जाएगी। इस बिल्डर को 2011 में 200 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। 2012 में रजिस्ट्री हो गई। इसके बाद किसान अधिग्रहण रद्द कराने के लिए कोर्ट चले गए और मामला अटक गया। काम अटकने के चलते बिल्डर को तीन बार जीरो पीरियड दिया गया। इसके बाद बिल्डर हाईकोर्ट गया और कहा कि उसे पूरे समय का जीरो पीरियड चाहिए। यह याचिका खारिज हो गई। दिसम्बर 2015 में बिल्डर सुप्रीम कोर्ट गया और स्टे दे दिया। तब से स्टे चल रहा है। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि स्टे खत्म कराने के लिए प्राधिकरण की ओर से कोई प्रयास नहीं किया गया। इसलिए संबंधित अफसरों पर एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। साथ ही गत शुक्रवार को अदालत में स्टे खत्म कराने के लिए आवेदन दिया गया है। उन्होंने बताया कि बिल्डर ने नक्शा तक पास नहीं कराया। जबकि रजिस्ट्री के 9 माह के भीतर मानचित्र पास कराना होता है और 18 महीने के भीतर काम शुरू करना होता है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यीडा के परियोजनाओं की मिलेगी झलक

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यमुना प्राधिकरण अपनी परियोजनाओं को प्रदर्शित करेगा। पॉड टैक्सी का मॉडल इस हाल का आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके लिए एक्सपो मार्ट के हाल नंबर तीन में काम शुरू हो गया। शहर के इंडिया एक्सपोर्ट में 21 से 25 सितम्बर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होगा। यहां यमुना प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों की बड़ी कंपनियां अपने उत्पाद को प्रदर्शित करेंगी। एक्सपो मार्ट का हॉल नंबर-3 में यमुना प्राधिकरण के नाम रहेगा। यहां पर पॉड टैक्सी परियोजना को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो मार्ट के हाल नंबर तीन में बड़ी कंपनियां भी अपने स्टॉल लगाएंगी। इसमें जेबीएम, एलेंजर्स, यंगटैंग, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि., ओसिस रियलटेक, गौड़ सिटी, न्यू जेन, वीवो, बीकानेरवाला, प्रिया गोल्ड, अल्फा मिल्क फूड्स, केंट आरओ, डीएस ग्रुप, पतंजलि, ट्वाय पार्क और अपैरल पार्क शामिल हैं।

## साइट-सी के पार्क की सौंदर्यीकरण व रख रखाव करेगा वेदिका फाउंडेशन

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। साइट-सी सूरजपुर हाउसिंग एक्सटेंशन स्थित पार्क के सौंदर्यीकरण व रखरखाव की जिम्मेदारी यूपीसीडा ने वैदिका फाउंडेशन को प्रदान की है। वेदिका फाउंडेशन की सचिव डॉ. सपना आर्या ने यूपीसीडा के निर्णय का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों के सहयोग से जल्द ही पार्क को विकसित कर उसमें वृक्षारोपण किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण वेदिका फाउंडेशन के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। स्थानीय निवासियों की सहायता से इस पार्क को हरा भरा करके संस्था का उद्देश्य तो पूरा होगा ही साथ ही



पार्क का सौंदर्यीकरण होगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। बच्चों को खेलने के लिए हरा भरा पार्क मिलेगा। यहां पर खुले में खेलने के लिए जगह ना होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शारीरिक खेलकूद व योगाभ्यास आदि का उचित स्थान विकसित होगा। पार्क के विकास की रूपरेखा यूपीएसआइडसी द्वारा निर्धारित नियमों का पूर्णत: पालन करते हुए बनाई जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विकास कार्य में मदद की अपेक्षा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह पार्क पूरी तरह से अव्यवस्थित है। पार्क में कोई भी हरियाली, पेड़ पौधे, फुलवारी नहीं है। धूल उड़ती रहती है। उचित रख रखाव नहीं हो पा रहा है। क्योंकि इस पार्क को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पार्क के नाम से जाना जाता है अत: इसका समुचित विकास अति आवश्यक है। फाउंडेशन ने पार्क की जिम्मेदारी लेकर यहां अति उत्तम कार्य किया है।

## जनता की समस्याओं के निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



- **जिलाधिकारी ने बैठक में उप जिलाधिकारियों को तहसील में लंबित चल रहे प्रकरणों के निस्तारण के दिए निर्देश**

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की, जिसमें अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा न्यायिक उप जिला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने एसडीएम एवं न्यायिक एसडीएम को निर्देश दिए कि उनके न्यायालय में धारा 24, 116, पैमाइश, विरासत, वसीयत, कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि में परिवर्तन करने के लिए जो भी प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका नियत समय में निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व मामलों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारी की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने ई डिस्टिक पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं जैसे जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और हैसियत प्रमाण पत्रों के लंबित मामलों को लेकर उप जिलाधिकारी एवं न्यायिक उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए की वह प्रतिदिन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करते हुए प्रमाण पत्रों को तय समय में जारी करते हुए आवेदकों को उपलब्ध कराए जाएं। जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए उप जिला अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि तहसील के प्रकरणों को केवल न्यायिक उप जिलाधिकारियों को हस्तांतरित न किए जाएं, उप जिलाधिकारी एवं न्यायिक उप जिलाधिकारी पर समान रूप से प्रकरण रहे, ताकि लंबित चल रहे प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जा सके। सभी अधिकारी प्रतिदिन समय से अपनी-अपनी तहसीलों में उपस्थित होकर शासन के महत्वपूर्ण पोर्टलों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुने।

जिलाधिकारी उप जिला अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध प्लॉटिंग करने वाले भूमाफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए और जो भी अवैध निर्माण होता पाया जाए, उसका ध्वस्तीकरण कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, सदर अंकित कुमार, जेवर अभय सिंह तथा सभी तहसीलों से न्यायिक उप जिलाधिकारीगण व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## बैक्सन अस्पताल के सहयोग से बच्चों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। बैक्सन मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने दिल्ली, में केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच अभियान का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत चार हजार से अधिक छात्रों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच प्राप्त हुई। इस पहल का उद्देश्य छात्रों



का कल्याण सुनिश्चित करना था और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। यह कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोड़ सेक्टर-3, सादिक नगर, नई दिल्ली में हुई, जिसमें विभिन्न आयु समूहों के 4000 से अधिक छात्रों का अधिकांश भाग लिया। बैक्सन मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल से डॉक्टर, नर्सेस, और सहायक कर्मचारी की टीम ने हर छात्र को व्यापक स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए कठिन प्रयास किया। स्वास्थ्य जांच अभियान ने निम्नलिखित चिकित्सा सेवाओं की व्यापक वितरण किया। सामान्य स्वास्थ्य जांच में दांत की जांच, आंख की जांच, पोषण सलाह, प्रतिष्ठानीकरण समीक्षा, ऊंचाई और वजन विश्लेषण, श्वसन जांच, बैक्सन मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के अस्पताल प्रमुख, डॉ. विशाल सिंह ने इस अभियान के प्रति अपने उत्साह का अभिव्यक्ति किया और कहा कि बैकसन पर हम मानते हैं कि बीमारियों को दूर करने के लिए निवारण महत्वपूर्ण है। हम स्कूलों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करके स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान जल्दी कर सकते हैं और छात्रों और उनके परिवारों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय के छात्रों और उनके माता-पिता दोनों से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा मिली। कई माता-पिता ने अपने बच्चों की स्वास्थ्य की मौजूदगी को साइट पर मूल्यांकित करने की सुविधा की सराहना की और इस घटना को अपने बच्चों के कल्याण की सुनिश्चित करने के एक मूल्यवान स्रोत के रूप में पाया।

## जीबीयू और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ ने अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के लिए मिलाया हाथ

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से स्वर्ग से बुद्ध के अवतरण को चिह्नित करते हुए, अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस मनाने की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह कार्यक्रम 28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन ग्रेटर नोएडा के जीबीयू परिसर में होने वाला है। इस वर्ष का उत्सव विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह विपश्यना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयनका के शताब्दी वर्ष के साथ मेल खाता है। विपश्यना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयनका का शताब्दी वर्ष इस आयोजन का एक और उल्लेखनीय पहलू है। ध्यान और माइंडफुलनेस की दुनिया के एक प्रसिद्ध विद्वान डॉ. गोयनका ने दुनिया भर में विपश्यना ध्यान के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईबीसी के निदेशक प्रोफेसर रवींद्र पंथ ने कहा कि डॉ. गोयनका का शताब्दी समारोह उनकी स्थायी विरासत का सम्मान करता है, मानवता की भलाई में उनके योगदान पर जोर देता है। प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने कहा है कि 'बुद्ध धम्म के सिद्धांत और वैश्विक कल्याण : प्रकृति, महत्व और प्रयोज्यता' पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी 28 से 30 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य शांति, समृद्धि, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, आध्यात्मिकता और सद्भाव के संदर्भ में बुद्ध की गहन शिक्षाओं का पता लगाना है। सम्मेलन के निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समकालीन वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने में बौद्ध सिद्धांतों की भूमिका पर चर्चा करने के लिए विद्वानों, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ताओं को आकर्षित करना है। सम्मेलन के मुख्य विषय और उप-विषय अभिधम्म दर्शन से लेकर विपश्यना ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य, लिंग भेदभाव, ग्लोबल वार्मिंग और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर बौद्ध धर्म के प्रभाव जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया है। बौद्ध अध्ययन और संबंधित क्षेत्रों के विद्वानों, शोधकर्ताओं और अभ्यासकर्ताओं से सार-संक्षेप आमंत्रित किए जाते हैं। सार प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2023 है, और पूर्ण कागजात 25 अक्टूबर, 2023 तक अपेक्षित हैं। कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने कहा कि यह भव्य समारोह और सम्मेलन वैश्विक कल्याण की बेहतरी के लिए गहन चर्चा, चिंतन और बौद्ध शिक्षाओं की खोज के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। हम इस समृद्ध आयोजन में दुनिया भर से प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।


नाम परिवर्तन

मै, Girish Nagar पुत्र Sunder Singh Nagar निवासी मकान नं0 263, आर्दश नगर कॉलोनी सूरजपुर, गौतमबुद्वनगर उ0प्र0 मेरे ड्राईविंग साईसेन्स में पिता जी का नाम त्रुटिवश Sundar Nagar हो गया है जबकि पिता जी सही नाम Sunder Singh Nagar है। भविष्य में इसी नाम को माना जाये।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने ग्रहण किया पदभार

- **क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र शिशोदिया, दादरी व जेवर विधायक कार्यक्रम में हुए शामिल**

**ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी के भाजपा जिला कार्यालय पर पदग्रहण समारोह आयोजित किया, जिसमें पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया रहे, विशिष्ट अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह रहे। सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी के पदग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी को बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीतिनीति और केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। 17 सितम्बर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़े के रूप में रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर आयुष्मान भारत कार्ड के लिए जनजागरूक अभियान के लिए बाईक रैली का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा है ये सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर 2023 तक सभी जिलों में चलेगा। इन कार्यक्रमों में सभी कार्यकर्ता अपनी सहभागिता निभाते हुए जनता के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाएं दादरी विधायक तेजपाल नागर और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी को बधाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का जिला अध्यक्ष बनने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि हम सब मिलकर पार्टी की रीति नीति और सरकार की योजनाओ को जन जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से निर्वतमान जिला अध्यक्ष विजय भाटी दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी, हरीश ठाकुर, आशीष वत्स, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, एच.के. शर्मा, बिजेंद्र प्रमुख सेवानंद, कर्मवीर आर्य, रवि जिंदल, रजनी तोमर, रिंकू भाटी, इन्द्र नागर आदि लोग मौजूद रहे।




ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर पल्ला की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.एल.511, भूखण्ड संख्या-72, पाकेट-डी, क्षेत्रफल-260 वर्ग मीटर श्री रतीराम पुत्र श्री लिखीराम, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवटी श्री रतीराम पुत्र श्री लिखीराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री कृष्ण कुमार पुत्र स्व० श्री रतीराम, श्री रन सिंह पुत्र स्व0 श्री रतीराम, श्रीमती किशनदेई पत्नी स्व० श्री रतीराम, श्रीमती वीरवती (विवाहित), श्रीमती बिमलेश (विवाहित), श्रीमती सुमन (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री रतीराम निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री कृष्ण कुमार पुत्र स्व० श्री रतीराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामातरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अत: इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री कृष्ण कुमार पुत्र स्व0 श्री रतीराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष ने सहः आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 19 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## इतिहास से कटने और अलग दिखने की कवायद

देश के ऐतिहासिक संसद भवन में बुलाये गये अंतिम सत्र का पहला व आखिरी दिन अनुमानों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'वन मैन शो' ही रहा। सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष जिस प्रकार से मोदी ने सकारात्मक नोट से अपनी बातें प्रारम्भ कीं तथा लोकसभा के भीतर अपने उद्बोधन में भी कुछ अच्छी बातें करके लोगों को कुछ समय के लिये चकित किया, उससे लगा कि मोदी भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परम्परा का निर्वहन करते हुए यहां से बिदाई चाहते हैं। होना वही चाहिये था परन्तु अपनी तासीर के मुताबिक उन्होंने वे नकारात्मक बातें भी आखिरकार कह ही डालीं जो कम से कम ऐसे मौकों पर नहीं कहनी चाहिये थीं। बहरहाल, करीब 100 वर्ष पुराना यह संसद भवन, जो महान नेताओं के भाषणों, चर्चाओं, आरोप-प्रत्यारोपों, स्पष्टीकरणों, बयानों, अविश्वास प्रस्ताव लाने और विश्वास मत जीतने, प्रधानमंत्री समेत विभिन्न मतों की सरकारों के बनने व गिरने की अनेकानेक गाथाएं लेकर हमेशा के लिये बन्द हो रहा है। यह भी देखना होगा कि आगे इस भवन का इस्तेमाल किस तरह से मोदी सरकार करती है क्योंकि उनकी विचारधारा के विपरीत वैचारिकी व सैद्धांतिकी का प्रवर्तन करने वाली सारी इमारतों को वे ऐसा रूप देना चाहते हैं कि इतिहास उनका पीछा छोड़ दे।

यहां का सारा माल-असबाब अब नये संसद भवन में तो चला जायेगा लेकिन देखना होगा कि क्या नया संसद भवन लोकतंत्र को वैसा ही मजबूती प्रदान करेगा, जैसा इस भवन के दोनों सदनों- लोकसभा व राज्यसभा ने किया है? देखना यह भी होगा कि क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित असहमति के भी सम्मान की उज्ज्वल परम्परा का निर्वाह नयी संसद कर पायेगी? हालांकि पिछले 9 वर्षों से अधिक समय से देश तो असहमति के कुचलने के ही दृष्टांतों का साक्षी रहा है- संसद के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी।

लोकसभा का चुनाव अगले साल के मध्य में निर्धारित है। मोदी इसके पहले ऐसा भवन बनवा लेना चाहते थे जिस पर उनका नाम ऐसा लिखा हो जो मिटाया न जा सके। सम्भवत: इसलिये कोरोना के वक्त इसका शिलान्यास हुआ और ढाई-तीन वर्षों की रिकार्ड गति से इसे पूरा कर लिया गया। यह वही समय था जब असंख्य लोग कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर की चपेट में आकर आक्सीजन, एंबुलेंसों, अस्पताल में बिस्तरों की कमी से परेशान थे। श्मशान घाटों में लम्बी कतारें लगी थीं और मृत शरीर या तो नदियों में बहाये जा रहे थे अथवा नदी किनारे रेतों में दबाये जा रहे थे। दुनिया भर में जब सारी सरकारें अपने सारे वित्तीय संसाधनों का इस्तेमाल लोगों के बचाने में कर रही थीं, मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा निर्बाध रूप से साकार हो रहा था। संसद लोगों के लिये होती है परन्तु यह भवन लोगों की जान की परवाह किये बगैर पूरा हो रहा है जिसमें प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में बैठने का गौरव मोदी मंगलवार को प्राप्त करेंगे। एक धर्मनिरपेक्ष देश की सर्वोच्च पंचायत का उद्घाटन एक धर्म विशेष के आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ होना साफ संदेश है कि मोदी एक धर्म विशेष को वरीयता देते हैं। सबसे अच्छी बात यह होती कि इसमें सभी धर्मगुरु आमंत्रित होते। ऐसा हो तो बहुत अच्छा है।

मोदी ने आश्चर्यजनक ढंग से ऐसे अनेक नामों का उल्लेख किया जिनका उच्चारण करने से वे कतराते हैं या उनकी सार्वजनिक आलोचना करते हैं। ऐसे लोगों में कांग्रेस के प्रधानमंत्रीगण नेहरू व लालबहादुर शास्त्री से लेकर मनमोहन सिंह तक शामिल हैं। उन्होंने संसद भवन की महत्ता व शक्ति को अनेक सन्दर्भों एवं उदाहरणों से स्थापित तो किया परन्तु यह समझाने में वे असफल रहे कि अगर यह भवन इतना महत्वपूर्ण है तो उसे छोड़कर नया भवन क्यों अपनाया जा रहा है जबकि सच्चे लोकतांत्रिक देशों के सांसद अपनी ऐतिहासिक इमारतों में ही बैठकर जनसेवा करते हैं। उनका बार-बार यह कहना कि नये भवन में नयी ऊर्जा, नये संकल्पों और नये विश्वास के साथ काम होगा, कहीं से इतने बड़े निर्णय को तर्कसंगत नहीं ठहराता क्योंकि ऊर्जा, संकल्प और विश्वास का सम्बन्ध तो मन से है। भला सीमेंट और सरियों से बनी इमारत से उसका क्या लेना-देना है? आखिरकार वर्ष 1947 में 14 व 15 अगस्त की रात को नेहरू ने जो अपना महान भाषण 'नियति से साक्षात्कार' (ट्रिस्ट विद डेस्टिनी) को पढ़ा था, वह भी तो अंग्रेजों की बनवाई इसी इमारत के इसी हाल में पढ़ा था जहां खुद मोदी ने 9 वर्षों से अधिक शासन किया और कई फैसले लिये हैं। यह अलग बात है कि वे सारे असफल सिद्ध हुए जिन्होंने देश को बदहाल व विभाजित ही किया है।


सम्भवत: अपनी इन्हीं नाकामियों से पीछा छुड़ाने के अलावा इतिहास से खुद के साथ तमाम भावी पीढ़ियों को काटने के लिये मोदी नयी इमारत का रुख कर रहे हैं। शायद यह भवन उन्हें उदात्त लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय मर्यादाओं की बारम्बार याद दिलाता होगा। भारत के जिन महान आदर्श पुरुषों की वे आलोचना करते हुए भी उनके समकक्ष होना चाहते हैं, उन्होंने मोदी को इस भवन की चारदीवारियों के बीच सहज नहीं होने दिया होगा। इतिहास से वे अलग दिखना चाहते हैं, इसलिये वे इससे बचकर अपने लिये अलग शरणस्थली निर्मित कर चुके हैं, जहां दूसरे दिन की कार्रवाई होगी, इस सत्र के तहत 22 सितम्बर तक होगी और आगे भी होती रहेगी। शायद मोदी सोचते होंगे कि नये भवन में जाने से इतिहास नये सिरे से लिखा जायेगा जिसमें उनकी नापंसदगी के लोग व घटनाएं नहीं होंगीं और अकेले वे ही होंगे, तो वे भूल कर रहे हैं। पते बदल जाने से इतिहास नहीं बदलता।

# विशेष सत्र, मोदी जी की वाहवाही के लिए!

संसद के रहस्यमय विशेष सत्र का रहस्य, इस सत्र की पहली बैठक से ही काफी हद तक खुल गया लगता है। ऐसा नहीं है कि तमाम संसदीय नियम-कायदों तथा जनतंत्र के तकाजों के विपरीत, मोदी मंडली ने अब भी सांसदों से भी इसकी जानकारी छुपाने की कोशिश खत्म कर दी हो कि पांच दिन के इस विशेष सत्र में, आखिर विशेष क्या होगा? हैरानी की बात नहीं है कि विशेष सत्र से ठीक पहले, संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त सभी पार्टियों की बैठक के बाद भी, राज्य सभा में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, बहुत मुखर होकर इसकी शिकायत कर रहे थे कि इस बैठक तक में, विभिन्न पार्टियों के नेताओं को यह नहीं बताया गया कि सत्र में ठीक-ठीक, क्या-क्या होने जा रहा है। दोनों सदनों के संदर्भ में जिन कतिपय विधेयकों के लिए जाने की जानकारी आयी है, उनके अलावा भी कुछ है जो अभी नहीं बताया जा रहा है, इस धारणा को मोदी मंडली अब भी सायास बल दे रही है। और तो और, सत्र शुरू होने के ऐन पहले, संसद के बाहर मीडिया के लिए अपने एकालापी संबोधन में, प्रधानमंत्री ने जिस तरह, विशेष सत्र के 'समय में छोटा' किंतु 'ऐतिहासिक निर्णयों' से भरा होने की बात कही है, उसने भी सत्र के 'छुपे एजेंडा' की अटकलों को कुछ बल ही दिया है।

इसके बावजूद, इस विशेष सत्र की लोकसभा की पहली बैठक की शुरूआत से इस संभावना को बहुत बल मिला है कि शायद इस विशेष सत्र की मुख्य विशेषता, इसका प्रधानमंत्री की मोदी की वाहवाही का विशेष अवसर बनाया जाना ही हो। जैसाकि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, लोकसभा की बैठक की शुरूआत स्पीकर द्वारा जी-20 के सफल आयोजन के लिए बधाई देने के नाम पर, प्रधानमंत्री मोदी के ''नेतृत्व'' की भूरि-भूरि प्रशंसा किए जाने के साथ हुई। और इसके फौरन बाद, 'संसद की 75 वर्ष की यात्रा' पर प्रधानमंत्री मोदी के विस्तृत संबोधन में, जी-20 की सफलता के लिए आत्मश्लाघा के इस सिलसिले को और आगे बढ़ाया गया, जिसका संकेत प्रधानमंत्री ने बैठक शुरू होने से पहले के, संसद के दरवाजे पर दिए गए अपने वक्तव्य में ही दे दिया था। और जैसाकि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, प्रधानमंत्री ने इसके साथ चंद्रयान-3 की सफलता को भी जोड़ दिया। इसके लिए वह अपने खास अंदाज में चांद पर तिरंगा फहराने के साथ ही, शिव-शक्ति पाइंट की याद दिलाना नहीं भूले।

फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के इस लगभग एक घंटे के भाषण से लोकसभा को कुछ हैरानी जरूर हुई होगी। संसद की 75 वर्ष की यात्रा की चर्चा का प्रधानमंत्री का यह भाषण, कुछ ज्यादा ही मौके के अनुरूप था। पिछले नौ साल से ज्यादा में नरेंद्र मोदी का संसद में और वास्तव में संसद के बाहर भी, दूसरा शायद ही कोई ऐसा भाषण हुआ होगा, जिसमें उन्होंने अपने से पहले के दौर को, इतनी उदारता से याद किया होगा। नरेंद्र मोदी के मुंह से पंडित जवाहरलाल नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी के लिए प्रशंसा के शब्द सुनकर, बहुतों को अवश्य हैरानी हुई होगी। जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि के ''ट्राइस्ट विद डेस्टिनी'' वाले भाषण का ही संसद की 75 साल की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने उल्लेख नहीं किया, बांग्लादेश के आंदोलन के लिए इंदिरा गांधी के समर्थन और बांग्लादेश की स्थापना में योगदान का भी उल्लेख करना उन्हें जरूरी लगा। प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से ऐसे निर्विवाद और अनाक्रामक बोल सुनना, कम से कम अब बेशक हैरान करता है।



राजेन्द्र शर्मा

**मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है।**

फिर भी इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस संबोधन में सचमुच पूरी तटस्थता से, संसद की 75 साल की यात्रा का आख्यान प्रस्तुत करने की कोशिश की। जाहिर है कि मोदी के लिए न तो यह संभव था और न ही उनसे कोई इसकी अपेक्षा भी करता है। उल्टे मोदी से वस्तुगतता की अपेक्षा इतनी कम हो चुकी है कि उनके भाषण में खासतौर पर विपक्षियों के प्रति आक्रामकता में कमी और लंबे अर्से तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस से जुड़े अपने पूर्व-वर्तियों, विशेष रूप से नेहरू तथा इंदिरा गांधी के लिए सम्मान के दो शब्द कहने भर से, उनका भाषण हैरान करने वाला लगने लगा। वर्ना नरेंद्र मोदी की इस ओढ़ी हुई उदारता की ''सीमाएं'' भी साफ दिखाई दे रही थीं। जिस तरह उन्होंने पूर्व-प्रधानमंत्रियों में राजीव गांधी का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा और मनमोहन सिंह के कार्यकाल को किसी भी सकारात्मक चीज के लिए याद करना तो दूर रहा, सिर्फ उनके दौर में हुए ''कैश फॉर वोट'' प्रकरण के लिए ही याद करना जरूरी समझा, उससे साफ था कि प्रधानमंत्री मोदी का रुख नहीं बदला था, वह सिर्फ मौके के हिसाब से अपना स्वर थोड़ा एडजस्ट कर रहे थे। वर्ना प्रधानमंत्री को इसका बखूबी पता होगा कि कैसे ''कैश फॉर वोट'' प्रकरण की जांच में आखिरकार, कुछ भी नहीं निकला था। उल्टे उस प्रकरण में मास्टर माइंड के रूप में कुख्यात हुए, दिवंगत अमर सिंह, अपने आखिरी समय में नरेंद्र मोदी की पार्टी के ही साथ जुड़ चुके थे।

मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है। यह भी हैरानी की बात नहीं है कि लोकसभा के स्पीकरों का जिक्र करते हुए भी, नरेंद्र मोदी को पहले स्पीकर के बाद, सिर्फ भाजपा के दो स्पीकरों के नाम याद रहे और सोमनाथ चैटर्जी तक का नाम याद नहीं रहा। दूसरी ओर, खुद ही अपनी प्रशंसा का बाजा बजाते हुए नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में संविधान की धारा-370 का खत्म किया जाना, जीएसटी आदि, अपने हिसाब से अपनी पहले की तमाम उपलब्धियों का भी ठीक-ठाक तरीके से बखान किया, जबकि किन्हीं सीमाओं के जिक्र को अपने आस-पास फटकने तक नहीं दिया। आखिरकार, उन्हें अपने पूर्ववर्तियों के कार्यकाल की उतार-चढ़ाव भरी कहानी के सामने, अपनी सिर्फ कामयाबियों भरी कहानी जो पेश करनी थी।

फिर भी कुल मिलाकर यह प्रधानमंत्री मोदी का एक प्रकार से विदाई भाषण था। और विदाई भाषण के अनुरूप इसमें पूर्व-वर्तियों के प्रति कुछ उदारता थी और सब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन था। हालांकि, मोदी जी को यह बखूबी याद था कि यह विदाई पुराने संसद भवन की ही थी, जिसका पता संसद की दीवारों तक के प्रति उनके कृतज्ञता ज्ञापन से लगता था, फिर भी यह भाषण सुनते हुए बहुतों को यह मोदी जी का विदाई भाषण ही लगा हो, तो हैरानी की बात नहीं होगी। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन, इस विशेष सत्र के बुलाए जाने के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक था। याद रहे कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के संबोधन की बात नहीं है। यह पुराने संसद भवन से संसद के नये भवन में जाने को, अपने आप में एक बड़े और ऐतिहासिक ईवेंट का रूप दिए जाने का मामला है। और इस संबोधन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी को उसी प्रकार, इस समूचे ईवेंट के केंद्र में स्थापित किया जाना है, जैसे सेंगोल संस्कार के माध्यम से, प्रधानमंत्री मोदी को जून के आखिर में हुए नये संसद भवन के उद्घाटन के ईवेंट के केंद्र में स्थापित किया गया था। इस ईवेंट पर अतिरिक्त ऐतिहासिकता लादने की सचेत कोशिश में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विदाई संबोधन के आखिर में यह याद दिलाने का विशेष रूप से ध्यान रखा कि वह, वर्तमान और भविष्य के संधिकाल पर खड़े थे; वर्तमान को भविष्य से जोड़ने वाली कड़ी पर खड़े होकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। यह खुद ही अपने लिए जबर्दस्ती महानता का आविष्कार की सचेत कोशिश के सिवा और कुछ नहीं है।

पांच दिन के सत्र में से पहला दिन, 'संसदीय यात्रा' में और दूसरा दिन सांसदों के नये भवन में प्रवेश में निकल जाने के बाद, बचे हुए तीन दिनों में कोई और धमाका किए जाने के आसार कम ही हैं। उधर कांग्रेस के महिला आरक्षण का मुद्दा उठाने तथा बीआरएस के सांसदों के इस मांग पर संसद में गांधी की प्रतिमा पर प्रदर्शन करने के बाद, महिला आरक्षण के मामले में भी मोदी सरकार के कोई धमाका करने की उम्मीद लगभग खत्म ही हो गयी है। ऐसे में हैरानी की बात नहीं होगी कि संसद भवन तबादले के बाद, बाकी विशेष सत्र सरकारी काम की रस्मअदायगी में ही गुजरे और आगे कोई उल्लेखनीय ईवेंट न हो। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी की वाहवाही के इस नयी संसद ईवेंट के बाद और कोई ईवेंट होगा तो अब, इस मुख्य ईवेंट से ध्यान बंटाने का ही काम करेगा और यह मोदी जी के छवि निर्माताओं को हर्गिज मंजूर नहीं होगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर व्यापक बहस और चर्चा की जरूरत

■ **हरिहर स्वरूप**

एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बहस दो संबंधित विषयों - तकनीकी व्यवहार्यता और राजनीतिक उद्देश्यों - के इर्द-गिर्द घूमती हुई प्रतीत होती है। इस मकसद के समर्थक कई तकनीकी मुद्दों को उठाते हैं -जैसे चुनाव की बढ़ती लागत, प्रशासनिक तकनीकी समस्याएं और भ्रष्टाचार की संभावनाएं, शासन पर लगातार चुनावों का नकारात्मक प्रभाव और नीतिगत पहल का चुनाव-केंद्रित होना।

ये चिंताएँ बिल्कुल नयी नहीं हैं। चुनाव सुधारों पर विभिन्न आधिकारिक रिपोर्टों, जिनमें विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट भी शामिल है, जिसका हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है, ने कई मौकों पर इन महत्वपूर्ण तकनीकी प्रशासनिक सवालों को उठाया है। इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि ये मुद्दे हमारी लोकतांत्रिक राजनीति के कार्यात्मक पहलुओं को प्रभावित करते हैं।

**चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है।**

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' थीसिस के विरोधी भाजपा के राजनीतिक उत्साह पर सवाल उठाते हैं। सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को एक सोची-समझी राजनीतिक चाल के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रस्ताव को लागू कैसे किया जा सकता है उसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित एक उच्चस्तरीय समिति में विपक्ष के नेता के रूप में शामिल किये गये कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति के संदर्भ की शर्तों की आलोचना की है।

अधीर रंजन चौधरी की राय में, यह प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित है तथा 'आधारभूत रूप से गैर-व्यवहार्य और तार्किक रूप से कार्यान्वित नहीं हो सकने वाला' है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल अपनी आलोचना में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। उनके मुताबिक, 'अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो गया तो वे (भाजपा नेता) पांच साल तक अपना चेहरा नहीं दिखायेंगे।'

चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है। विशेष रूप से, हमें एक बहुत ही बुनियादी प्रश्न की जांच करने की आवश्यकता है- औपनिवेशिक भारतीय संदर्भ में संवैधानिक लोकतंत्र और चुनावों के बीच क्या संबंध है?

हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय संविधान एक राजनीतिक आंदोलन का परिणाम है। हमारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम, विशेष रूप से, महात्मा गांधी के नेतृत्व में इसका प्रमुख संघर्ष, केवल उपनिवेशवाद विरोधी नहीं था, यह सामाजिक परिवर्तन के व्यापक उद्देश्य को प्राप्त करने में लोगों की भागीदारी के विचार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध था। यह राजनीतिक कल्पना उन संसाधनों में से एक थी जिसने संविधान सभा में विचार-विमर्श को प्रभावित किया।

संविधान ने अंतत: संसदीय लोकतंत्र को न केवल सरकार के एक रूप के रूप में, बल्कि भविष्य के भारत में राष्ट्रीय आंदोलन की आकांक्षाओं को साकार करने के एक साधन के रूप में भी अपनाया। इस अर्थ में, संविधान हमें समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित एक धर्मनिरपेक्ष राजनीति बनाने के लिए लोकतंत्र का भविष्य-उन्मुख अर्थ प्रदान करता है।

हालाँकि, संविधान एक कानूनी-प्रशासनिक दस्तावेज़ भी है। इसे उस तंत्र का वर्णन करना होगा जिसके द्वारा लोकतंत्र की इस आदर्श कल्पना को वास्तविक रूप से कार्यान्वित किया जा सके। यह चुनाव के विचार को बहुत प्रासंगिक बनाता है। अनुच्छेद 324-327 को ध्यान से पढ़ने पर पता चलता है कि चुनाव को स्पष्ट रूप से धर्मनिरपेक्ष अर्थों में नागरिकों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है। संविधान सरकार को यह याद दिलाता प्रतीत होता है कि लोकतंत्र एक राजनीतिक गुण है, जिसे बीआर अंबेडकर द्वारा संवैधानिक नैतिकता कहे जाने वाले सिद्धांत को विकसित करके पूरी तरह से महसूस किया जाना चाहिए; और इस तर्क के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना राजनीति को उत्तरदायी और लोकतांत्रिक बनाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

संविधान सर्वोच्च विधायी निकाय, संसद को इस लोकतंत्र-चुनाव संतुलन को मजबूत करने के लिए भविष्य के कानून बनाने का अधिकार देता है। साथ ही, यह अपेक्षा की जाती है कि न्यायपालिका जन-आधारित कानूनी व्याख्याओं को विकसित करके इस संवैधानिक जनादेश की फिर से रक्षा करे। बुनियादी संरचना सिद्धांत इस संबंध में एक अच्छा उदाहरण है।

## पावन प्रसंग

# आत्मा और मन की दीवाली है संवत्सरी महापर्व

आज संवत्सरी का महापर्व है। जन-जन के अन्तर्मानस में अभिनव जागृति का संदेश लेकर यह पर्व उपस्थित हो गया है। इसे क्षमा पर्व भी कहते हैं। इस पर्व को मनाने का क्या उद्देश्य है? आज ही क्यों मनाया जाता है? आगे पीछे भी तो मनाया जा सकता है, पर ऐसी बात नहीं है। इस पर्व के पीछे एक इतिहास है, उसे जानना-समझना भी प्रासंगिक है। चातुर्मास के एक सौ बीस दिनों में जब सत्तर दिन शेष रह जाते हैं और शुरु के उनपचास दिन बीतने पर जब पचासवाँ दिन आता है तो वहीं सांवत्सरिक दिवस होता है। पचासवें दिन को संवत्सरी के रूप में मनाने का क्या रहस्य है? इसे भी आप जानें।

उत्सर्पिणीकाल के पहले आरे में प्रकृति असौम्य और कुपित थी। सूर्य का ताप इतना प्रचण्ड-भीषण था कि मानव का खुले में रहना तो दूर, घूम-फिर भी नहीं सकता था। धरती की रेत-बालू का स्पर्श दहकती आग के समान था। उस समय का मानव प्रकृति की इस प्रतिकूलता के कारण- गंगा-सिन्धु नदियों के किनारे, वैताढ्य पर्वत की गुफाओं में रहता था। प्रात:काल की ठंडक में तत्कालीन मनुष्य जलीय जीवों को रेत-बालू में गाड़कर गुफाओं में चले जाते थे। शाम तक वे जीव उष्मा से पक जाते थे। तब शाम को इन्हीं जीवों का वे आहार करते थे। मनुष्य मांसभक्षी और हिंसक थे। यों कहना चाहिए कि उत्सर्पिणीकाल के पहले. आरे का मनुष्य, मानव न होकर दानव, क्रूर, असहिष्णु, हिंसक और निर्दयी था। जब दूसरा आरा शुरू हुआ तो प्रकृति ने अपना रूप बदला वह सौम्य और अनुकूल होने लगी। संवर्त्तक मेघों की वृष्टि सात दिन तक हुई। फिर सात दिन मौसम खुश्क और खुला रहा। फिर सात दिन दुग्ध वृष्टि हुई। फिर सात दिन मौसम खुला रहा। सात-सात दिन के इसी क्रम से अमृतमेघ, रसमेघ, घृतमेघ और जलमेघ लगातार वर्षे। एक कम पचास, उनपचास दिन बीते तो प्रकृति हरी-भरी हो गई। फल-फूलों से वृक्ष लद चुके थे। पचासवें दिन का मौसम बड़ा सुहाना और था। सभी मानव गुफाओं से बाहर निकले और आपस में मिलकर एक संकल्प किया-हमारे खाने को जब इतने अच्छे मीठे मधुरे फल हैं तो अब हम मांस का उपयोग क्यों करें? हम विशुद्ध शाकाहारी क्यों न बनें। इस प्रकार आज के ही दिन मनुष्यों ने क्रूरता और हिंसा का त्याग कर प्रेम का पाठ सीखा। इस प्रकार अपने अन्त:करण की शुद्धि के संकल्प का वह दिन सांवत्सरिक दिन निश्चित हुआ। यह नव वर्ष का पहला दिन है। बोलचाल, जन प्रचलन में यही सांवत्सरिक पर्व या 'संवत्सरी' के नाम से जाना जाने लगा।

संवत्सरी पर्व यद्यपि जैन समाज का महापर्व है, पर मेरी दृष्टि में तो दानवता से मानवता का वरण करने के कारण यह मानवता का महापर्व है। शास्त्रों में ऐसा उल्लेख है कि भगवान महावीर ने आत्मशुद्धि के लिए इसी दिन को सांवत्सरिक दिवस निश्चित किया-

क्षमा करें और क्षमा माँग लें, जीत है इसमें हार नहीं।
क्षमा वीर का भूषण हैं, यह कायर का व्यवहार नहीं

अन्त पुन: आप सभी से मेरा विशेष आग्रह है कि पारस्परिकता को प्रगाढ़ता दें, एक-दूसरे को ठीक तरह से समझें, किसी के प्रति कटुता और कालुष्य का भाव अपने मन में न रखें। कटुता का भाव सबसे पहले उसी का अनिष्ट करता है, जो इसे अपने भीतर स्थान देता है। क्षमा और समत्व के आधार पर सम्पूर्ण संसार में निश्चित रूप से मधुरता से परिपूर्ण वातावरण निर्मित किया जा सकता है। यदि ऐसा कुछ कर पाये और मैत्री भाव के दीप संजो सके तो यह महापर्व सम्वत्सरी सभी के लिए वरदान रूप सिद्ध होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# प्रेमी युगलों की मौतें कैसे रोकी जाएं?

लगभग प्रतिदिन प्रेमी जोड़ों द्वारा आत्महत्या कर मृत्यु का आलिंगन करने के समाचार पढ़ने को मिलते हैं। क्या कारण है कि आज भी समाज प्रेमी जोड़ों को जिंदा रहकर जीवन जीने का अवसर नहीं देता। जो युवक-युवती प्रेम विवाह करते हैं उनमें से कईयों की या तो हत्या कर दी जाती है या वे स्वयं परेशान होकर आत्महत्या कर लेते हैं। कल (17 सितंबर 2023) के अखबारों में एक प्रेमी जोड़े द्वारा की गई आत्महत्या का समाचार पढ़ने को मिला। यह जोड़ा नरसिंहपुर जिले से आत्महत्या करने के लिए भोपाल आया था। उसने एक दुर्गम स्थान पर आत्महत्या की।

कुछ दिनों पूर्व अहमदाबाद से यह समाचार आया था कि एक पूरे परिवार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि उनके परिवार की एक बेटी ने एक दलित युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। प्रेम एक अत्यधिक पवित्र रिश्ता होता है। अनेक प्रेम के रिश्ते से किए गए विवाह आज सदियों बाद भी याद किए जाते हैं। इनमें लैला-मंजनू, शीरी-फरहाद, सोहनी-महिवाल, ब्रिटेन के राजा द्वारा प्रेम की खातिर गद्दी त्यागकर एक साधारण परिवार की लड़की से विवाह आदि शामिल हैं। ''मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई'' मीरा का यह भजन आज भी करोड़ों लोगों की जुबान पर है। यद्यपि इसे आध्यात्मिक प्रेम के रूप में याद किया जाता है। प्रेम पर आधारित बनीं अनेक फिल्में, कहानियां और उपन्यास बड़े चाव से देखे और पढ़े जाते हैं।

इस सबके बावजूद प्रेम हत्याओं और आत्म हत्याओं की वजह बनता है। दु:ख की बात है कि समस्या की ओर समाज का ध्यान नहीं गया है। वैसे संविधान और कानून में किसी भी वयस्क व्यक्ति को स्वयं के बारे में विवाह समेत किसी भी प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। परंतु किसी परिवार का वयस्क युवक या युवती स्वत: निर्णय लेकर अपने प्रेमी से विवाह कर लेता है तो उसके परिवार के सदस्यों के अहं को चोट लग जाती है और फिर वह उसकी हत्या पर आमादा हो जाता है।

इसी तरह एक परिवार ने अपनी बेटी से बदला लेने के लिए उसके साथ उसके भाई और भाभी के रहने का प्रबंध किया ताकि मौका पाकर विद्रोही बेटी की हत्या की जा सके।

मेरी राय में संपूर्ण समाज, कानूनविदों, जनप्रतिनिधियों आदि को मिलकर कोई ऐसा निदान ढूंढना चाहिए ताकि प्रेम के नाम पर और प्रेम के कारण अनावश्यक खून-खराबा बंद हो सके और प्रेम संबंधों को लेकर मधुर गीत गाए जा सकें।

**-एल. एस. हरदेनिया**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## चीन में भारी बारिश की चेतावनी, ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन में कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका है के चलते देश के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को आंधी-तूफान के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि सोमवार सुबह 8 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक सिचुआन, चोंगकिंग, गांसु, शानक्सी, हुबेई, हेनान, शेडोंग, हेइलोंगजियांग, जिलिन और लियाओनिंग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है, अधिकतम प्रति घंटा वर्षा 60 मिलीमीटर से अधिक हो सकती है।

## नवाज के कार्यक्रम की मेजबानी करने में पीएमएल-एन के सामने कई चुनौतियां



**लाहौर,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के युवा समन्वयकों की एक सलाहकार बैठक की अध्यक्षता रविवार को पार्टी की उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज शरीफ और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहबाज ने की। बैठक में दावा किया गया कि पीएमएल-एन को श्री नवाज के लिए भव्य कार्यक्रम की मेजबानी करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बैठक उन गतिविधियों की श्रृंखला का हिस्सा है जो पीएमएल-एन इन दिनों श्री नवाज शरीफ के 21 अक्टूबर को स्वदेश लौटने पर जोरदार स्वागत की तैयारी के लिए आयोजित कर रही है। श्री शरीफ भ्रष्टाचार के आरोप में सात साल की जेल की सजा से जमानत पर रिहा होने के बाद 19 नवंबर 2019 को अपना उपचार कराने के लिए लंदन गए थे।

- नवाज शरीफ अगले महीने 21 अक्टूबर को लौटेंगे स्वदेश
- लौटने पर पूर्व प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत की तैयारी में पार्टी

पूर्व प्रधानमंत्री के लिए एक उचित स्वागत समारोह की व्यवस्था करना जिसमें कम से कम दस लाख लोग शामिल हों, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ और सुश्री मरियम के बीच मतभेद जैसे मुद्दों का सामना करने के बीच कैडर जुटाने तथा भीड़ आकर्षित करने के लिए एक परीक्षण का मामला है। पार्टी नेताओं और सुरक्षात्मक जमानत संबंधी चिंताओं के कारण बड़े शरीफ (नवाज शरीफ ) की वापसी पर अभी कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। वर्तमान में श्री शहबाज शरीफ, इशाक डार, ख्वाजा आसिफ और आजम नजीर तरार आदि जैसे पार्टी नेता लंदन में श्री शरीफ के साथ कानूनी तथा राजनीतिक बारीकियों पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं सुश्री मरियम स्थानीय पार्टी चैप्टर और विंग के साथ बैठकों का एक दौर पूरा करने के बाद उनके साथ शामिल होंगी। पार्टी कैडर को संगठित करने के लिए सुश्री मरियम ने व्यक्तियों की नियुक्ति की है और जिला स्तर पर समन्वय समितियां बनाई हैं। ये निकाय, जिनमें पूर्व एमएनए, एमपीए, टिकट धारक और अन्य प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं सीधे तौर पर केवल उनके प्रति जवाबदेह हैं।

## ताइवान सीमा में घुसे चीन के 103 लड़ाकू विमान

**ताइपे,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन की सेना ने 24 घंटे की अवधि में ताइवान की ओर 103 लड़ाकू विमान भेजे, जिसके बारे में द्वीप के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दावा किया कि यह हाल के दिनों में एक नया दैनिक रिकॉर्ड है। मंत्रालय ने कहा, रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे के बीच विमानों का पता लगाया है। वे ताइवान पहुंचने से पहले ही वापस लौट गये। ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा बताने वाले चीन ने ताइवान के आसपास हवा और पानी में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया है। इसकी वजह अमेरिका और चीन के बीच में बढ़ता तनाव है। अमेरिका, ताइवान का मुख्य हथियार सप्लायर है और बलपूर्वक ताइवान की स्थिति को बदलने के किसी भी कोशिश का विरोध करता है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 40 विमानों ने मुख्य भूमि चीन और द्वीप के बीच प्रतीकात्मक आधे रास्ते को पार किया। इसने पिछले 24 घंटों में नौ नौसैनिक जहाजों की भी सूचना दी।



## ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री यूएनजीए से करेंगे इतर बैठक

**मॉस्को,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री 20 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र से इतर एक बैठक करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि 20 सितंबर को, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के मौके पर ब्रिक्स देशों के विदेश नीति विभागों के प्रमुखों की बैठक में भाग लेंगे।

बयान के अनुसार, शीर्ष राजनयिक संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के एजेंडे सहित वर्तमान वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। मंत्री ब्रिक्स प्रारूप के भीतर बातचीत पर भी चर्चा करेंगे। इसमें प्रमुख बहुपक्षीय प्लेटफार्मों पर समन्वय को मजबूत करने के अवसर और 22-24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीकी शहर जोहान्सबर्ग में समूह के 15वें शिखर सम्मेलन में किए गए निर्णयों के कार्यान्वयन शामिल हैं Kमंत्रालय ने कहा, श्री लावरोव अपने सहयोगियों को 2024 में रूस की आगामी एसोसिएशन की अध्यक्षता की योजनाओं के बारे में सूचित करेंगे। यूएनजीए सत्र का उच्च स्तरीय सप्ताह 18-26 सितंबर तक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में होगा। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री लावरोव करेंगे। उनके 23 सितंबर को सभा को संबोधित करने की उम्मीद है।

## सुडोकू 6321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | 7 | 6 | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | | 3 | | | | 9 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| 2 | | | | 6 | | 5 | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 7 |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| 7 | 8 | 6 | | | 5 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 19 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशंसा का पात्र बनेंगे। धन लाभ के योग हैं। पारिवारिक जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आज आप बौद्धिक चर्चा में हिस्सा ले सकेंगे।

वृषभ - आपका आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपके काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे। आर्थिक लाभ की संभावना है। पुराने छुटे अधूरे काम पूरे होंगे।

मिथुन - आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद या बौद्धिक चर्चा से आज दूर ही रहें। बातचीत में सावधानी रखें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

कर्क - आज मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आज ताज़गी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी। धन का खर्च होगा तथा अपयश भी मिल सकता है।

सिंह - आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक गुजरेगा। अपने भाई-बहनों के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। उनका साथ भी आपको मिलेगा। किसी बात को लेकर इमोशनल बने रहेंगे।

कन्या - परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी, इससे आप अपना निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी भी बौद्धिक और राजनीतिक चर्चा में आज भाग ना लें।

तुला - आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आज कोई रचनात्मक काम में आप व्यस्त रह सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। दृढ़ विचारों के साथ आप काम पूरा कर पाएंगे।

वृश्चिक - आज आप वाहन आदि के उपयोग में सावधानी बरतें। बातचीत में किसी के साथ कन्फ्यूजन हो सकता है। शारीरिक कष्ट और मानसिक चिंता से आप परेशान रहेंगे। आनंद-प्रमोद के पीछे विशेष खर्च होने की संभावना है।

धनु - आज का दिन आप के लिए लाभकारी है। गृहस्थ जीवन का आनंद ले सकेंगे। मित्रों के साथ सुंदर स्थल पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। आय में वृद्धि के योग है। भोजन अच्छा मिल सकता है।

मकर - आज आपको व्यापार में कोई लाभ हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा बना हुआ है। मित्रों और सम्बंधियों से लाभ होगा। उनसे उपहार मिलने से आनंद होगा। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

कुंभ - आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। शारीरिक रूप से आप को अस्वस्थता का अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कोई भी काम करने में आपकी रुचि कम रहेगी। अधिकारियों की अप्रसन्नता भी आपको अखरेगी।

मीन - आप का दिन मध्यम फलदायी है। अधिक परिश्रम वाले काम अभी टालें। आज हर काम में मानसिक और शारीरिक परिश्रम अधिक होगा। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। व्यापार में पुराना उधार का धन मिल सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## तेल अवीव में न्यायिक सुधार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**तेल अवीव,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के न्यायिक सुधार के खिलाफ 37वें सप्ताह के विरोध प्रदर्शन में हजारों प्रदर्शनकारियों ने रविवार को तेल अवीव की सड़कों पर प्रदर्शन के लिए इकठ्ठा हुए। स्पुतनिक संवाददाता ने यह जानकारी दी। तेल अवीव में विरोध का प्रतीक 1948 की इजरायली स्वतंत्रता की घोषणा थी, जिसने देश की स्थापना की घोषणा की और एक लोकतांत्रिक यहूदी राज्य के रूप में इसके अस्तित्व के बुनियादी सिद्धांतों को निर्धारित किया। प्रदर्शनकारियों ने दस्तावेज़ की एक बड़ी प्रति के साथ रोथ्सचाइल्ड बुलेवार्ड से कपलान स्ट्रीट तक मार्च किया। नेतन्याहू अमेरिका के लिए प्रस्थान करने वाले हैं इसलिए कुछ प्रदर्शनकारी बेन गुरियन हवाई अड्डे भी पहुंचे । कानूनी सुधार ने इज़राइल के बुनियादी कानूनों में से एक में संशोधन किया जो इसके भविष्य के संविधान का आधार बनता है।

## अमेरिका-ईरान कैदियों की अदला-बदली के लिए कतर को मिले छह अरब डॉलर

**दोहा,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। कतर ने अमेरिका और ईरान को सूचित किया है कि दोनों देशों के बीच कैदियों की अदला-बदली समझौते के संबंध में तेहरान की अनफ्रोजेन फंड से दोहा के बैंक खाते में छह अरब डॉलर स्थानांतरित किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सोमवार को सूत्रों के हवाले से दी गयी। इससे पहले दिन में, ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच कैदियों का आदान-प्रदान 18 सितंबर को होगा। सूत्रों ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि कतर ने दोनों देशों को सूचित किया है कि पूरे छह अरब डॉलर स्विट्जरलैंड से कतर के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं।

**तेहरान की अनफ्रोजेन फंड से दोहा के बैंक खाते में किए स्थानांतरित**

कतर का एक विमान ईरान में हिरासत में लिए गए पांच अमेरिकी नागरिकों और उनके दो रिश्तेदारों को लेकर दोहा के लिए उड़ान भरने को तैयार है। पिछले सप्ताह, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ कैदियों का आदान-प्रदान समझौता करने के बाद छह अरब डॉलर खर्च करेगा, जहां देश को आवश्यक लगेगा। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा था कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान के साथ कैदियों का आदान-प्रदान समझौते को आगे बढ़ाने के लिए एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया था, जिसके बाद छह अरब डॉलर के ईरानी धन पर से प्रतिबंध हटा दिया गया था, जिसे दक्षिण कोरिया के बैंक खातों से कतर में स्थानांतरित किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी कहा कि तेहरान केवल मानवीय आवश्यकतों के लिए घन खर्च करने में सक्षम होगा और यह खर्च प्रक्रिया अमेरिकी नियंत्रण में होगी।



## 20वें चीन-आसियान एक्सपो का हस्ताक्षर समारोह आयोजित

**बीजिंग,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। 20वें चीन-आसियान एक्सपो का हस्ताक्षर समारोह 17 सितंबर को चीन के क्वांगशी च्वांग स्वायत्त प्रदेश के नाननिंग शहर में आयोजित हुआ। इस मौके पर 184 परियोजनाओं पर ऑन-साइट केंद्रीकृत हस्ताक्षर किए गए। इसमें 170 निवेश सहयोग परियोजनाएं और 14 विदेशी निवेश परियोजनाएं शामिल हैं। वर्तमान चीन-आसियान एक्सपो में 70 से अधिक बड़े निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर समारोह और एक्सपो के दौरान आयोजित उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में कुल 470 परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए गए, जिनकी कुल निवेश 4 खरब 87 अरब 30 करोड़ युआन है। इसमें निर्माण उद्योग पर निवेश का अनुपात 65 प्रतिशत से ज्यादा रहा।





### आसियान मानकीकरण सहयोग और विनिमय केंद्र स्थापित

**बीजिंग।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय और क्वांगशी च्वांग स्वायत्त प्रदेश की सरकार द्वारा आयोजित थीम साइड इवेंट 17 सितंबर को नाननिंग शहर में आयोजित हुई। चीन, आसियान देश और ईस्ट तिमोर के संबंधित सरकारी विभागों के नेताओं समेत करीब 200 प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में आसियान मानकीकरण सहयोग और विनिमय केंद्र के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य चीन और आसियान देशों के बीच मानकीकरण अनुसंधान और आदान-प्रदान मजबूत करने के साथ सूचना साझा करने का माध्यम और प्रतिभाओं का संयुक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था स्थापित करना है, ताकि चीन और आसियान के बीच और व्यापक व गहन सहयोग बढ़ सके। बताया जाता है कि हाल के वर्षों में चीन-आसियान मुक्त व्यापार क्षेत्र का तेज निर्माण और आरसीईपी का चतुर्मुखी कार्यान्वयन हो रहा है। ऐसी स्थिति में चीन और आसियान के बीच आर्थिक व व्यापारिक सहयोग बढ़ा।

## अमेरिका में दो विमान टकराए, पायलटों की मौत

**वाशिंगटन,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य नेवादा में रेनो एयर शो में हवाई दौड़ के दौरान दो विमान टकरा गए, जिससे दोनों पायलटों की मौत हो गई। रेनो एयर रेसिंग एसोसिएशन (आरएआरए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। संगठन ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म ' एक्स' पर कहा, यह बहुत दुख के साथ है कि रेनो एयर रेसिंग एसोसिएशन (आरएआरए) ने घोषणा की है कि आज दोपहर लगभग 2-15 बजे, टी -6 गोल्ड रेस के समापन पर, लैंडिंग पर, दो विमान टकरा गए और यह पुष्टि की गई है कि दोनों पायलट घायल हो गए हैं। मर चुके हैं, बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, स्थानीय अधिकारियों और अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन के साथ मिलकर घटना के कारणों की जांच कर रहा है। संगठन ने कहा कि दुर्घटना के कारण कोई नागरिक घायल नहीं हुआ।

## वर्ग पहेली 6321



**बायें से दायें:-**

१. विभिन्न राष्ट्रों का एक समूह
३. तलवार के कब्जे में होने वाला सोने आदि का काम (उर्दू)
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. जल्दबाजी
७. निर्बल
९. दफ़न करना
१०. आकारहीन
१२. पीड़ित, बीमार, अशक्त, उत्सुक, अधीर
१३. जानने की इच्छा
१४. परिवर्तित करना
१६. स्वाद लेना
१८. स्वदेश, मातृभूमि (उर्दू)
२०. जिसका दमन करना कठिन हो
२१. कपटी, मक्कार
२३. कपोलकल्पित

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजाओं की जिद
२. पुस्तकालय (उर्दू)
३. काट छीलकर सुडौल बनाना (उर्दू)
४. ममता रहित, निष्ठुर
५. कोषालय
८. नगरवासी
१०. संख्या, अंक (उर्दू)
११. टुकड़े करना, व्यतीत करना
१२. लक्षण (उर्दू)
१३. अपमानित, बेइज्जती, दुर्गति (उर्दू)
१४. वीर (उर्दू)
१५. सबसे छोटा
१७. सारा, समस्त
१८. माह, साल का एक भाग
१९. झुका हुआ
२२. मेरूदंड

### वर्ग पहेली-6320



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1891 - विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक 'मर्चेंट ऑफ वेनिस' का मैनचेस्टर में पहली बार मंचन किया गया।
1893 - स्वामी विवेकानंद ने शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्मसंसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
1893 - न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
1955 - अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह कर राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
1957 - अमेरिका ने नेवादा के रेगिस्तान में पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1962 - भारत की उत्तरी सीमा पर चीन द्वारा आक्रमण।
1982 - स्कॉट फाहमैन ऑनलाइन संदेश का इस्तेमाल करने वाले पहले व्यक्ति बने।
1983 - ब्रिटिश उपनिवेश कैरीबियन द्वीप, सेंट किट्स एवं नेविस स्वतंत्र।
1988 - इस्राइल ने परीक्षण उपग्रह होरिजोन-आई का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
1996 - एलिजा इजेत्बोगोविक युद्धोत्तरकालीन बोस्निया के प्रथम राष्ट्रपति बने।
1996 - ग्वाटेमाला और वामपंथी विद्रोहियों की सरकार ने लंबे समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
2000 - कर्नम मल्लेश्वरी ने ओलम्पिक में भारोत्तालन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
2002 - इस्रायल के सैनिकों ने पश्चिमी किनारे पर फ़िलिस्तीन नेता यासिर अराफ़ात की घेराबंदी की।
2006 - सरकार का तख्ता पलटने के बीच थाइलैंड में इमरजेंसी लागू। पोप बेनेडिक्ट ने अपनी इस्लाम सम्बन्धी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ आर्थिक प्रतिबंध को जापान ने मंज़ूरी प्रदान की। भारत ने आई.एम.एफ़. से सहयोग का वायदा किया।
2006 - थाईलैड़ में सैन्य तख्तापलट, जनरल सुरायुद प्रधानमंत्री बने।
2007 - साइबर वॉर की सम्भावना को देखते हुए अमेरिकी एयरफ़ोर्स ने अस्थायी कमांड का गठन किया।

**बयान** संयुक्त राष्ट्र में रूसी राजदूत वासिली नेबेंजिया बोले

## 'रूस उत्तर कोरिया के साथ संबंध बढ़ाना जारी रखेगा'

**संयुक्त राष्ट्र,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर कोरिया के साथ संबंध बढ़ाना निरंतर जारी रखेगा। क्योंकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का कोई भी प्रस्ताव इस पर रोक नहीं लगा सकता है। संयुक्त राष्ट्र में रूसी राजदूत वासिली नेबेंजिया ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। श्री नेबेंजिया ने कहा, हम अपने देशों के हित में भविष्य में भी ऐसे संपर्क विकसित करना जारी रखेंगे। यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के किसी भी प्रस्ताव द्वारा निषिद्ध नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्योंगयांग द्वारा हाल ही में कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस और उत्तर कोरिया दोनों देशों के बीच संपर्क बहाल करने के लिए एक पहल के रूप में काम किया गया है।

रूसी राजदूत ने कहा, उत्तर कोरिया वास्तव में हमारा एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश और भागीदार है, जिसके साथ रूस के दशकों से मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के नेतृत्व में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल ने 25-27 जुलाई तक उत्तर कोरिया का दौरा किया था, जबकि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने 13-17 सितंबर तक रूस की पांच दिवसीय यात्रा की, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात भी की थी।



### यूक्रेन को 2 करोड़ 44 लाख डॉलर आवंटित करेगा कनाडा

**ओटावा।** कनाडा यूक्रेन को वायु रक्षा प्रणाली प्रदान करने के लिए ब्रिटेन के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में 2करोड़ 44 लाख अमेरिकन डॉलर का योगदान देगा। कनाडा सरकार ने यह जानकारी दी । सरकार ने एक बयान में कहा, कनाडा साझेदारी में 33 मिलियन डॉलर (सीएडी) का योगदान देगा, जो यूक्रेन को सैकड़ों छोटी और मध्यम दूरी की वायु रक्षा मिसाइलें और यूक्रेन के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए आवश्यकता संबंधित प्रणालियां है। बयान में कहा गया है कि यह योगदान 50 करोड़ की फंडिंग का हिस्सा होगा, जिसकी घोषणा जून में प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी कीव यात्रा के दौरान की थी। बयान में कहा गया है कि यूक्रेन को वायु रक्षा मिसाइलें प्रदान करने के लिए डेनमार्क, नीदरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित कई देशों द्वारा जून 2023 में साझेदारी बनाई गई थी।

## दुनिया को जानें

### मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने वाली एरिका की देश में आलोचना

**इस्लामाबाद, 18** सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की कराची की रहने वाली एरिका रॉबिन ने मिस यूनिवर्स पाकिस्तान 2023 का खिताब जीत लिया है, वह यह खिताब हासिल करने वाली देश की पहली महिला बन गई हैं। लेकिन एरिका की जीत का घर में जश्न नहीं मनाया गया। इसके बजाय उसे आलोचना या पूर्ण चुप्पी का सामना करना पड़ा। 24 वर्षीय एरिका ने पहली बार मिस यूनिवर्स पाकिस्तान कार्यक्रम में खिताब जीता। इसमें पाकिस्तान के पांच प्रतियोगी शामिल थे और इसे दुबई स्थित कंपनी युगेन ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था। एरिका ने खिताब जीतने पर खुशी जताई और ऊपर वाले का आशीर्वाद बताया। उनकी उपलब्धि की पाकिस्तान में कई लोगों, विशेषकर धार्मिक समूहों और पार्टियों ने आलोचना की, जबकि सरकार ने एरिका की उपलब्धि पर अपना पल्ला झाड़ लिया।



# प्रादेशिकी

## चेतक हेलीकॉप्टर को एहतियातन हरियाणा में उतरा गया

**चंडीगढ़,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सेना के चेतक हेलीकॉप्टर को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को हरियाणा के यमुनानगर के पास एहतियातन लैंडिंग करनी पड़ी। यह जानकारी सेना की पश्चिमी कमान ने दी। लैंडिंग के बाद हेलीकॉप्टर की फिटनेस की जांच की गई और उसके बाद उसे सुरक्षित रूप से बेस पर ले जाया गया। इसमें कहा गया है कि हेलीकॉप्टर के पायलट और यात्री सुरक्षित हैं और हेलीकॉप्टर या किसी निजी संपत्ति को किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# राष्ट्रीय आपदा घोषित करने पर सरकार ने लाया प्रस्ताव

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में बरसात से हुई भयंकर त्रासदी के मामले में विधानसभा सत्र के पहले ही दिन सरकार की तरफ से नियम 102 के तहत प्रस्ताव लाया गया जिसमें केन्द्र सरकार से राष्टीय आपदा घोषित करने की मांग उठाई गई। इसपर सदन में चर्चा स्वीकार की गई। विपक्ष भी प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान के मामले पर नियम 67 के तहत काम रोको प्रस्ताव लाया था मगर उसे मंजूर नहीं किया गया जिससे नाराज होकर भाजपा के विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए। हालांकि बाद में ये सभी विधायक वापस भी लौटे लेकिन इससे पूर्व इन्होंने बाहर जाकर अपना विरोध जताया। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एक तरफ प्रदेश आपदा से गुजर रहा था और सरकार पूरी तरह सु राहत कार्यों में लगी थी मगर दूसरी तरफ विपक्ष मांग कर रहा था कि विधानसभा का सत्र बुलाया जाए। अब जब सत्र शुरू हुआ है तो विपक्ष बाहर जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा आपदा के प्रति गंभीर नहीं है। सुर्खियां बटोरने के लिए भाजपा के नेता नौटंकी कर रहे हैं जो कि सही नहीं है। सीएम ने कहा कि अध्यक्ष ने विपक्ष की बात को मानकर दूसरे कार्यों को सस्पेंड करके इस विषय पर चर्चा को मंजूरी दी है जिसपर विपक्ष को सहयोग करना चाहिए लेकिन वह सहयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कमिटमेंट थे जो प्रभावित लोगों को बचाना चाहती थी। सरकार के सभी मंत्री काम में जुटे थे। कुल्लू मनाली पूरी तरह से कट गया था तो हम सब कुल्लू गए वहां 48 घंटे में बहाली के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि चन्द्रताल में 295 पर्यटक फंसे थे जिनको वहां से निकालने के लिए दो मंत्रियों को वहां पर रखा जिन्होंने कर्मचारियों के साथ मिलकर काम किया। वहां से पर्यटक नहीं निकलते तो बडा हादसा हो सकता था।



■ विपक्ष ने किया हंगामा, वाकआउट
■ आपदा के प्रति गंभीर नहीं विपक्ष, सुर्खियां बटोरने को कर रहा नौटंकी: सुक्खू

सीएम ने कहा कि विपक्ष के विधायकों ने अभी तक अपनी एक माह की सेलेरी तक राहत कोष के लिए नहीं दी। इससे साफ है कि वह कितने गंभीर हैं। इससे पूर्व भाजपा की ओर से सदन में विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में जो नुकसान हुआ है उसपर चर्चा करने के लिए नियम 67 पर चर्चा होनी चाहिए। विधायक विपिन परमार ने कहा कि दो महीने में भारी नुकसान हुआ है और 441 लोगों की जान गई है। सभी काम रोककर इसपर चर्चा होनी चाहिए।

इसपर विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सरकार की तरफ से पहले ही प्रस्ताव आ चुका है जो नियम 102 में है लिहाजा दोनों प्रस्ताव एक जैसे हैं इसलिए सरकार की तरफ से पहले जो प्रस्ताव दिया गया था उसे मंजूर करके चर्चा होगी। उन्होंने सीएम को इसके लिए अधिक्रत किया। उनका कहना था कि सबजेक्ट मेटर एक जैसा है। इसपर विधानसभा अध्यक्ष ने जो निर्णय दिया उसपर नाराज होकर विपक्ष के विधायकों ने नारेबाजी की और वह सदन से बाहर चले गए। कुछ देर बाद विपक्ष वापस लौट आया।

**विपक्ष का प्रस्ताव राजनीति से प्रेरितः हर्षवर्धन**

संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विपक्ष ने नियम 67 के तहत जो प्रस्ताव लाया है वो राजनीति से प्रेरित है। सरकार पूरी तरह से चिंतित है और सरकार ने तभी इसपर चर्चा के लिए प्रस्ताव भी लाया है। सरकार भी इसपर चर्चा चाहती है जैसा विपक्ष कह रहा है। उन्होंने तलख लहजे में कहा कि केवल सुर्खियां बटोरने के लिए भाजपा हल्ला कर रही है।

### शोकोदगार से शुरू हुआ हिमाचल विधानसभा का मॉनसून सत्र

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र सोमवार को शुरू हो गया। पहले दिन की कार्यवाही शोकोदगार से शुरू हुई। आनी से पूर्व विधायक खूब राम के निधन पर सदन में शोक जताया गया। वहीं सरकार की तरफ से बरसात के कारण म्रतक 441 लोगों के प्रति भी शोक जताया गया और उनके परिवारजनों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शोक प्रस्ताव लाते हुए कहा कि आनी के पूर्व विधायक दिवंगत खूब राम का निधन 19 जुलाई को 70 साल की उम्र में हुआ है। उनका जन्म 10 जनवरी 1953 को निरमंड के बगी गांव में हुआ था। वह 1982, 1990 व 2012 में विधायक रहे। उन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर काम किया और एक समाज सुधारक माने जाते थे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने अपना जीवन जनता के लिए दिया और हमेशा अपने क्षेत्र के लिए काम करते रहे। उनके निधन पर गहरा दुख है और वह शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताते हैं। सुक्खू ने कहा कि इस आपदा में प्रदेश में 441 लोगों की जान गई है। उन्होंने कहा कि कई परिवारों ने अपना घर खो दिया और यह आपदा सदी की सबसे बडी आपदा है। कई परिवार उजड़ गए हैं जिनको बसाने की चुनौती सरकार के सामने है।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, नीति आयोग के अध्यक्ष व वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष हिमाचल सरकार की सराहना कर रहे हैं तो भाजपा के विधायकों को परेशानी हो रही है।

# सांसद प्रतिभा सिंह ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की

■ राहत व पुनर्वास कार्यो के लिए विशेष आर्थिक पैकेज मांगा

**शिमला,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने आज नई दिल्ली के संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से हुए नुकसान की जानकारी देते हुए राहत व पुनर्वास कार्यो के लिए विशेष आर्थिक पैकेज जारी करने की मांग की। संसद भवन के प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री से विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से हुए जानमाल के नुकसान की पूरी जानकारी दी।



प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री को बताया कि प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से करीब 430 लोगों की मौत हुई है, जबकि 39 लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसानों व बागवानों की फसलें भी पूरी तरह बर्बाद हो गई। 1200 आवासीय भवन पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं। सड़कों, पुलों को भी भारी नुकसान हुआ हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 13000 करोड़ के आरंभिक नुकसान का आंकलन है जो बढ़ भी सकता हैं। प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री से प्रदेश को विशेष आर्थिक मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि विकट वित्तीय स्थिति के चलते प्रदेश अपने बल बुते पर इस नुकसान की भरपाई व राहत कार्यो को पूरा नही कर सकता इसलिए आपदा की इस घड़ी में मानवीय संवेदना के तौर पर केंद्र सरकार से प्रदेश को बहुत उम्मीदें हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिभा सिंह को भरोसा दिलाया कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार प्रदेश की हर संभव मदद करेगी उन्होंने कहा कि राहत मैन्युअल के तहत प्रदेश को राहत व पुनर्वास कार्यो में भी पूरी मदद की जाएगी।

## सार संक्षेप

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व विधायक सत्कार कौर गहरी, उनका पति गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति बनाने के मामले में फिरोजपुर रूरल से पूर्व विधायक सत्कार कौर गहरी और उनके पति जसमेल सिंह गहरी, गांव शकुर, ज़िला फिरोजपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि इस मामले की जांच के दौरान यह पाया गया है कि पूर्व विधायक ने पति की मिलीभगत से विधानसभा के सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति एकत्र की। उन्होंने आगे कहा कि इस जांच के दायरे में आने वाली अवधि के दौरान, सभी स्रोतों से उनकी कुल आय 1,65,34,053 रुपए थी, जबकि इसी अवधि के दौरान उनका कुल व्यय 4,49,19,831 रुपए था। नतीजतन, उन्होंने 2,83,85,778.41 रुपए अधिक खर्च किए, जो 171.68 प्रतिशत की असंगत वृद्धि दर्शाता है।
प्रवक्ता ने यह भी कहा कि दोनों व्यक्तियों के खिलाफ फिरोजपुर के सतर्कता ब्यूरो के पुलिस थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1), 13(बी) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की आगे की जांच जारी है।

### वन-स्टाप सेंटरों के स्टाफ के लिए वर्कशॉप का आयोजन

**चंडीगढ़।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक माधवी कटारिया ने सोमवार को कहा कि पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं और लड़कियों की भलाई के लिए चलाईं जा रही योजनाओं में सखी वन स्टाप सेंटर एक बेहतरीन प्रयास है। श्रीमती कटारिया ने कहा कि राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण और किसी भी तरह की हिंसा से महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए पंजाब भवन में यूएन वूमैन और एसएडीआरएजी के सहयोग से एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि राज्य में वन- स्टाप सैंटर, एक महत्वपूर्ण पहलकदमी है जिसके अंतर्गत लिंग-आधारित हिंसा से प्रभावित महिलाओं को समर्थन और मुफ़्त सहूलतें दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि विभाग वन स्टाप सैंटर को राज्य में मॉडल के तौर पर विकसित करने के लिए यू. एन. वूमैन के साथ मिल कर काम कर रहा है। श्रीमती माधवी कटारिया ने बताया गया कि यूएन वूमेन की तरफ से पिछले साल 22 जिलों में पंजाब के वन-स्टाप सेंटरों और सम्बन्धित सेवा प्रदाताओं के कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए शानदार वचनबद्धता दिखाई है। इसमें 565 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

### सुडोकू 6321 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |

# 25 सितम्बर को विधानसभा का घेराव करेगी भाजपा : बिंदल

**शिमला,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार को हिमाचल प्रदेश में स्थापित हुए 10 महीने हो चुके हैं और जब से कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में आई है तब से 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर चुकी है, जिसका वह आज तक जवाब नहीं दे पाए। भारतीय जनता पार्टी ने डीजल पर 7 रु की कटौती की थी, पर आते ही इस कांग्रेस सरकार ने इसको बड़ा दिया।

■ कानून व्यवस्था, महंगाई, गारंटी, आपसी विरोधाभास, बदला बदली की भावना, संस्थान बंद करना, आपदा में मेरा तेरा, को लेकर भाजपा विधानसभा का घेराव करेगी



बिजली, राशन, तेल महंगा कर महंगाई की मार से हिमाचल प्रदेश की जनता की कमर को तोड़ दिया। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से यह सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई है, आपसी विरोधाभास के चलते हिमाचल प्रदेश की जनता प्रभावित हुई है। आपदा राहत राशि में मेरा तेरा का राग गा कर, भाई भतीजावाद इस सरकार ने फैलाया है, जब से यह सरकार आई है तब से कानून व्यवस्था ताड़ ताड़ हो गई है। चंबा हत्याकांड अभी तक लोग भूल नहीं पाए है और हिमाचल प्रदेश के कोने कोने से कानून व्यवस्था बिगड़ने के कई उदाहरण सामने आए है। अब तो मुख्यमंत्री के गृह जिला में एक बहन का मुंह काला कर, बाल काट कर गांव में घुमा दिया यह, दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। पर इस घटना से कानून व्यवस्था की पोल खुल गई । अगर देखा जाए तो यह सरकार हर फ्रंट पर नाकामयाब है।

भारतीय जनता पार्टी और विधायक दल मिलकर 25 सितम्बर को विधानसभा के बाहर एक बड़ा प्रदर्शन करने जा रहे है।

# बीमा क्लेम नहीं मिलने पर किसान करेंगे तहसील कार्यालय पर तालाबंदी: औलख

**सिरसा,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा जिले के कालांवाली उपमंडल क्षेत्र के किसानों का खरीफ -2022 का बीमा क्लेम खातों में न आने से खफा किसानों ने सोमवार को कालावाली अनाज मडी में रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि अगर 27 सितम्बर तक बकाया बीमा क्लेम जारी नहीं किया गया तो वीरवार 28 सितम्बर को कालांवाली उपमंडल कार्यालय पर तालाबंदी करके किसान पक्का मोर्चा लगाएंगे। किसानों का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान एकता (बीकेई) के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि किसानों द्वारा किए गए लंबे संघर्ष के बाद हरियाणा सरकार ने खरीफ -2022 का बीमा क्लेम किसानों के खातों में डालना शुरू किया है, जिसमें कालांवाली तहसील क्षेत्र के कई गांवों के किसानों का बीमा क्लेम अभी तक नहीं आया है। किसानों ने मांग की है कि तुरंत सभी किसानों का बीमा क्लेम जारी किया जाए। औलख ने कहा कि



अगर 27 सितंबर बुधवार तक किसानों का खरीफ -2022 का बीमा क्लेम जारी नहीं किया गया तो वीरवार 28 सितंबर को कालांवाली उपमंडल में तालाबंदी करके किसान पक्का मोर्चा लगाएंगे। बीमा कंपनी और सरकार ने किसानों के साथ एक ओर धोखा किया है, टेबुलेशन के हिसाब से गांव वाइज जितना बीमा क्लेम बनता था, पूरा बीमा क्लेम किसानों को ना देते हुए उसमें कटौती की है। खरीफ -2020 का बकाया मुआवजा तहसीलों में आने के बावजूद भी किसानों के खातों में नहीं डाला गया, जो कि मार्च 2023 में सरकार को वापस भेज दिया गया, उसको भी किसानों के खातों में तुरंत प्रभाव से डाला जाए। श्री औलख ने कहा कि रबी 2022-23 में ओलावृष्टि, तूफान व भारी बरसात से किसानों की गेहूं, जौ, सरसों, हरा चारा व सब्जियों सहित बहुत सारी फसलें बर्बाद हो गई थी। उनका बीमा क्लेम भी अभी तक जारी नहीं किया गया है वह भी तुरंत प्रभाव से जारी किया जाए। बीमा प्रीमियम भरने के बाद किसानों को बीमा पॉलिसी नहीं दी जाती। इन सभी मांगों को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कालांवाली को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि दूसरा मांग पत्र केंद्रीय कृषि मंत्री को सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों की सबसे बड़ी समस्या निम्न स्तर के खाद, बीज व कीड़ेमार दवाईयों की बताते हुए बीटी कॉटन बीज में सुधार की मांग मुख्य रूप से रखी गई।

# सरकार सन्नतकार मिलनी से दूर होगी पंजाब के कारोबारियों की समस्याएं : आप

**चंडीगढ़,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए गए 'सरकार सन्नतकार मिलनी' कार्यक्रम को आम आदमी पार्टी ने ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों से निश्चित तौर पर पंजाब के कारोबारियों और व्यापारियों की हर तरह की समस्याएं दूर होंगी। चंडीगढ़ पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए पंजाब 'आप' के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने सोमवार कहा कि राज्य में पहली बार किसी सरकार ने राज्य के व्यापारियों और कारोबारी की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए उत्सुक दिखी। श्री कंग ने कहा कि पूर्व की सरकारों को उद्योगपतियों से सिर्फ राजनीतिक चंदे से तक का मतलब था। पिछली सरकारों में बैठे नेता पंजाब के व्यापारियों से चंदे के रूप में मोटा पैसा वसूलते थे या उनकी कंपनी में हिस्सेदारी मांगते थे। वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार बनने के बाद से लगातार राज्य में उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार के 'ग्रीन स्टांप पेपर' की तारीफ करते हुए कहा कि इससे अब पंजाब में इंडस्ट्री लगाने वाले उद्योगपतियों को जमीन अधिग्रहण करने में काफी सुविधा होगी। अब उन्हें किसी भी तरह की कोई फैक्ट्री या इंडस्ट्री लगाने के लिए विभिन्न तरह के सरकारी विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### आम आदमी पार्टी चलाएगी हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान

हिसार। आम आदमी पार्टी हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान चलाएगी, जिसके तहत वह लोगों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनने और उन्हें दिल्ली और पंजाब में पार्टी की सरकारों द्वारा आम जनता को दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराएगी।

आप के हिसार लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष पवन फौजी, जिलाध्यक्ष ग्रामीण दलबीर किरमारा, जिलाध्यक्ष शहरी रविंद्र श्योराण और जिला सचिव कमल सोलंकी ने सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

# उत्तराखंड एसटीएफ ने छोटा राजन के करीबी को भारत-नेपाल बॉर्डर से किया गिरफ्तार

**देहरादून,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में पुलिस इनामी अपराधियों के विरुद्ध 'ऑपरेशन प्रहार' चला रही है। इसी क्रम में सोमवार सुबह सीओ एसटीएफ सुमित पांडे द्वारा गठित एसटीएफ टीम ने हल्द्वानी थाने के 25,000 रु के ईनामी गैंगस्टर दीपक सिसौदिया को भारत-नेपाल बॉर्डर पर बनबसा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी वर्ष 2011 में मुंबई में हुए पत्रकार जेडे की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा था और पिछले वर्ष जनवरी माह में मुंबई की अमरावती सेन्ट्रल जेल से पैरोल पर छूटकर हल्द्वानी आया था। उसे मार्च में वापस जेल में जाना था, लेकिन अपराधी दीपक सिसौदिया पैरोल से फरार हो गया। इस पर मुंबई



पुलिस ने उसके खिलाफ थाना हल्द्वानी में एक केस दर्ज करवाया था। एसएसपी नैनीताल ने उसपर 25,000 रु. का ईनाम घोषित किया था। छोटा राजन गैंग से ताल्लुख रखने वाला इस इनामी अपराधी दीपक सिसोदिया की गिरफ्तारी के लिए उत्तराखण्ड पिछले एक साल से प्रयास कर रही थी लेकिन दीपक सिसोदिया के नेपाल में छिपे होने के कारण उसकी गिरफ्तारी सम्भव नही हो पा रही थी। एसटीएफ को ऐसी गोपनीय सूचनाएँ मिल रही थी कि दीपक चोरी-छिपे हल्द्वानी आता है जिस पर टीम काम कर रही थी। रविवार देर रात टीम को पता चला कि दीपक सुबह- सुबह आने वाला है। इस पर टीम को बनबसा क्षेत्र में लगाया गया। सटीक मुखबिरी के अनुसार दीपक कार फोर्ड फियेस्टा से नेपाल से बनबसा पहुंचा जिसे टीम ने बनबसा रेलवे स्टेशन के पास से धर दबोचा। उसे बनबसा से लाकर हल्द्वानी थाने में रखा गया है जहां से उसे बाद में मुंबई भेजा जाएगा। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के मुताबिक, दीपक सिसोदिया को मुंबई की कोर्ट ने महाराष्ट्र के मशहूर खोजी पत्रकार जेडे की हत्या में शामिल होने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनायी थी। तब से वह महाराष्ट्र की अमरावती सेन्ट्रल जेल में बन्द था।

# खड़गे और राहुल 23 सितम्बर को करेंगे राजस्थान में कांग्रेस के नए भवन का शिलान्यास

**जयपुर,** 18 सितम्बर (एजेंसियां) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 23 सितम्बर को जयपुर में कांग्रेस के नये भवन का शिलान्यास करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को यहां नवीन भवन के शिलान्यास की तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया को बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवीन भवन के लिए नक्शा पास हो गया और जमीन का कब्जा भी ले लिया गया है और अब इसका शिलान्यास का कार्यक्रम हैं। उन्होंने बताया कि शिलान्यास के लिए रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित हमने श्री खड़गे और राहुल गांधी से निवेदन किया हैं और उनके द्वारा यह शिलान्यास 23 सितम्बर को किया जाना प्रस्तावित हैं। श्री डोटासरा ने बताया कि कार्यक्रम में



संगठन के सक्रिय नेताओं सहित पूरी कांग्रेस शामिल होगी1

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 23 सितम्बर को श्री खड़गे और श्री राहुल गांधी के जयपुर आने के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर श्री डोटासरा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्भाग प्रभारी उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी महासचिव एवं जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में श्री डोटासरा ने सभी उपस्थित प्रभारी पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों को अवगत कराया कि 23 सितम्बर को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवीन भवन के शिलान्यास कांग्रेस खड़गे एवं राहुल गाँधी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बूथ अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों का संयुक्त सम्मेलन भी आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि श्री डोटासरा के निर्देशानुसार सम्मेलन में संगठन के पदाधिकारी जिसमें जिला, ब्लॉक, मण्डल एवं बूथ के अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### गहलोत की गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गणेश चतुर्थी (19 सितम्बर) के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर श्री गहलोत ने मानव कल्याण, खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने अपने संदेश में कहा, विघ्नहर्ता, बुद्धि और समृद्धि के आराध्य भगवान गणेश आपके रास्ते से सभी बाधाओं को दूर कर मार्ग प्रशस्त करें। आपको सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने कहा गणेश का जीवन हमें श्रेष्ठ और सृजनात्मक कार्य के लिए प्रेरणा देता है। इसलिए इस पर्व पर हमें रचनात्मक कार्यों एवं राज्य की जनहितैषी योजनाओं के जरिए जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प लेना चाहिए।

# स्कूल की बताई दुकान से मौजे नहीं खरीदने पर तीन बच्चों की पिटाई, क्लास से बाहर किया खड़ा

**देहरादून,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मॉम्स प्राइड स्कूल से एक मामला सामने आया है, जहां स्कूल की बताई दुकान से मौजे नहीं खरीदने पर तीन बच्चों को क्लास के बाहर खड़ा कर दिया गया। इसकी शिकायत बिगवाड़ा के सुनील रस्तोगी ने जिलाधिकारी से की। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा कि उनके तीन बच्चे मॉम्स प्राइड स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल से निर्धारित दुकान से मौजे नहीं खरीदने पर तीनों बच्चों को क्लास के बाहर खड़ा किया जा रहा था। स्कूल की ओर से तय दुकान में एक जोड़ी मौजे 90 रुपए में मिल रहे थे। जबकि, दूसरी दुकान से 90 रुपए में तीन जोड़ी मौजे खरीदे और उसे पहनाकर बच्चों को स्कूल भेजा। लेकिन, इससे नाराज होकर शनिवार सुबह संगीत और कराटे के शिक्षकों ने 7वीं में पढ़ने वाले बेटे अंगद की पिटाई की। उनके बेटे ने कराटे और संगीत के विषय नहीं लिए हैं। शिकायत करने पर प्रधानाचार्य ने टीसी काटकर बाहर करने की बात कही। सुनील रस्तोगी की शिकायत पर डीएम ने सीईओ को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि, इस मामले में जांच के लिए सीईओ को आदेश दिया गया है। वह जांच कर रिपोर्ट देंगे। अगर जांच में स्कूल की लापरवाही उजागर हुई तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीईओ के निर्देश पर बीईओ राजेंद्र सिंह ने शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट तैयार है। इसे सीईओ को सौंपा जाएगा।

# प्रादेशिकी

## भाजपा जिलाअध्यक्ष रूपेश गुप्ता का किया गया स्वागत

**फर्रुखाबाद,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम आरंभ होने से पूर्व पार्टी कार्यालय के मीटिंग हॉल में मंत्रोचार के साथ रुद्राभिषेक का कार्य आरंभ हुआ एवं रुद्राभिषेक के उपरांत भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता सहित दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.भूदेव सिंह राजपूत व अन्य कार्यकर्ताओं ने हवन में आहुतियां डाली। पार्टी के मीटिंग हॉल में आयोजित भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के अभिनंदन समारोह में पार्टी पदाधिकारी ने भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

## लोकसभा चुनाव को गंभीरता से लें कांग्रेस कार्यकर्ता : नरेंद्र दत्त

**लखनऊ,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। उप्र कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला/शहर अध्यक्षों

- श्रमिक वर्ग की समस्याओं के निस्तारण को रणनीति की तैयार
- विशेष रणनीति के तहत करें कार्य ताकि कांग्रेस को चुनाव में मिले जीत




की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी ने कहा कि हमें आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को गंभीरता से लेना है और हमें संकल्प लेकर एक विशेष रणनीति के तहत कार्य करना होगा ताकि चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर प्रदेश के श्रमिक वर्ग की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु रणनीति तैयार की गई तथा उसके अनुसार आगे के कार्यक्रमों को निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। त्रिपाठी ने कहा कि यदि हम सभी पूर्व नियोजित रणनीति के अनुसार कार्य करेंगे तो हमें सफलता अवश्य ही प्राप्त होगी। हमारे कार्यों और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने से लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ेंगे और 2024 के चुनाव में पार्टी को सफल अंजाम दिलाने में कामयाबी मिलेगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस सेवादल एवं श्रमिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने जमीन तौर से कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में हमेशा से ही कार्य करते आ रहे हैं जिसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। आप सभी से उम्मीद है कि आगे भी आप पार्टी की नीतियों के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### भाजपा ने जनता को सिर्फ धोखा दिया : दिनेश

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने कहा कि अच्छे दिनों का वादा कर सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी ने देश और प्रदेश की जनता को सिर्फ धोखा दिया है जिसे अब पूरे प्रदेश की जनता समझ चुकी है। विगत 9 वर्षों में महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है संसद की गरिमा को धूमिल करने का कार्य किया गया है देश में अमन चैन एवं आपसी सौहार्द को बिगाड़ा गया है, जिससे प्रदेश की जनता का भाजपा से पूरी तरह मोह भंग हो चुका है। इन सभी भाजपा के कारनामों को लेकर जनता के बीच में जाना है और कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना है।

## स्वच्छता की अलख जगाएगा स्वच्छता जनादेश 2023 अभियान


### दो अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में योगी सरकार चलाएगी सर्वेक्षण अभियान

**लखनऊ,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत में स्वच्छता की अलख जगाने वाले महात्मा गांधी की जयंती पर पूरे देश में स्वच्छता को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की तैयारी की है। इसी क्रम में योगी सरकार 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका और नगर पंचायतों में स्वच्छता जनादेश सर्वेक्षण 2023 करने जा रही है।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश का नगर विकास विभाग इस कार्यक्रम का संचालन करेगा, जिसमें सभी निकायों के पार्षद अपने वार्ड में स्वच्छता से संबंधित सवालों का जवाब देने के साथ ही अपने अपने सुझाव भी देंगे। नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने इस वृहद अभियान की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाना सीएम योगी की प्राथमिकताओं में है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश लगातार इस दिशा में प्रयास कर रही है। 2 अक्टूबर तक यानी 15 दिन चलने वाले इस स्वच्छता

- नगरीय निकायों के करीब 14 हजार पार्षदों से उनके वार्ड में स्वच्छता को लेकर चल रहे कार्यक्रमों और स्थिति के बारे में ली जाएगी जानकारी

जनादेश सर्वेक्षण 2023 कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय निकायों से करीब 14 हजार पार्षद हिस्सा लेंगे। ये पार्षद उनके वार्ड में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों, स्वच्छता की स्थिति और विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों के विषय में अपना रिस्पॉन्स डिजिटली प्रदान करेंगे। इसके लिए नगर विकास विभाग की ओर से एक क्यूआर कोड जेनरेट किया गया है, जिसे स्कैन करके पार्षद वेब पेज पर 20 सवालों का जवाब देकर विभाग को वार्ड के विषय में अवगत करा पाएंगे। यही नहीं, पार्षदों से सवालों के साथ-साथ स्वच्छ वार्ड को लेकर किए जा रहे उनके प्रयासों की भी जानकारी मांगी गई है, जबकि कैसे स्वच्छता अभियान को और प्रभावी व सफल बनाया जा सके इस विषय में उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे। नगर विकास के प्रमुख सचिव



अमृत अभिजात ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एवं कचरा मुक्त शहर (गार्बेज फ्री सिटी) बनाने का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में स्वच्छता जनादेश 2023 लागू किया जाना आवश्यक है।

नगरीय निकायों में 2 अक्टूबर तक प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत व वार्डों को स्वच्छता के मापदंडों पर पार्षदों द्वारा स्व: मूल्यांकन करने के लिए स्वच्छता जनादेश 2023 के माध्यम से 20 बिंदुओं पर अपने निकाय से संबंधित सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। स्वच्छता जनादेश 2023 डेडिकेटेड बार कोड के माध्यम से किया जाएगा। प्रमुख सचिव ने सभी जिलाधिकारियों, नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वच्छता जनादेश 2023 को सही एवं निर्धारित समय सीमा में पार्षदों से प्राप्त करने की कार्यवाही अनिवार्य रूस से सुनिश्चित करें। पार्षदों को जिन 20 सवालों पर रिस्पॉन्स देना है, उनमें उनके जिले, नगर निकाय, वार्ड, वार्ड संख्या जैसे सामान्य सवालों के साथ स्वच्छता से संबंधित सवालों की शृंखला है। इसमें वार्ड में कूड़ा गाड़ी के संचालन से संबंधित सवाल पूछे गए हैं जैसे क्या आपके वार्ड में गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग रखा और एकत्रित किया जाता है। क्या वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाता है।

क्या आपके वार्ड में प्रतिदिन कचरे वाली गाड़ी आती है। इसी तरह वार्ड में स्वच्छता कार्यक्रमों को लेकर भी जानकारी मांगी गई है जैसे वार्ड में प्रतिदिन झाड़ू लगती है या नहीं, कूड़ेदान (डस्टबिन) उपलब्ध है या नहीं, कूड़ेदान की समय-समय पर सफाई होती है या नहीं, नाली और तालाब साफ सुथरे हैं की नहीं इत्यादि। इसके अलावा वार्ड में प्लास्टिक और पॉलिथीन पर प्रतिबंध, जगह-जगह कचरे के ढेर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी मांगी गई है।

## संविदा कर्मियों के धरने पर पहुंचे विधायक अतुल प्रधान

**मवाना,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना में विद्युत वितरण खंड द्वितीय के कार्यालय पर संविदा कर्मियों ने अवर अभियंता पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए



- अवर अभियंता ने खेद जताया, धरना समाप्त

प्रदर्शन कर धरना दिया। जानकारी मिलने पर धरने पर पहुंचे विधायक अतुल प्रधान ने मुख्य अभियंता से कर्मियों की समस्या बताई। मुख्य अभियंता के आदेश पर धरनास्थल पर पहुंचे सीनी बिजलीघर के अवर अभियंता ने अभद्रता के मामले पर खेद जताया। भविष्य में ऐसा नहीं करने का वादा किया। इस पर बिजली संविदा कर्मियों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना समाप्ति के बाद संविदा कर्मी अपने काम पर लौट गए हैं। मवाना क्षेत्र के सीना बिजलीघर पर तैनात संविदा कर्मियों ने 16 सितम्बर को वहां के अवर अभियंता निहाल सिंह पर आरोप लगाया था कि सीना बिजलीघर पर तैनात लाइनमैन सोमपाल व अमरीश के साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस मामले को लेकर संगठन के पश्चिमांचल अध्यक्ष राहुल भाटी व उपखंड अध्यक्ष नजर अली को जानकारी दी। उन्होंने विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता महेश चंद से शिकायत करते हुए चेतावनी दी थी कि जब तक अवर अभियंता अपनी गलती स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। इसी परिपेक्षय में सोमवार को सभी संविदा कर्मचारियों ने विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। धरने की सूचना मिलने पर सरधना विधायक बिजली कर्मियों के धरने पर पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनी। इसके बाद विधायक अतुल प्रधान ने मुख्य अभियंता अनुराग अग्रवाल से वार्ता की और उन्हें बिजली कर्मियों के साथ हुई घटना से अवगत कराया। धरने पर राहुल भाटी, नजर अली, मौहम्मद कासिफ, नरेन्द्र त्यागी, अनुज शर्मा, जौनी, अमरीश, निर्देश, कमल समेत अनेक संविदा कर्मी मौजूद रहे। बिजली कर्मियों के अनुसार मुख्य अभियंता के आदेश के बाद धरनास्थल पर अधिशासी अभियंता महेश चंद, एसडीओ हस्तिनापुर व अवर अभियंता निहाल सिंह पहुंचे। अवर अभियंता निहाल सिंह ने अभद्रता वाली घटना पर खेद जताया और भविष्य में ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया। अधिशासी अभियंता महेश चंद ने बताया कि अवर अभियंता द्वारा अभद्रता की घटना पर खेद जताने के बाद बिजली कर्मियों ने धरना समाप्त कर दिया है। इसकी पुष्टि बिजली कर्मियों के उप खंड अध्यक्ष नजर अली ने भी की।

## भारत सरकार व वर्ल्ड बैंक की रजपुरा ब्लॉक में विजिट

**मेरठ,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को विकास खंड रजपुरा की ग्राम पंचायत कमालपुर और ग्राम पंचायत पंचगांव पट्टी अमर सिंह में अटल भूजल योजना के अंतर्गत जनपद मेरठ में

- गिरते जल स्तर को रोकने को लेकर की गई चर्चा
- अटल भूजल योजना के मद्देनजर आयोजित किया गया कार्यक्रम
- तैयार हुए तालाब पर श्रमदान भी किया गया

प्रस्तावित वर्ड बैंक तथा भारत सरकार की विजिट का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतुल सक्सेना नेशनल डायरेक्टर अटल भूजल योजना, स्त्यप्रिय, सुजीत कुमार सिन्हा, अरूण डोभाल, अमित आनंद, तपसपाल, अमृता, पल्लवी मौजूद रहे साथ ही राज्य नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता अमोद कुमार, आदित्य पांडेय भी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत में आई टीम का रजपुरा ब्लाक प्रमुख




कौशल चौहान द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही उन्होंने अटल भूजल योजना के कार्यों की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड बैंक टीम द्वारा वहां उपस्थित ग्राम वासियों,जल समिति सदस्यों व समूह की महिलाओं व किसानों से अटल भूजल योजना संबंधित कई सवाल किए। जिनके जवाब से वो संतुष्ट भी नजर आए। इस मौके पर मौजूद वर्ल्ड बैंक टीम व एसपीएमयू द्वारा अटल भूजल योजना में तैयार हुए तालाब पर श्रमदान भी किया गया। समुदाय के साथ हुई बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा लोगों से अटल भूजल योजना के लाभ भी पूछे गए। साथ ही इसे और कैसे बेहतर बनाया जाए इस पर भी उनके विचार पूछे गए। लोगों से गिरते जल स्तर को रोकने के लिए किए जा रहे उपाय भी साझा किए गए। कार्यक्रम में वर्ड बैंक टीम ने सभी उपस्थित लोगों से खेती के लिए ड्रिप इरीगेशन पद्धति इस्तेमाल करने की अपील की। दोनो ग्राम पंचायतों में हुई बैठक के बाद वर्ड बैंक, भारत सरकार प्रतिनिधि, एसपीएमयू अधिकारियों की एक बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे सीडीओ द्वारा टीम को जनपद मेरठ में योजना के तहत कराए गए व कराए जाने वाले कार्य से अवगत कराया। बैठक में नोडल अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता द्वारा दी गई।

## बीसीए के छात्र-छात्राओं के लिए संगोष्ठी का किया गया आयोजन

- छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व निखारने के लिए दिए टिप्स



**मेरठ,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा बीसीए के छात्र-छात्राओं के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन। जिसका विषय इमर्जिंग आईटी ट्रेंड्स एंड करियर ऑपर्चुनिटीज रहा। वक्ता के रूप में वसर्व इंफोसिस्टम से डॉ. सुधीर गौड एंड राहुल मिश्रा को आमंत्रित किया गया, जिनका स्वागत संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा द्वारा बुके देकर किया। इस संगोष्ठी की शुरुआत सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई तत्पश्यात कंपनी के अधिकारियों ने बीसीए के छात्र-छात्राओं को उनके लिए आईटी विभाग क्या क्या अवसर है और उनके लिए उनको क्या करना है किस प्रकार के करना है, उन्हें विस्तारपूर्वक बताया, उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए टिप्स भी दिए। संगोष्ठी में बीसीए विभाग अध्यक्ष विदुषी शर्मा सहायक प्रोफेसर हिमांशु शर्मा कविता भड़ाना, आई टी हैड अजय तिवारी के अलावा बीसीए विभाग के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## वेंक्टेश्वरा विवि में मेगा स्वच्छता अभियान आयोजित

**मेरठ,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (सेवा पखवाडा) के दूसरे दिन



वेंक्टेश्वरा संस्थान एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रक्तदान शिविर एवं मेगा

- सेवा पखवाडा के दूसरे दिन वृहद रक्तदान शिविर लगाया

स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिसकर्मी/जवानों, किसानों, जनप्रतिनिधियों छात्र एवं शिक्षको, स्वयंसेवी संगठनो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए चार सौ से अधिक यूनिट रक्तदान कर देश के प्रधानमंत्री के प्रति अपने प्यार एवं विश्वास की झलक देते हुए लोगो का जीवन बचाने की शपथ ली। इसके साथ ही वेंक्टेश्वरा संस्थान परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत-स्वास्थय भारत'' मिशन को आगे ले जाने का आह्वान किया। संस्थान के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के ए-ब्लॉक में आयोजित रक्तदान शिविर एवं मेगा स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि, जिलाधिकारी अमरोहा राजेश त्यागी, विधायक धनौरा राजीव तरारा, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह, युवा मोर्चा अमरोहा के जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करके किया।

## यातायात किया डायवर्ट, मेरठ पौड़ी रोड पर जाम लगा

**मवाना,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना में तहसील तिराहे स्थित सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति पर माल्यार्पण कराने के लिए पुलिस को यातायात को डायवर्ट करना पड़ा। इससे मेरठ पौड़ी रोड पर

- घंटों वाहन चालक हुए परेशान, स्कूली बसें जाम में फंसी

जाम लग गया। इस दौरान घंटों वाहन चालक परेशान हुए। तहसील तिराहे स्थित सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति पर माल्यार्पण कराने के लिए बड़ा महादेव से युवाओं की भीड़ आने की सूचना मिली तो मिहिर भोज मूर्ति के पास तैनत मेरठ कैंट की सीओ पूनम सिरोही व किठौर सीओ पवन कुमार चौधरी ने हस्तिनापुर से आ रहे मेरठ पौड़ी हाईवे पर यातायात को बहसूमा से डायवर्ट करने के आदेश ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दिए।

## मिहिर भोज जयंती यात्रा के दौरान हंगामा

**मवाना,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को मवाना बड़ा महादेव शिव मंदिर से सम्राट वीर भोज की यात्रा निकालने को लेकर सैकड़ो गुर्जर समाज के लोग सुबह 10 बजे महादेव शिव मंदिर पर एकत्रित हो गए, जिसकी सूचना पर पहुंचे एसपी देहात ने यात्रा स्थल को छावनी में तब्दील कर

- मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस फोर्स
- सपा विधायक समेत दर्जनों को हिरासत में लिया
- ड्रोन से की गई निगरानी
- राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने किया माल्यार्पण

दिया। यात्रा निकालने को लेकर युवा वर्ग के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की जमकर नोकझोंक हो गई। उसके बाद शांति भंग होने की आशंका में पुलिस ने करीब 20 युवकों को हिरासत में लेकर मेरठ पुलिस लाइन भेज दिया। वहीं उसके बाद सरधना विधायक अतुल प्रधान भीड़ के साथ मवाना पहुंचे। पुलिस ने सभी को बड़ा महादेव



शिव मंदिर पर रोक दिया लेकिन उसके बाद भी गुर्जर समाज के लोग यात्रा निकालने की जिद पर अड़े रहे। मौके पर मौजूद एडीएम प्रशासन अमित कुमार सिंह, एसपी देहात ने लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं था। प्रशासन की ओर से समझाया जा रहा है कि यात्रा की कोई अनुमति नहीं है। उसके बाद भी युवा वर्ग बसों से निकलकर सड़क पर आ गया और पैदल यात्रा निकाली। उसके बाद यात्रा के दौरान राज्य मंत्री दिनेश खटीक, सरधना विधायक अतुल प्रधान, सपा नेता मुखिया गुर्जर समेत सैकड़ों हजारों युवाओं ने सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

## पालिका टीम ने जलभराव को खत्म कराया

**मवाना,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। नगरीय निकायों में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 व स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सोमवार को पालिका के सभी सफाई



नायकों व सफाई कर्मचारियों के साथ नगर के मिल रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने मिल रोड की साईड पटरी पर वर्षा से हुए जलभराव को साफ कराया गया। पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार की मौजूदगी में विशेष सफाई अभियान में आगे-आगे सफाई कर्मचारियों द्वारा फावड़ों से सफाई व झाडू से नाली की सफाई का कार्य कराया गया। साथ ही सारे कूड़े को उठाया गया। उक्त विशेष सफाई अभियान दो अक्टूबर तक प्रतिदिन अपराहंन 2.00 बजे से नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो व चौराहो पर चलाया जाएगा। उनके साथ पालिका के लिपिक लाखन सिंह, डीपीएम अमरनाथ, राजपति, सफाई नायक मनोज, राकेश, मजहर अब्बास व पालिका के सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## शारदा शताब्दी सम्मान समारोह में गूंजेगा अयोध्या घराने का संगीत

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व उप्र के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे शिरकत

ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या/ग्रेटर नोएडा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ, सम्मान समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष व सेवानिवृत आईएएस कैप्टन संतोष द्विवेदी, यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर वाईके गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ.सिबाराम खारा और निदेशक डॉ. अजीत कुमार ने पत्रकार वार्ता में संयुक्त रूप से दिया। आयोजन में अयोध्या संगीत घराने के गायक, युवा संत मानसदास का गायन भी होगा।





- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित, भारत के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम 22 और 23 सितम्बर को शारदा यूनिवर्सिटी में किया जाएगा।

एनसीआर में पहली बार इसका आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। पहले दिन 22 सितम्बर को उद्घाटन समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, सांसद डॉ.महेश शर्मा, बह्म सागर समिति के अध्यक्ष कैप्टन एसके द्विवेदी, शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता और प्रो चांसलर वाईके गुप्ता मौजूद रहेंगे और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस दौरान देश के विभिन्न विषयों पर वक्ता अपने विचार रखेंगे । लोगों के सामने अपने विचार रखेंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्रनाथ पांडेय इस कार्यक्रम आएंगे। शाम को भजन संध्या और शास्त्रीय संगीत में अयोध्या संगीत परंपरा प्रतिनिधि संत श्री मानदास अपनी प्रस्तुति देंगे।

## उपभोक्ता हित में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का बड़ा निर्णय

## झटपट पोर्टल पर 75000 आवेदनों में लगाई गई आपत्तियों को खारिज कर अध्यक्ष ने कनेक्शन प्राप्त करना किया आसान

**लखनऊ** 18, सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश की जनता के हित को ध्यान में रखकर आसानी से विद्युत कनेक्शन के लिए यूपीपीसीएल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। झटपट पोर्टल पर लगभग 75000 आवेदन विभिन्न आपत्तियों के कारण लम्बित थे जिससे उपभोक्ताओं को कनेक्शन मिलने में दिक्कत हो रही थी।

पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने उपभोक्ताओं को शीघ्र कनेक्शन प्राप्त हो जाये इसके लिये लगायी गई आपत्तियों को खारिज कर दिया। उन्होंने निर्देशित किया है कि तकनीकी या अन्य किसी विशेष कारण से जहॉ कनेक्शन नही दिया जा सकता वहॉ अधिशासी अभियन्ता के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। इससे कनेक्शन देना विद्युत कार्मिको के लिए अनिवार्य हो गया है। कारपोरेशन अध्यक्ष डा.आशीष गोयल ने कहा है कि विद्युत कनेक्शन सभी को आसानी से मिले इस लिए जनता के हित में यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के बाद सभी आवेदनकर्ताओं को कनेक्शन मिलेगा। मध्यांचल तथा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की समीक्षा करते हुये अध्यक्ष ने कहा कि उपभोक्ताओं के हित हमारे लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उनकी समस्याएं पेन्डिंग न रहें तत्काल हल होनी चाहिए। यह हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि विद्युत कार्मिकों का उपभोक्ताओं से व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। उपभोक्ता के साथ दुर्व्यवहार या भ्रष्टाचार की शिकायत पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सही और ईमानदार उपभोक्ता के हितों के प्रति अत्यन्त संवेदन शील रहें।

अध्यक्ष ने बताया कि गोरखपुर में उपभोक्ता के साथ की गयी दुर्व्यवहार की घटना सबके सामने है। जिसमें कनेक्शन जोड़ने के नाम पर उपभोक्ता का उत्पीडन किया गया। इस प्रकरण के संज्ञान में आते ही वहॉ के अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ता निलम्बित कर दिये गये तथा दो संविदा कार्मियों के विरुद्ध एफआईआर हुई और वह गिरफ्तार भी हो गए। अध्यक्ष ने कहा कि झटपट पोर्टल पर आवेदित सभी उपभोक्ताओं को कनेक्शन देना सुनिश्चित करें।

# दुनिया रंग-बिरंगी

**'केकेके 13' में मुझे अपनी ताकत और कमजोरियों के बारे में बेहतर पता चला : शीजान खान**

**मुंबई।** स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 से बाहर हुए अभिनेता शीजान खान ने कहा कि रोहित शेट्टी के मार्गदर्शन में स्टंट करना अविश्वसनीय लगता है और उन्हें इस बैटल पर गर्व है। खतरों के खिलाड़ी 13 के चैलेंजर्स वीक ने पहले कभी न देखे गए स्टंट के साथ अपने डर को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया। शो के पूर्व फाइनलिस्ट फैसल खान उर्फ मिस्टर फैसू ने कंटेस्टेंट्स को चुनौतीपूर्ण स्टंट करने में उनके द्वारा निर्धारित बेंचमार्क को पार करने की चुनौती दी। सभी कंटेस्टेंट्स ने अनुभवी पूर्व फाइनलिस्ट को हराने के मुश्किल टास्क को किया। दो कंटेस्टेंट्स, जो इसमें शामिल नहीं हो सके, वे अरिजीत तनेजा और शीजान थे। इन डेयरडेविल्स को रविवार के एपिसोड के लास्ट बैटल एलिमिनेशन तक लड़ना पड़ा।



### मोटापे को लेकर विशेषज्ञों का अध्ययन

## जल्द उपचार से बच्चों के मोटापे को रोकने में मिल सकती है मदद

**लंदन,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अध्ययन के अनुसार, बचपन में मोटापे का प्रारंभिक उपचार दीर्घकालिक और अल्पावधि दोनों में प्रभावी होता है। द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित यह अध्ययन चार से छह साल की उम्र के 170 बच्चों और उनके माता-पिता पर किया गया है।

बच्चों और माता-पिता को तीन तरह के अलग-अलग उपचार दिये गये थे। मानक उपचार, माता-पिता सहायता समूह या अनुवर्ती टेलीफोन सहायता के साथ माता-पिता सहायता समूह।

मानक उपचार समूह के प्रतिभागियों ने डॉक्टर या आहार विशेषज्ञ के साथ आहार और व्यायाम पर ध्यान केंद्रित करने वाली बैठकें कीं। जबकि, अन्य दो अभिभावक सहायता समूहों में बच्चों को शामिल नहीं किया गया और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि माता-पिता सकारात्मक तरीके से परिवार में स्वस्थ जीवन शैली को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं।

अध्ययन की प्रमुख अन्वेषक पॉलिना नोविका ने कहा कि इस तरह की बातचीत इस बात पर केंद्रित हो सकती है कि सीमाएं कैसे तय की जाएं, बच्चों को नए व्यवहार कैसे सिखाएं और प्रीस्कूल, दादी, पड़ोसियों और बच्चों की दुनिया के अन्य वयस्कों के साथ कैसे संवाद किया जाए।

**■ मोटापे का प्रारंभिक उपचार दीर्घकालिक व अल्पावधि दोनों में प्रभावी**

नोविका स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टिट्यूट में क्लिनिकल साइंस, इंटरवेंशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग में बाल विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर हैं। निष्कर्षों से पता चला कि सभी तीन समूहों के बच्चों ने अपने वजन की स्थिति में सुधार किया और उनके मोटापे की डिग्री में कमी देखी गई, लेकिन जिन बच्चों के माता-पिता को सलाह आदि दी गई थी, उनके परिणाम सबसे अच्छे थे, खासकर उन बच्चों के जिन्हें फॉलोअप के रूप में फोन कॉल भी प्राप्त हुए थे।

नोविका ने कहा कि टीम ने यह भी पाया कि तीसरे समूह के अधिक बच्चों ने बेहतर उपापचय स्वास्थ्य के साथ अपने वजन की स्थिति में चिकित्सकीय रूप से प्रासंगिक सुधार दिखाया है, जिससे मेरा मतलब रक्त लिपिड और ग्लूकोज के बेहतर स्तर से है। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने माता-पिता को दोपहर के भोजन के संबंध में घर पर एक स्पष्ट संरचना बनाने और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने, बच्चे को खाना पकाने में शामिल करने आदि जैसी चीजें करने का भी सुझाव दिया।

नोविका ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों का इलाज शुरू करने की तुलना में कम उम्र में बच्चों का इलाज करना अधिक प्रभावी होता है। कुछ किशोर संभावित बेरिएट्रिक सर्जरी पर विचार कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि पहले इलाज से इससे बचा जा सकता है।

## दिल्ली के सुल्तान के लिए मैंने 200 से ज्यादा आउटफिट पहनें : मौनी रॉय

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस मौनी रॉय, जो अपनी पहली स्ट्रीमिंग सीरीज 'सुल्तान ऑफ दिल्ली की रिलीज का इंतजार कर रही हैंए इस बात से बेहद खुश हैं कि उन्हें एक बेहद स्टाइलिश किरदार निभाने का मौका मिलाए जिसके लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी। अपने किरदार के लिए उन्हें 200 आउटफिट्स और अपने बालों के साथ कई सारे एक्सपेरिमेंट करने पड़े।

मौनी क्लासिक, खूबसूरत ड्रेस और हेयर-स्टाइल के साथ रेट्रो वाइब अपनाती नजर आएंगी। सुल्तान ऑफ दिल्ली अर्नब रे की किताब 'सुल्तान ऑफ दिल्लीः असेंशन' पर बेस्ड है। यह स्ट्रीमिंग के लिए बनाई गई एक लार्जर दैन लाइफ मास एंटरटेनर है।

**बालों के साथ किए एक्सपेरिमेंट**

इसमें अनुप्रिया गोयनका, हरलीन सेठी और महरीन पीरजादा के साथ ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, अनुभवी अभिनेता विनय पाठक और निशांत दहिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अपने लुक और किरदार के बारे में बात करते हुए मौनी ने कहा कि हर एक लड़की को सजने-संवरने और एकदम अलग दिखने में मजा आता है। 'सुल्तान ऑफदिल्ली' में मुझे नयनतारा के रूप में हर एपिसोड में अपनी स्टाइल और कलर स्कीम का बदलने का मौका मिला। किरदार के लिए परफेक्ट लुक ढूंढना बेहद मुश्किल काम है और मैंने 200 से ज्यादा आउटफिट्स पहनीं है और अपने बालों के साथ भी कई एक्सपेरिमेंट किए है। उन्होंने आगे कहा कि 10 से ज्यादा टेस्ट-लुक आजमाने के बादए आखिरकार हमें वह मिल गया जो हम चाहते थे। नयनतारा अपने तरीके से कहानी में काफी ग्लैमर और चमक लाती हैं। यह पहली बार है जब मैं 60 के दशक का लुक अपना रही हूं और दर्शकों को मेरा यह पक्ष दिखाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।



## हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का आगाज

**बेंगलुरु,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। गणेश चतुर्थी सोमवार को पूरे कर्नाटक में धूमधाम से मनाई जा रही है। यह महोत्सव 10 दिनों तक चलेगा। बेंगलुरु, तटीय क्षेत्र और उत्तर व दक्षिण कर्नाटक समेत पूरे देश में विशाल गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी है। इस वर्ष यह त्योहार बहुत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, क्योंकि पिछले वर्षों के दौरान कोविड महामारी की छाया के कारण उत्सव फीका पड़ गया था। दक्षिण कर्नाटक में, लोग सुबह.सुबह पूजा करने के लिए चींटियों की पहाड़ियों पर एकत्र हुए। मुसलमानों ने एक नेक कदम उठाते हुए बेलगावी शहर में ईद-मिलाद त्योहार के जुलूस को स्थगित करने का फैसला किया है। हिंदू समुदाय ने 28 सितम्बर को गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने का फैसला किया है और ईद का जुलूस भी 28 सितम्बर को निकाला जाना था। बेलगावी में 119 साल से गणेश उत्सव मनाया जाता है और यह जुलूस ऐतिहासिक है। चूंकि ईद-मिलाद के दौरान मुसलमान भी जुलूस निकालते हैं, इसलिए पुलिस विभाग को कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभालने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। धार्मिक निकाय अंजुमन-ए-इस्लाम और मुस्लिम धार्मिक प्रमुखों ने एक बैठक की है और 1 अक्टूबर को ईद-मिलाद का जुलूस आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने कहा है कि वे गणेश उत्सव और जुलूस में भाग लेंगे और वे ईद-मिलाद में हिंदुओं को भी आमंत्रित करेंगे। बेलगावी उत्तर कांग्रेस विधायक राजू सैत ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के इस कदम से समाज में सद्भाव पैदा होगा। गणेश मंडली के आयोजक विकास कालाघाटगी ने मुस्लिम समुदाय के फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू और मुस्लिम दोनों गणेश चतुर्थी और ईद-मिलाद त्योहार मनाएंगे।

**■ मुसलमानों ने बेलागवी में ईद का जुलूस किया स्थगित**



### देश के सबसे अमीर भगवान गणेश की मूर्ति का अनावरण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मध्य मुंबई के किंग सर्कल में स्थित जीएसबी सेवा मंडल ने भगवान गणपति का 360 करोड़ रुपए का बीमा कवर प्राप्त करते हुए देश के सबसे अमीर भगवान गणेश की मूर्ति का पहला लुक दुनिया के साथ साझा किया। भगवान गणपति को रविवार को सिर से लेकर पैर तक लगभग 66.6 किलोग्राम सोने और 295 किलोग्राम चांदी से सजाया गया। जिसमें एक हार है, उनके कान, हाथ और पैरों को आभूषणों से सजाया गया है, उनकी सूंड तथा अन्य अंगों को सजावटी समानों से अलंकृत किया गया है।

जीएसबी सेवा मंडल के न्यासी और प्रवक्ता अमित डी पाई ने कहा कि एक श्रद्धालु ने 200 ग्राम से ज्यादा सोना चढ़ाया है और 19 सितम्बर को उत्सव के पहले दिन अतिरिक्त 40 किलोग्राम सोना भगवान को चढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये 'नैवेद्य' 'पवित्र प्रसाद' रखने वाले बर्तनों के रूप में होंगे। जीएसबी गणपति का 360 करोड़ रुपए से ज्यादा का बीमा किया गया है। इस वर्ष जीएसबी सेवा मंडल के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव का 69वां वर्ष है।

## अध्ययन में खुलासा, एक अस्पताल के बेड का क्या है कार्बन फुटप्रिंट

**टोरंटो,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अपनी तरह के पहले स्टडी के अनुसार, एक अस्पताल का बेड लगभग पांच कनाडाई घरों के बराबर कार्बन फुटप्रिंट छोड़ता है। कार्बन फुटप्रिंट से मतलब ग्रीनहाउस गैसों (कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन) की कुल मात्रा से है जो हमारे एक्टीविटी से पैदा होती है। वाटरलू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 2019 वित्तीय वर्ष के दौरान ब्रिटिश कोलंबिया के एक अस्पताल का अध्ययन किया। इसने अस्पताल के ऊर्जा और पानी के उपयोग और चिकित्सा उत्पादों की खरीद की पहचान की जो वार्षिक फुटप्रिंट के आधे से अधिक कुल 3500-5000 टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर के लिए जिम्मेदार है।

**■ एक अस्पताल का बेड लगभग पांच कनाडाई घरों के बराबर छोड़ता है कार्बन फुटप्रिंट**

जर्नल ऑफ इंडस्ट्रियल इकोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के लिएए शोधकर्ताओं ने अस्पतालों द्वारा खरीदे गए हजारों उत्पादों का सांख्यिकीय नमूने के संयोजन और कार्बन तीव्रता की गणना का उपयोग कर कार्बन फुटप्रिंट का आकलन किया।



हमारे काम में, हम अक्सर पाते हैं कि सबसे बड़े पर्यावरणीय फुटप्रिंट वहीं हैं जहां आप उनसे होने की कम से कम उम्मीद करते हैं। जैसे कि कहावत है, नज़र से ओझल, दिमाग से भी ओझल। पर्यावरण, उद्यम और विकास स्कूल में पोस्टडॉक्टरल फेलो एलेक्स सिमप्रिच ने कहा कि लक्ष्य छिपे हुए पर्यावरणीय फुटप्रिंट को सामने लाना है ताकि हम उन्हें प्रबंधित करना शुरू कर सकें। परिणाम बताते हैं कि उत्सर्जन में गहरी कटौती हासिल करने के लिए अस्पताल की स्थिरता पहल पर और ध्यान देने की जरूरत है।

सिंप्रिच ने कहा कि हालांकि मरीजों और अस्पतालों को आपूर्ति किए जाने वाले उत्पादों का परिवहन और अस्पताल का कचरा पर्यावरणीय चिंता के सबसे ज्यादा दिखने वाले क्षेत्र हैं, चिकित्सा उत्पादों की आपूर्ति-श्रृंखला जैसे अन्य छिपे हुए क्षेत्रों में पर्यावरण पर बहुत बड़े प्रभाव पड़ सकते हैं। नई पद्धति अस्पताल उत्सर्जन डेटा में अभूतपूर्व स्तर की व्यापकता और विवरण लाती है जो प्रशासनिक अधिकारियों को यह आकलन करने में सक्षम कर सकती है कि उनकी पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए किन सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

## बप्पा की वजह से मैंने जीवन में कभी भी अकेलापन महसूस नहीं किया : ऋत्विक धनजानी

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्टर ऋत्विक धनजानी की गणपति बप्पा में अटूट आस्था है और वह गणेश चतुर्थी के लिए घर पर ही इको-फ्रेंडली मूर्तियां बनाते हैं। गणेश चतुर्थी त्योहार नजदीक है। हर साल की तरह उनके भक्त उनके आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर को मनाई जाएगी। अपनी नई फिल्म 'लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर' के प्रोमोशन के दौरानए ऋत्विक ने बताया कि कैसे उन्हें अपने जीवन में कभी भी अकेलेपन का एहसास नहीं हुआ। ऋत्विक ने कहा कि मैंने वास्तव में कभी कुछ नहीं खोया है। मैंने हमेशा चीज़ें ढूंढी और पाई हैं। आज मैं जहां हूं, वह उससे कहीं बेहतर है, जो मैंने कभी मांगा था। अब तक, ऐसा कुछ भी नहीं है जो मैं अपने जीवन में बदलना चाहूं, चाहे वह कोई व्यक्ति हो या कोई अनुभव। इसीलिए मैंने कभी हारा हुआ महसूस नहीं किया।




अभिनेता ने कहा कि हर किसी की तरह, मैंने भी कठिन समय का सामना किया है, लेकिन मैं इसे आशीर्वाद के रूप में भी देखता हूं। जब समय अच्छा होता है, तो यह आशीर्वाद होता है, और जब कठिन होता है, तो यह भी आशीर्वाद होता है। मुझ पर बप्पा का हाथ हमेशा है।

## सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने स्त्री रोग विज्ञान के साथ त्वचा विज्ञान व सौंदर्य संबंधी सेवा की विकसित

**■ अस्पताल किफायती कीमतों पर बेहतरीन चिकित्सा देखभाल करता है प्रदान**

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के जामिया नगर शाहीन बाग स्थित सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, स्वास्थ्य सेवा उद्योग में एक प्रसिद्ध अस्पताल बन रहा है क्योंकि यह स्त्री रोग विज्ञान में विशेषज्ञता रखता है और साथ ही शीर्ष स्तर की त्वचा विज्ञान और सौंदर्य संबंधी सेवाएं भी प्रदान करता है। इन सेवाओं में अस्पताल ने खुद को और ज्यादा विकसित किया है। यह अस्पताल विविध स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करते हुए किफायती कीमतों पर बेहतरीन चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।

कालिंदी कुंज रोड, जसोला में स्थित, सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के लिए दिल्ली और उसके बाहर के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अस्पताल का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि अच्छी स्वास्थ्य देखभाल सभी की पहुंच में रहे, चाहे उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का स्त्री रोग विभाग सभी उम्र की महिलाओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए, अपनी विशेषज्ञता के रूप में उभरा है। अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञों की एक टीम के नेतृत्व में विभाग पैरेंटल केयर, मातृत्व सेवाओं, स्त्री रोग संबंधी सर्जरी और प्रजनन स्वास्थ्य में माहिर है। अस्पताल के वित्तीय और रणनीतिक विभाग के गौरव त्रेहान कहते हैं, हम भारतीयों को खुद ही अपने समुदाय का सुधार करने की जरूरत है खासकर वे लोग जो कम आर्थिक पृष्ठभूमि से हैं। जिस दिन हम इसे हासिल करने में कामयाब हो जाएंगे, हमारा देश सबसे बेहतर बन जाएगा। अपनी असाधारण स्त्री रोग संबंधी सेवाओं के साथ-साथ, सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के पास त्वचा विज्ञान और सौंदर्य सेवा विभाग में भी अनुभव है। क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों, सनराइज स्किन एंड एस्थेटिक सेंटर के सहसंस्थापक मुजीब आलम सैफी के साथ, अस्पताल कॉस्मेटिक और त्वचा संबंधी प्रक्रियाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।



## 73 वर्ष की हुई शबाना आजमी



**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शबाना आजमी आज 73 वर्ष की हो गई। 18 सितम्बर 1950 को जन्मीं शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी मशहूर शायर और गीतकार थे जबकि मां शौकत आजमी रंगमंच की जानी-मानी अभिनेत्री थी। शबाना ने स्नातक की पढ़ाई दिल्ली के सेंट जेवियर कालेज से पूरी की और इसके बाद उन्होंने पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट में दाखिला ले लिया। पुणे में अभिनय का प्रशिक्षण हासिल करने के बाद वह अभिनेत्री बनने के लिए 1973 में मुम्बई आ गईं। यहां उनकी मुलाकात निर्माता निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास से हुई, जिन्होंने उन्हें अपनी फिल्म फासले में काम करने का प्रस्ताव किया। यह फिल्म पूरी हो पाती उससे पहले ही उनकी फिल्म अंकुर प्रदर्शित हो गई। श्याम बेनेगल के निर्देशन में बनी और 1974 में प्रदर्शित फिल्म अंकुर हैदराबाद की एक सत्य घटना पर आधारित थी। इस फिल्म में शबाना आजमी ने लक्ष्मी नामक एक ऐसी ग्रामीण युवती का किरदार निभाया, जो शहर से आये एक कालेज स्टूडेंट से प्यार कर लेती है। फिल्म के निर्माण के समय श्याम बेनेगल ने अपनी कहानी कई अभिनेत्रियों को सुनायी, लेकिन सभी ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया। करियर के शुरुआती दौर में इस तरह का किरदार किसी भी अभिनेत्री के लिए जोखिम भरा काम हो सकता था लेकिन शबाना आजमी ने इसे एक चैलेंज के रूप में लिया और अपने सधे हुए अभिनय से समीक्षकों के साथ ही दर्शकों का भी दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गई।

वर्ष 1975 में श्याम बेनेगल की ही फिल्म निशांत में शबाना आजमी को उनके साथ फिर काम करने का मौका मिला। वर्ष 1977 शबाना आजमी के सिने करियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इस वर्ष उन्हें जहां महान फिल्मकार सत्यजीत रे की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी में काम करने का मौका मिला। वहीं फिल्म स्वामी में उत्कृष्ट अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। इस बीच शबाना आजमी ने व्यावसायिक सिनेमा की ओर भी अपना रख कर लिया। इस दौरान उन्हें विनोद खन्ना के साथ परवरिश और अमर अकबर एंथोनी जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर मिलाए जिसकी सफलता ने उन्हें व्यावसायिक सिनेमा में भी स्थापित कर दिया।

वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म अर्थ शबाना आजमी के लिए करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शबाना आजमी ने एक ऐसी शादीशुदा महिला का किरदार निभाया जिसका पति उसे अन्य महिला के कारण छोड़ देता है। इस फिल्म के लिये शबाना आजमी दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1984 में शबानी आजमी की मृणाल सेन निर्देशित फिल्म खंडहर और 1985 में गौतम घोष निर्देशित फिल्म पार प्रदर्शित हुई। इन फिल्मों में उनके अभिनय के विविध रूप देखने को मिले। इन दोनों ही फिल्मों के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गयी। वर्ष 1986 में इंडो-फ्रेंच बेल्जियन स्विस प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म जेनेसिस शबाना आजमी की एक और महत्वपूर्ण फिल्म है। मृणाल सेन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदमी और औरत के बीच प्यार और उनके बीच तकरार को दिखाने के साथ ही राजस्थान के रेगिस्तान की खूबसूरती को भी पेश किया गया था । इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और ओमपुरी ने भी मुख्य भूमिकाएं निभाईं। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म फायर से शबाना आजमी को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। दीपा मेहता के निर्देशन में बनी इस विवादस्पद फिल्म में उन्होंने राधा नामक युवती का किरदार निभाया जो एक अन्य युवती से प्रेम करने लगती है। समलैंगिकता के विषय पर बनी यह फिल्म भारत में पहली ऐसी फिल्म थी।

## एफसीआरएफ की रिपोर्ट में साइबर अपराध में वित्तीय धोखाधड़ी 77.41 प्रतिशत

**ग्रेटर नोएडा,**18 सितम्बर (देशबन्धु)। फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) ने भारत में प्रभाव डालने वाले साइबर अपराधों पर गहन अध्ययन किया है, जिसका शीर्षक 'ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया' है। यह जनवरी 2020 से जून 2023 तक के डेटा का विश्लेषण करती है। एफसीआरएफ के श्वेतपत्र में एक महत्वपूर्ण बयान दिया गया है कि इस अवधि के दौरान कुल रिपोर्ट किए गए साइबर अपराधों में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का हिस्सा 77.41 प्रतिशत है। यह साइबर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और व्यक्तियों और संगठनों दोनों के बीच जागरूकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है। एफसीआरएफ की रिपोर्ट साइबर अपराधों को अलग-अलग समूहों में वर्गीकृत करती है, जो इस प्रकार हैं-

**ऑनलाइन सोशल मीडिया पर अपराध 12.02 प्रतिशत :** इस श्रेणी में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इस डोमेन की उपश्रेणियों में प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी, साइबरबुलिंग, सेक्सटिंग, ईमेल फिशिंग आदि शामिल हैं। जबकि साइबर-धमकी और प्रतिरूपण करके धोखा देना महत्वपूर्ण प्रतिशत के लिए जिम्मेदार थे, ईमेल से प्रभावित कर धोखा, गैरकानूनी कृत्यों के लिए जिम्मेदार थे, उनका तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव था।

**■ भारत में प्रभाव डालने वाले साइबर अपराधों पर फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन ने किया अध्ययन**

**ऑनलाइन आर्थिक धोखा (77.41 प्रतिशत) :** यह श्रेणी एक प्रमुख चिंता का विषय है, जो ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों को कवर करती है। उपश्रेणियों में डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, व्यवसायिक ईमेल समझौता, इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित धोखाधड़ी और चिंताजनक रूप से प्रचलित यूपीआई धोखाधड़ी शामिल हैं। ये आंकड़े ऑनलाइन किए गए वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

**कम्प्यूट को डैमेज करके हैकिंग( 1.57 प्रतिशत :** एफसीआरएफ की रिपोर्ट कंप्यूटर सिस्टम को हैक करना और क्षति पहुंचाने की श्रेणी की भी पड़ताल करती है। अनधिकृत पहुंच/डेटा उल्लंघन, ईमेल हैकिंग, और वेबसाइट विरूपण/हैकिंग जैसी उपश्रेणियां पर साइबर अपराधियों द्वारा डिजिटल बुनियादी ढांचे को चिन्हित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले विविध तरीकों पर प्रकाश डालती हैं।

**अन्य उल्लेखनीय श्रेणियां (कुल 9 प्रतिशत) :** एफसीआरएफ की रिपोर्ट कई अन्य साइबर अपराध श्रेणियों पर प्रकाश डालती है, जिनमें ऑनलाइन साइबर तस्करी, ऑनलाइन जुआ, रैंसमवेयर, क्रिप्टोकरेंसी अपराध और साइबर आतंकवाद शामिल हैं। ये श्रेणियां सामूहिक रूप से भविष्य के संभावित खतरों के खिलाफ साइबर सुरक्षा जागरूकता और योजना की महत्वता पर जोर देती हैं। भारत में साइबर अपराध पर विश्लेषण में, एफसीआरएफ का श्वेतपत्र डिजिटल खतरों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील शीर्ष 10 जिलों की पहचान करता है। ये जिले देश में दर्ज की गई साइबर अपराध की 80 प्रतिशत घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। इस सूची में सबसे आगे भरतपुर है, जहां 18 प्रतिशत घटनाएं होती हैं, इसके बाद मथुरा 12 प्रतिशत और नूंह 11 प्रतिशत है।

-भारत में साइबर अपराधों के बदलते परिदृश्य को समझना कानून प्रवर्तन एजेंसियों, व्यक्तियों, व्यवसायों और नीति निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण है। यह रिपोर्ट न केवल साइबर अपराधों के वितरण पर प्रकाश डालती है बल्कि इसकी आवश्यकता को भी रेखांकित करती है।

**-हर्षवर्द्धन सिंह, सह-संस्थापक, एफसीआरएफ**

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## रुपया 19 पैसे लुढ़का

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 19 पैसे लुढ़ककर 83.35 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.16 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया छह पैसे उठकर 83.10 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस को उच्चतम स्तर पर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली से यह 83.35 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद हुआ।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59820 |
| बिटुर | 54850 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 47,600 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 71,900 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 82.98 | 83.20 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1500-1850 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## मुंबई हवाईअड्डे पर देर से पहुंचे यात्री जोड़े और इंडिगो चालक दल के बीच तीखी नोकझोंक, वीडियो वायरल

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक हालिया वीडियो के मुताबिक, बोर्डिंग के लिए देर से पहुंचने के कारण मुंबई हवाईअड्डे पर एक जोड़े को इंडिगो एयरलाइन के चालक दल के साथ तीखी बहस करते हुए देखा गया। फुटेज के अनुसार, दंपति को अहमदाबाद के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन वे समय पर बोर्डिंग गेट तक पहुंचने में असफल रहे। 70 सेकंड का यह क्लिप 16 सितंबर को घरकेकलेश नाम के एक्स हैंडल द्वारा साझा किया गया था। इसमें हो रही गर्मागर्म बहस को 95 हजार से अधिक बार देखा गया।

एक दर्शक द्वारा रिकॉर्ड किया गया वीडियो उस व्यक्ति द्वारा एयरलाइन कर्मियों का मुखर रूप से विरोध किए जाने से शुरू होता है, जिसमें कैप्शन लिखा है : 'एक इंडिगो कर्मचारी और एक जोड़े के बीच कलह, जो मुंबई हवाईअड्डे पर बोर्डिंग के लिए देर से आ रहे हैं।' वीडियो में पुरुष, एक महिला और एक छोटा यात्री, संभवत: उनका बच्चा, बोर्डिंग गेट नंबर 50 के पास अपने केबिन बैग पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अहमदाबाद के लिए उड़ान का संकेत देता है।




- **70 सेकंड का यह क्लिप 16 सितंबर को घरकेकलेश नाम के एक्स हैंडल द्वारा साझा किया गया था**
- **यह क्लिप 95 हजार से अधिक बार देखा गया**

ग्राउंड स्टाफ सदस्य, जो उनके गुस्से का निशाना है, फोन पर बातचीत करते हुए बातचीत में शामिल होने का प्रयास करता दिखाई देता है।

वीडियो क्लिप के आधार पर घटना का सटीक विवरण अस्पष्ट है। फुटेज को बोर्डिंग गेट के आसपास बैठे एक व्यक्ति द्वारा फिल्माया गया था और यह अज्ञात है कि क्या युगल अंततः उड़ान में चढ़ने में कामयाब रहे या क्या उन्हें वास्तव में उतार दिया गया था। एयरलाइन ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## बायजूस ने नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का बकाया चुकाने में 'देरी' पर खेद जताया

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एडटेक प्रमुख बायजूस ने सोमवार को कहा कि वह 'कठिन व्यवसाय पुनर्गठन' के बीच नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का पूरा और अंतिम बकाया जल्द ही चुका देगी। एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसे 'पूर्व कर्मचारियों के बकाया भुगतान में देरी के लिए खेद है और स्वीकार करती है। इसमें कहा गया है, 'जैसा कि हम एक कठिन व्यवसाय पुनर्गठन के माध्यम से काम कर रहे हैं, हम अपने सभी दायित्वों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' जैसा कि मीडिया में बताया गया है, बर्खास्त कर्मचारियों को एक ईमेल में दी गई नई समयसीमा के अनुसार, वे अब 17 नवंबर तक अपना बकाया भुगतान प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं, जबकि पहले 15 सितम्बर की समय-सीमा थी। ईमेल में लिखा है, 'आपको सूचित किया जाता है कि पूर्ण और अंतिम निपटान राशि 17 नवंबर 2023 तक जारी कर दी जाएगी। असुविधा के लिए हमें खेद है।'

बायजूस ने इस साल जून में मेंटरिंग, लॉजिस्टिक्स, ट्रेनिंग, सेल्स, पोस्ट-सेल्स और फाइनेंस सहित विभिन्न विभागों से लगभग 1,000 कर्मचारियों को निकाल दिया। इस बीच, एडटेक प्रमुख 80 करोड़ से 1 अरब डॉलर रकम जुटाने के लिए एपिक और ग्रेट लर्निंग जैसी अपनी कुछ सहायक कंपनियों को बेचने पर विचार कर रही है। ऐसी खबरों के बीच कि कंपनी ने अपने बकाया 1.2 अरब डॉलर टर्म लोन बी (टीएलबी) को चुकाने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, बायजूस यूएस-आधारित किड्स लर्निंग प्लेटफॉर्म एपिक से 40 से 50 करोड़ डॉलर तक जुटाने की योजना बना रहा है, जिसे उसने मई 2022 में लगभग 50 करोड़ डॉलर में अधिग्रहीत किया था। सूत्रों ने कहा कि एडटेक प्रमुख शिक्षा और अपस्किलिंग फर्म ग्रेट लर्निंग को बेचने और 500 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाने पर भी विचार कर रही है।

ऐसी खबरें भी सामने आई कि कंपनी प्रस्ताव स्वीकार होने पर तीन महीने के भीतर 30 करोड़ डॉलर का कर्ज चुकाने की पेशकश कर रही है, जबकि शेष राशि अगले तीन महीनों में चुकाएगी। कथित तौर पर ऋणदाता बायजू स के प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं।

## चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष में 16 सितम्बर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़कर 865117 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 700416 करोड़ रुपए की तुलना में 23.51 प्रतिशत अधिक है। आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8,65,117 करोड़ रुपए में कारपॅरेट कर (सीआईटी) 4,16,217 करोड़ रुपए और प्रतिभूति लेनदेन कर सहित व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) 447291 करोड़ रुपए रहा है। इस अवधि में प्रत्यक्ष कर का सकल संग्रह 9,87,061 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8,34,469 करोड़ रुपए की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम कर संग्रह 3,55,481 करोड़ रुपए जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 2,94,433 करोड़ रुपए रहा था। चालू वित्त वर्ष में अब तक 121944 करोड़ रुपए का रिफंड किया जा चुका है।




## एलआईसी कर्मचारियों को मिलेगा पारिवारिक पेंशन, एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने सोमवार को एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन की घोषणा की।

इसने एलआईसी एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा को तीन लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया है। एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा करते हुए, वित्त मंत्रालय ने कहा कि इससे एलआईसी एजेंटों की कामकाजी स्थिति और लाभों में पर्याप्त सुधार आएगा। एजेंटों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवर को भी मौजूदा सीमा तीन हजार - 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार - डेढ़ लाख रुपए कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि टर्म इंश्योरेंस में इस बढ़ोतरी से मृत एजेंटों के परिवारों को काफी फायदा होगा, जिससे उन्हें अधिक कल्याणकारी लाभ मिलेगा। सरकार ने पुनर्नियुक्त एजेंटों को नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र बनाने में भी सक्षम बनाया है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधान हुआ है।





- **सरकार ने सोमवार को एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन की घोषणा की**

वर्तमान में, एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी के तहत पूरे किए गए किसी भी व्यवसाय पर नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं। एक बयान में कहा गया है कि 13 लाख से अधिक एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी, जो एलआईसी के विकास और भारत में बीमा पैठ को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इन कल्याणकारी उपायों से लाभान्वित होंगे। कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और पारिवारिक पेंशन की एक समान दर सहित अन्य से संबंधित हैं।

## गयारह दिन की तेजी गंवाकर लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्वीडन, स्विटजरलैंड और जापान में केंद्रीय बैंक की बैठकों से भरे इस सप्ताह से पहले विकास संबंधी चिंताओं को लेकर विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, आईटी, रियल्टी और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार पिछले लगातार दिन की तेजी गंवाकर लुढ़क गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 241.79 अंक की गिरावट लेकर 67596.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 59.05 अंक टूटकर 20133.30 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत उतरकर 32,418.81 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत लुढ़ककर 37,601.16 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2082 में बिकवाली जबकि 1695 में लिवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 26 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 24 तेजी पर रही।

बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.96, ऊर्जा 0.03, वित्तीय सेवाएं 0.45, हेल्थकेयर 0.61, इंडस्ट्रियल्स 0.19, आईटी 0.78, दूरसंचार 1.86, बैंकिंग 0.45, धातु 0.89, रियल्टी 1.27, टेक 0.92 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.74 प्रतिशत लुढ़क गये। विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31, जर्मनी का डैक्स 0.59 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.39 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 1.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की तेजी रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 173 अंक की गिरावट लेकर 67,665.58 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से दोपहर तक 67,803.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,532.83 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,838.63 अंक के मुकाबले 0.36 प्रतिशत टूटकर 67,596.84 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 36 अंक फिसलकर 20,155.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,195.35 अंक के उच्चतम जबकि 20,115.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,192.35 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत उतरकर 20,133.30 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एचडीएफसी बैंक 1.98, भारती एयरटेल 1.71, इंफोसिस 1.40, अल्ट्रासिमको 1.36, टाटा स्टील 1.21, विप्रो 1.17, कोटक बैंक 1.02, रिलायंस 0.98, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.58, टेक महिंद्रा 0.58, सन फार्मा 0.33, आईसीआईसीआई बैंक 0.19, एक्सिस बैंक 0.18 और मारुति 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 3.01, टाइटन 2.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.65, एनटीपीसी 2.07, बजाज फिनसर्व 1.35, टाटा मोटर्स 1.02, एसबीआई 0.93, आईटीसी 0.78, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.71, बजाज फाइनेंस 0.70, एशियन पेंट 0.67, नेस्ले इंडिया 0.65, एलटी 0.30, इंडसइंड बैंक 0.28 और टीसीएस ने 0.14 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 25 सितम्बर को खुलेगा

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। जेएसडब्ल्यू समूह की वाणिज्यिक बंदरगाह संचालन करने वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का पूंजी बाजार से 2800 करोड़ रुपए जुटाने का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 सितंबर को खुलेगा। कंपनी के सीईओ ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि दो अंकित मूल्य के एक शेयर का मूल्य दायरा 113 रुपए से 119 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह आईपीओ 27 सितंबर को बंद होगा। इसके लिए निवेशक न्यूनतम 126 शेयर की बोली लगा सकेंगे और इसी गुणांक में आगे शेयर जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बंदरगाह से संबंधित बुनियादी ढांचे वाली कंपनी है जिसे एंकर ग्राहक के रूप में जेएसडब्ल्यू ग्रुप से प्रारंभिक कार्गो मिला। ग्रुप के ग्राहकों के साथ साझेदारी के अलावा, अपनी विकास रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिए, कंपनी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीसरे पक्ष के ग्राहकों को शामिल करने के लिए अपने ग्राहक आधार में विविधता लाई है और अपने कार्गो का विस्तार किया है। 30 जून, 2023 तक, कंपनी की स्थापित कार्गो हैंडलिंग क्षमता 15.84 करोड़ टन प्रति वर्ष थी। कंपनी अपने ग्राहकों को कार्गो हैंडलिंग, भंडारण समाधान, लॉजिस्टिक्स सेवाओं और अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं सहित समुद्र से संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के संचालन का विस्तार मोर्मुगाओ, गोवा में एक बंदरगाह सुविधा से 2004 में संचालन शुरू किया, से 30 जून, 2023 तक नौ बंदरगाह सुविधाओं तक हुआ। इसकी महाराष्ट्र में स्थित गैर-प्रमुख बंदरगाहों और पश्चिमी तट पर गोवा और कर्नाटक के औद्योगिक क्षेत्रों और पूर्वी तट पर ओडिशा और तमिलनाडु के प्रमुख बंदरगाहों पर स्थित बंदरगाह टर्मिनल के साथ पूरे भारत में विविध उपस्थिति है।

## सार संक्षेप

### भारत का सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है आईटेल, कीमत 10 हजार से भी कम

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन पर देश में 10,000 रुपए से भी कम कीमत पर आईटेल मोबाइल इंडिया भारत का एकमात्र 5जी-सक्षम स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है। सूत्रों ने सोमवार को आईएएनएस को बताया कि बहुप्रतीक्षित 5जी मार्वेल, आईटेल पी55 5जी जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। पिछले साक्षात्कारों में, आईटेल के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने 2023 में 5जी स्मार्टफोन के लॉन्च की ओर इशारा किया था। पी55 5जी के अनावरण के साथ, अब यह वास्तव में लॉन्च होने वाला है। भारतीय बाजार में शुरूआत से ही आईटेल सभी के लिए टेक्नोलॉजी पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। 5जी की आवश्यकता को पहचानते हुए ब्रांड एक कुशल और शक्तिशाली स्मार्टफोन लेकर आ रहा है जो भारत के लिए बजट के अनुकूल है। आने वाला स्मार्टफोन न केवल सीमाओं को आगे बढ़ाने का वादा करता है बल्कि 10,000 रुपए में आईटेल के प्रभुत्व को भी बढ़ाने का वादा करता है। उनका नया ब्रांड विज़न, हैशटैग जोड़े इंडिया का हर दिल आईटेल प्रौद्योगिकी की शक्ति के माध्यम से प्रत्येक भारतीय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उनकी प्रतिबद्धता के बारे में बहुत कुछ बताता है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, आईटेल ने पहले ही 8,000 रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में लाखों लोगों के दिलों पर कब्जा किया है। पहली बार खरीदने वालों में रिपीट यूजर्स का अनुपात सबसे ज्यादा है।

### फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लॉन्च

नई दिल्ली। पेयपदार्थ फ्रेस्का जूस ने अपना नया उत्पाद फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लांच करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लगातार हलचल भरे भारतीय बाजार में इस उत्पाद के साथ धूम मचाने की तैयारी है। अल्फांसो आम के स्वाद के साथ 200 मिलीलीटर का एसेप्टिक पैक वाला फ्रेस्का गोल्ड आम का रस उतरा गया है। दरअसल, भारत का फ्रेट ड्रिंक एवं फ्रेट जूस मार्केट 15 हजार करोड़ रुपए का है। कंपनी ने कहा कि वह सिर्फ नाम के लिए इस बाजार में नहीं है बल्कि वह यहां अपनी अलग पहचान बनाने आयी है। उसने कहा कि क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी दूसरा ब्रांड अविश्वसनीय कीमत पर इतनी उच्च गुणवत्ता वाला आम रस मुहैया नहीं करा पा रहा है। लेकिन यह अपनेआप में कंप्लीट पैकेजिंग है। इसका कीटाणुनाशक लेमिनेटेड कार्टन कलर पैक बाजार में पहली बार आया है। इसकी पैकिंग पर होलोग्राफिक स्टैम्पिंग वाला मैजिक है, जो ग्राहकों के लिए प्रामाणिकता और सुरक्षा की गारंटी है और उन्हें आम का रस खरीदने के लिए बाध्य करेगा। उसने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों और 5 लाख से अधिक खुदरा दुकानों तक फैले वितरण नेटवर्क के साथ फ्रेस्का गोल्ड आम का रस जल्द ही राजसी कश्मीर से लेकर जीवंत वाराणसी तक हर घर का पसंदीदा बन जाएगा।

## अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिरे

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गये वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 59 रिंगिट गिरकर 3670 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट के साथ 61.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गये। मूंगफली तेल 220 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए और वनस्पति तेल 267 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 220 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में टिकाव रहा।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने देश में निवेश दोगुना करने की फॉक्सकॉन की योजना का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता दोगुनी करने की ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज फॉक्सकॉन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समर्थन करने के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' है। इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में अनुबंध पर सबसे बड़ी निर्माता फॉक्सकॉन चीन के बाहर एक वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भारत मे अवसर तलाश रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के अवसर पर फॉक्सकॉन इंडिया के प्रतिनिधि वी ली के लिंक्डइन पोस्ट के जवाब में वैष्णव ने एक्स पर कहा, 'समर्थन और सुविधा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध, जिसमें उन्होंने कहा था कि कंपनी ने 'भारत में रोजगार, एफडीआई (विदेशी प्रत्यक्ष विदेशी) और व्यवसाय के आकार को अगले एक साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।' फॉक्सकॉन ऐप्पल आईफोन का मुख्य असेंबलर है और दोनों कंपनियां चीन से दूर जाकर वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला बनाने की इच्छुक हैं। दक्षिण चीन सागर में अपनी सैन्य ताकत और दुनिया भर में जीवन और आजीविका को नष्ट करने वाली कोविड-19 महामारी के प्रसार में संदिग्ध भूमिका के कारण कम्युनिस्ट दिग्गज अलग-थलग पड़ गया है।




फॉक्सकॉन के पास पहले से ही तमिलनाडु में एक आईफोन फैक्ट्री है, जिसमें 40 हजार लोग कार्यरत हैं और उसने राज्य में एक नई इलेक्ट्रॉनिक्स घटक इकाई में 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे छह हजार नौकरियां पैदा होंगी। कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि वह तेलंगाना में अपनी विनिर्माण सुविधा में अतिरिक्त 3,300 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इससे राज्य में कंपनी का कुल निवेश 4,550 करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगा। फॉक्सकॉन इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एफआईटी) द्वारा स्थापित की जा रही आगामी इकाई, एप्पल एक्सेसरीज़ का निर्माण करेगी और हैदराबाद के बाहरी इलाके कोंगारा कलां में स्थित है। इसके अलावा, कंपनी ने अगस्त में यह भी घोषणा की थी कि वह कर्नाटक में आईफोन के लिए केसिंग कंपोनेंट और चिप बनाने वाले उपकरण बनाने के लिए राज्य में दो परियोजनाओं के लिए पांच हजार करोड़ रुपए (60 करोड़ डॉलर) का निवेश करेगी। फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने हाल ही में वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए आयोजित सेमीकॉनइंडिया 2023 कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था, जिसका उद्घाटन हाल ही में गांधीनगर में नरेंद्र मोदी ने किया था। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष ने कार्यक्रम में कहा, 'मैं भारत सरकार के दृढ़ संकल्प को महसूस कर सकता हूं।

# खेल जगत

## चोटिल खिलाड़ियों को लेकर रोहित का दावा अश्विन भी वर्ल्ड कप प्लान का हिस्सा

**कोलंबो,** 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के विश्व कप की तैयारियों को लेकर अपने कई साथियों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने पूरा विश्वास जताया कि टीम टूर्नामेंट से पहले सभी पूरी तरह फिट हो जाएंगे। एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के लिए काफी मजबूत होने के बावजूद कप्तान को कई प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खल रही थी। इसके अतिरिक्त, घरेलू विश्व कप अभियान के लिए टीम कॉम्बिनेशन अब तक तय नहीं हुआ है। टीम के कप्तान 8 अक्टूबर को विश्व कप के पहले मैच से पहले ऑलराउंडर अक्षर पटेल और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के पूरी तरह से ठीक होने को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर कुछ समय के लिए टीम से बाहर रह सकते हैं। रोहित के हवाले से कहा गया, ऐसा लगता है कि उनके ठीक होने में शायद एक सप्ताह या दस दिन लगेंगे।



# हैरी ब्रूक वो बल्लेबाज हैं, जिसकी इंग्लैंड को वर्ल्ड कप के लिए तलाश थी : मोंटी पनेसर





नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लिश टीम के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि जेसन रॉय की जगह हैरी ब्रूक को विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया क्योंकि यह युवा खिलाड़ी, वो बल्लेबाज है, जिसकी डिफेंडिंग चैंपियन को तलाश थी। रविवार को इंग्लैंड ने विश्व कप के लिए ब्रूक को अपनी अंतिम 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया, जबकि रॉय को शामिल नहीं किया गया। ब्रूक पिछले महीने नामित इंग्लैंड की अस्थायी 15 सदस्यीय टीम से बाहर हो गए थे। हालांकि, कई दिग्गजों ने छोटे प्रारूपों में उनके जबरदस्त फॉर्म के आधार पर उन्हें शामिल करने की मांग की थी।

पनेसर ने स्काई स्पोर्ट्स न्यूज से कहा, हैरी ब्रूक जब अस्थायी विश्व कप टीम में नहीं थे तो उनका रवैया वास्तव में अच्छा और पॉजिटिव था। उन्होंने द हंड्रेड टूर्नामेंट में 100 रन बनाए, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान उन्होंने 50 रन बनाए, जो उनका सही रवैया दिखाता है। मुझे लगता है कि उनका खेल स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के लिए अधिक उपयुक्त है और भारत में पिचों की धीमी प्रकृति के साथ, वह शीर्ष छह में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

33 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। पनेसर का मानना है कि इंग्लैंड भारत में अपने वनडे विश्व कप की रक्षा के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। इंग्लैंड अपने विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा। दस टीमों का टूर्नामेंट फाइनल के साथ समाप्त होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में आयोजित होगा।

## जोफ्रा आर्चर वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम में होंगे रिजर्व खिलाड़ी : ल्यूक राइट

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत में विश्व कप के रिजर्व के रूप में इंग्लैंड टीम के साथ यात्रा करेंगे। टीम के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने इसकी पुष्टि की है। चोटिल जोफ्रा आर्चर का नाम रविवार को घोषित इंग्लैंड की अंतिम 15 खिलाड़ियों की विश्व कप टीम में शामिल नहीं है। हालांकि, इस मामले में एक बड़ा अपडेट यह है कि वो टीम के साथ यात्रा करेंगे। ईसीबी के बयान के अनुसार, जोफ्रा के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि वह टीम के साथ यात्रा करें। अपने पुनर्वास के साथ काम करते रहें। फिजियो और टीम के आसपास रहें। वो इस तरह अपनी फिटनेस पर काम कर सकेंगे और सबसे बड़ी बात की टीम के साथ रहेंगे, जिससे उन्हें वापसी करने में मदद मिलेगी। आर्चर उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप जीता था, जहां उन्होंने प्रतियोगिता में टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के अलावा एक रोमांचक सुपर ओवर फेंका था। वह वर्तमान में चोट के बाद अपने पुनर्वास पर काम कर रहे हैं, तब से उनका करियर ज्यादा अच्छा नहीं रहा। उन्होंने साउथ अफ्रीका टी20 लीग के अलावा इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के दौरे पर इंग्लैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी की थी। लेकिन, लगातार कोहनी और पीठ की चोटों से उबरने के बाद उन्हें बार-बार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि उन्हें आईपीएल 2023 का कार्यकाल जल्दी समाप्त कर दिया था। इंग्लैंड अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा। दस टीमों का यह मेगा टूर्नामेंट 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के साथ समाप्त होगा।

# प्रशंसकों का जुनून विश्व कप जीतने के इरादे को करता है मजबूत : विराट कोहली

**कोलंबो** 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि देश में क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्थन एक बार फिर विश्व कप ट्राफी घर लाने के भारतीय टीम के इरादे को मजबूती प्रदान करता है।

क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जायेगा। कोहली ने कहा, हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं। मैं इस अविश्वसनीय अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हम अपने प्रशंसकों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला रवींद्र जड़ेजा ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में यह जानने से अधिक प्रेरणादायक कुछ भी नहीं है कि लाखों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं, आपकी सफलता के लिए जयकार कर रहे हैं। यह अभियान टीम इंडिया को जीतते देखने के लिए हमारे प्रशंसकों के गहरे जुनून और जुनून को दर्शाता है। यह एक यात्रा है हम पूरे देश के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं, और हम मैदान पर अपने प्रदर्शन से अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।टीम इंडिया ने अपने वनडे विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को प्रतिष्ठित एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक महा मुकाबले से करेगी। इसके बाद मेजबान टीम नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में से भिड़ेगा। कपिल देव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहली बार विश्व कप ट्राफी 1983 में वेस्टइंडीज को हरा कर उठायी थी जबकि आखिरी बार महेन्द्र सिंह धोनी के लड़ाकों ने भारत को एक बार फिर विश्वकप जिता कर भारत को क्रिकेट का सिरमौर बनाया था।



**हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं : विराट कोहली**

## वर्ल्ड कप के पहले हॉफ से ट्रेविस हेड बाहर, लाबुशेन की वापसी

**जोहान्सबर्ग,** 18 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 2-3 से हार के बाद कहा कि इन फॉर्म बल्लेबाज ट्रेविस हेड चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान बल्लेबाजी करते हुए हेड की उंगली में चोट लग गई थी। बताया जा रहा है कि उनकी उंगली में फ्रै. र है, जिससे उबरने में उन्हें करीब एक महीने का समय लगेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने इसकी पुष्टि की। एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने बताया कि चौथे वनडे के दौरान हेड के बाएं हाथ के उंगली में फ्रै. र है, हालांकि उन्हें सर्जरी की आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए, वो भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप के पहले भाग में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उसे ठीक होने में करीब एक महीना लगेगा। मैकडॉनल्ड ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह फ्रंट हाफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, इसलिए अंतिम 15 खिलाड़ियों के लिए हमें निर्णय लेना होगा। लेकिन मैं आपको सटीक समय सीमा नहीं दे सकता। हेड की जगह मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है जो इन दिनों शानदार फॉर्म में हैं। मैकडॉनल्ड्स ने लेबुशेन की विश्व कप उम्मीदों के बारे में कहा, मैं चयन पैनल की ओर से बात नहीं कर सकता और उसे विश्व कप 15 में शामिल नहीं कर सकता, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसकी संभावना दिख रही है। टीमें 28 सितंबर की समयसीमा तक अपनी विश्व कप टीम में बदलाव कर सकती हैं।

# भारत की हॉकी टीम एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय (2771 अंक) पुरुष हॉकी टीम बीते महीने अपने घर चेन्नै में अजेय रह कर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी 2023 खिताब जीत इंग्लैंड (2745 अंक) को पीछे छोड़ छोड़ एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व रैंकिंग में मई 2022 के एक बरस से भी बाद फिर वापस तीसरे नंबर पहुंच गई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल सहित छह मैच जीते बस एक मैच जापान के खिलाफ मैच ड्रॉ खेला। एफआईएच ने पुरुष और महिला हॉकी विश्व रैंकिंग की घोषणा सोमवार को की,

वहीं भारत (2325 अंक) की महिला हॉकी टीम स्पेन (2173 अं) को एक पायदान पीछे छोड़ एफआईएच महिला विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि नीदरलैंड(3422 अंक) की महिला हॉकी टीम यूरो महिला हॉकी चैंपियनशिप जीत शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया(2818 अंक) की महिला टीम दूसरे और अर्जेंटीना (2767 अंक) तीसरे स्थान पर है। (जर्मनी (2574 अंक) की महिला हॉकी टीम चौथे और बेल्जियम (2609)पांचवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड(2001 अंक) नौवें और जापान (1900 अंक) दसवें स्थान और चीन(1894 अंक) अंक 11 वें स्थान पर है।



इंग्लैंड की पुरुष हॉकी टीम यूरो हॉकी चैंपियनशिप में नीदरलैंड से फाइनल में 1-2 से हार गई । नीदरलैंड (3113 अंक) की पुरुष हॉकी टीम यूरो हॉकी खिताब बरकरार रख कर शीर्ष पर बरकरार है ही उसने इससे पहले एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग खिताब खिताब जीता ही उसने भारत में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में कांसा भी जीता था। वहीं पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की उपविजेता बेल्जियम (2989 अंक) के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के तीसरे स्थान पर छलांग लगाने से इंग्लैंड की पुरुष टीम चौथे स्थान पर खिसक गई। विश्व कप चैंपियन जर्मनी (2689 अंक) की पुरुष टीम पांचवें, ऑस्ट्रेलिया (2544 अंक) छठे स्थान पर बरकरार हैं जबकि अर्जेंटीना (2350 अंक) स्पेन (2347 अंक) से एक पायदान उपर सातवें स्थान र है। वहीं फ्रांस (2052अंक ) की टीम नौवें और मई ,2022 के बाद बाद पुरुष वर्ग मे दसवें स्थान पर पहुंच गई। मलयेशिया (2041)की पुरुष टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से फाइनल में हार कर दसवें स्थान पर बरकरार है। दक्षिण कोरिया (1932) की टीम 12 वें तथा न्यूजीलैंड (1938 अंक) टीम 11वें स्थान पर है।

## सार संक्षेप

### ईरान, अमेरिकी पहलवानों ने विश्व चैंपियनशिप-2023 में स्वर्ण पदक जीते

**बेलग्रेड।** संयुक्त राज्य अमेरिका के डेविड मॉरिस टेलर और ईरान के अमीर हुसैन अब्बास ज़ारे ने बेलग्रेड, सर्बिया में 2023 कुश्ती चैंपियनशिप में क्रमशः 86 किग्रा और 125 किग्रा ओलंपिक फ्रीस्टाइल श्रेणियों में जीत हासिल की। विश्व चैंपियन डेविड मॉरिस टेलर ने रविवार को पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन ईरान के हसन अलियाज़म यज़दानिचराती को 9-3 से हराकर अपना 86 किग्रा फ्रीस्टाइल खिताब पर एक बार फिर कब्जा किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार,125 किग्रा फ्रीस्टाइल में एक अन्य ओलंपिक कुश्ती वर्ग, जॉर्जिया के विश्व नंबर-2 जेनो पेट्रीशविली ज़ेरे से 11-0 से हार गए। गैर-ओलंपिक श्रेणियों में, अमेरिकी चैंपियन विटाली अरुजाउ ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन रूस के अबासगादज़ी मैगोमेदोव को 10-9 से हराया। 70 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में, दुनिया के नंबर-2 पहलवान संयुक्त राज्य अमेरिका के ज़ैन एलन रदरफोर्ड ने ईरान के अमीर मोहम्मद बाबाक यज़दानिचेराती को 8-5 से हराकर खिताब हासिल किया। बेलग्रेड में 2023 कुश्ती चैंपियनशिप 16 से 24 सितंबर तक चलेगी।

### विश्व कप से पहले एनरिक नॉर्टजे और सिसंदा मगाला को देना होगा फिटनेस टेस्ट

**जोहान्सबर्ग।** भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप-2023 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे और सिसंदा मगाला की उपलब्धता इस सप्ताह फिटनेस टेस्ट के बाद निर्धारित की जाएगी। इस तेज गेंदबाजों की जोड़ी को वर्ल्ड कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआती 15 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था, लेकिन तब से उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया पर हाल ही में 3-2 वनडे सीरीज की जीत में केवल एक-एक मैच खेला, क्योंकि नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी है, वहीं मगाला को बाएं घुटने में चोट लगी है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, उनके शामिल किए जाने पर अंतिम फैसला 23 सितंबर को दक्षिण अफ्रीका के भारत रवाना होने से पहले लिया जाएगा, शुरुआती संकेतों में कहा गया है कि दोनों पर वनडे विश्व कप के लिए यात्रा नहीं करने का खतरा है। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, हम उन्हें वहां चाहते थे। विश्व कप में चोटिल खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने में मुश्किल होती है क्योंकि तब आपको बाहर होने के लिए कई कारण बताना होता है। यदि नॉर्टजे या मगाला में से कोई विश्व कप से चूक जाता है, तो दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एंडिले फेहलुकवायो को शामिल करने की सबसे अधिक संभावना है।

## एडम जाम्पा और स्टार्क होंगे भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा : अभिनव मुकुंद

**नई दिल्ली,** 18 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जाम्पा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क इस सप्ताह के अंत में भारत के साथ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा खतरा होंगे। विश्व कप से पहले, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। जो 22, 24 और 27 सितंबर को मोहाली, इंदौर और राजकोट में होगी।

विश्व कप में भारत का शुरुआती मैच भी 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। ऐसे में भारत के लिए वर्ल्ड कप की तैयारी को और पुख्ता करने का यह शानदार मौका है। एडम जाम्पा ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार वनडे मैचों में आठ विकेट लिए। हालांकि, सेंचुरियन में 416 रन बनाने के दौरान मेजबान टीम साउथ अफ्रीका ने इस गेंदबाज की खूब धुनाई की थी।



वहीं, जाम्पा ने भारत के खिलाफ 14 वनडे मैचों में 29.45 की औसत से 24 विकेट लिए हैं, जिसमें इस साल चेन्नई में लिए गए 4/45 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा भी शामिल है। दूसरी ओर, स्टार्क कमर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहने के बाद भारत के खिलाफ एक्शन में वापस आ रहे हैं। मुकुंद ने जियो सिनेमा पर कहा, मुझे लगता है कि एडम ज़ाम्पा और स्टार्क भारत के लिए सबसे बड़े ख़तरे होंगे। ज़ाम्पा ने जिस तरह से भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी की है, जरूरी नहीं कि वह आईपीएल में हो, लेकिन जब वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हैं, तो वह पूरी तरह से एक अलग खिलाड़ी होते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अगर उनके पास मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड हैं, तो मुझे लगता है कि एडम ज़ाम्पा और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने हमेशा भारत के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की है।

## गोल्फ : नेहा, त्वेसा, प्रणवी डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार

**गुरुग्राम,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में नेहा त्रिपाठी, महिला प्रो गोल्फ टूर के 13वें चरण के लिए कड़ी मेहनत करते हुए लगातार खिताब जीतने के लिए तैयार हैं। नेहा, जिन्होंने इस टूर पर पिछली तीन स्पर्धाओं में से दो में जीत हासिल की है और ऑर्डर ऑफ मेरिट की दौड़ में भी हैं।

इस सप्ताह मैदान में प्रणवी उर्स भी शामिल हैं, जो एशियाई खेलों के लिए खुद को तैयार कर रही हैं और त्वेसा मलिक, जिन्होंने दिखाया कि वह शानदार फिनिश के साथ खुद को फॉर्म में वापस ला रही हैं। पिछले सप्ताह के कार्यक्रम में नेहा और त्वेसा दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया था और प्रणवी उर्स के जुड़ने से इसमें और उत्साह आएगा।



इस आयोजन का इस मायने में भी काफी महत्व है कि भारतीय खिलाड़ियों को डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब का अच्छा नजारा देखने को मिलेगा, जो अगले महीने हीरो महिला इंडियन ओपन की मेजबानी करेगा। इस सीज़न के तीन बार के विजेताओं में से एक स्नेहा सिंह, लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और इस सप्ताह अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद कर रही हैं।

सहर अटवाल, जो खराब दौर से गुजर रही हैं, हिताशी बख्शी और खुशी खानिजौ भी अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगी। इस लिस्ट में महरीन भाटिया जैसे कुछ बेहद प्रतिभाशाली युवा एमेच्योर भी शामिल हैं, जो इस सीज़न में यूएस किड्स गोल्फ यूरोपियन और यूएस किड्स वर्ल्ड चैंपियनशिप के टॉप -3 में रहे। अन्य युवा शौकीनों पर नज़र रखने लायक ज़ारा आनंद और लावण्या जादोन, जन्नेया ए दासन्नी और स्मृति भार्गव होंगे।

# एशियाई खेलों में कामयाब होने के लिए हम मौकों को पूरी भुनाने के मकसद से उतरेंगे : शॉपमैन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 सितंबर (देशबन्धु)। शुएर्ड मराइन के मार्गदर्शन में भारतीय महिला हॉकी टीम के 2020 के टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद अपना पद छोडने के बाद नीदरलैंड की ही यांकी शॉपमैन ने टीम के चीफ कोच की जिम्मेदारी संभाली। अब शॉपमैन पर भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने मार्गदर्शन में हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों स्वर्ण पदक जिता सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की जिम्मेदारी है। शॉपमैन ने हॉकी ते चर्चा के दौरान हांगजू एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारियों, दबाव , उम्मीदों और संभावनाओं की बाबत चर्चा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि एशियाई खेलों में हमारी खिलाडियों की बतौर खिलाड़ी और टीम जेहनी सोच बड़ा फर्क पैदा करेगी। मैं इन एशियाई खेलों में भारतीय टीम के साथ पहली बार बतौर कोच जा रही हूं। मैंने अपनी टीम की खिलाडियों को यही समझाने पर जोर दिया है कि आप किसी भी टूर्नामेंट इस सोच के साथ उतरते हैं यह सबसे अहम है अथवा यह एक महज टूर्नामेंट हैं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह आपका यह पहला टूर्नामेंट है या आखिरी। बतौर खिलाड़ी आपके लिए अहम यह है कि आप जब टूर्नामेंट में खेलने उतर रहे हैं तो आपको मौकों को पूरी तरह भुनाना होगा और अपनी कूवत दिखानी होगी। एशियाई खेलों में कामयाब होने के लिए हम मौकों को पूरी भुनाने और अपनी कूवत दिखाने के मकसद से उतरेंगे। हम हांगजू एशियाई खेलों स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं। अहम रहेगा कि क्या हम दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और सामने हालात से निपट सकते हैं। हमने बीते महीनों इस बाबत चर्चा की है। हम टोक्यो ओलंपिक में छुपे रुस्तम के रूप में उतरे थे। हमें समझना अब हांगजू एशियाई खेलों में खिताब के दावेदार होने के क्या मायने हैं।' भारतीय महिला हांकी टीम एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ पूल ए में हैं। वहीं जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान, इंडोनेशिया की टीमें पूल बी में है। भारतीय महिला हॉकी टीम



अपने अभियान का आगाज सिंगापुर के खिलाफ अपने अभियान को आगाज करने के बाद 29 सितंबर को मलयेशिया, 1 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया और 3 अक्टूबर को हांगकांग से भिड़ेगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

यॉकी शॉपमैन ने कहा, हमने इस बाबत चर्चा की कि लोग हमें कैसे देखते हैं और उनकी इन एशियाई खेलों में हमारी इस टीम से क्या उम्मीदें हैं। हम इस बाबत भी चर्चा की एशियाई खेलों में कौन से ऐसे खतरे हैं जो हमारा ध्यान भटका हमारी गाड़ी पटरी से उतार सकते हैं। हमने यह भी चर्चा की कि इन सबसे हम कैसे निपट सकते हैं। अक्सर कई बार आपके आसपास इतना कुछ घट जाता है कि अब बतौर एक कोच और खिलाड़ी यह भूल जाते हैं कि आप केवल हॉकी खेलने आए हैं। आपके लिए अपनी इस यात्रा का लुत्फ उठाना भी अहम है। मुझे अपनी भारतीय महिला हॉकी टीम से एशियाई खेलों में जीतने की उम्मीद है। मुझे लगता है हम जीत सकते हैं लेकिन यही जिंदगी है शायद हम न भी लेकिन हम न भी जीते। हम यह जानते हैं कि हम वही कर सकते थे जो हमारे बस में है। हम जानते हैं कि हमें निजी और टीम के रूप में जितना अच्छा खेलने में सक्षम थे उतना खेले और तब हमें नतीजे को भी मानना होगा। मैं बतौर कोच भारतीय टीम की लड़कियों को बस यही समझाने की कोशिश कर रही हमें मैदान पर अच्छी हॉकी खेल कर दबाव से निकलने की राह तलाशनी होगी। वह बताती हैं, हम यदि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने में कामयाब रहे तो यह यह राष्ट्रीय शिविर में सभी 34 खिलाडियों की मेहनत पर मुहर होगी। जहां तक एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुनी 18 खिलाडियों की बात यह है तो हम इसमें केवल उन्हीं खिलाडियों को शामिल नहीं कर सकते जो पहले टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेल चुकी है। ऐसे में मैं टीम पर निगाह डालते यह तलाशने की कोशिश करती हूं कि चुनी गई हर खिलाड़ी की टीम के लिए क्या अहमियत है और ये सभी किस तरह एक दूसरे के साथ कितने बढियाा ढंग से तालमेल कर सकती है।

कुछ जूनियर खिलाड़ी बीते कुछ महीनों में बहुत बेहतर हुइ है और इसीलिए वह इस भारतीय टीम का अहम हिस्सा बन गई हैं। हमने एशियाई खेलों अपने लक्ष्य की बाबत चर्चा की लेकिन आखिर सब चर्चा दबाव और जिगरे पर आकर टिक जाती है। हमें इस बाबत कुछ नहीं मालूम है कि हांगजू एशियाई खेलों में खेल गांव कैसा होगा। हमें वहां किस तरह तरह की चुनौतियों का सामना करना होगा ।